नई दिल्ली
बुधवार, 23 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष-14
वर्ष : 29, अंक : 99
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 24

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



सावन शिवरात्रि की मंगलकामनाएं




ऑपरेशन सिंदूर के बाद आवक से बढ़ेगी सेना की युद्धक क्षमता पाकिस्तान से लगी पश्चिमी-सीमा पर होगी तैनाती

बोइंग द्वारा निर्मित हैं यह हेलिकॉप्टर, 2020 में भारत-अमेरिका के बीच 6 अपाचे की खरीद के लिए हुआ था 5691 करोड़ का समझौता

हेलिकॉप्टरों को अमेरिका से भारत लाने के लिए किया गया यूक्रेन के एएन-124 रुस्लान विमान का प्रयोग

# डेढ़ साल की देरी... अमेरिका ने भारत को सौंपा तीन अपाचे हेलिकॉप्टरों का पहला जत्था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमाओं पर बने हुए तनाव के बीच मंगलवार का दिन भारतीय सेना के इतिहास में मील के पत्थर के रूप में दर्ज हो गया है। क्योंकि अमेरिका की एयरोस्पेस क्षेत्र की दिग्गज कंपनी बोइंग से भारत को तीन अत्याधुनिक बहुउद्देशीय एएच-64ई अपाचे लड़ाकू हेलिकाप्टरों की पहली खेप मिल गई है। राजस्थान में पाकिस्तान से लगी पश्चिमी-सीमा के करीब जोधपुर में इनकी तैनाती की जाएगी। तय समझौते पर नजर डालने पर हालांकि अपाचे के स्वदेश पहुंचने में डेढ़ साल की देरी हुई है यानी पिछले साल के मध्य तक हेलिकॉप्टरों की आवक हो जानी चाहिए थी। लेकिन वैश्विक स्तर पर जटिल होते भू-राजनीतिक परिदृश्य और सप्लाई चेन में आई दिक्कत देरी के लिए जिम्मेदार ▶▶ शेष पेज 7 पर





## 2025 के अंत तक मिलेंगे बाकी 3 हेलिकॉप्टर

*अधिकारियों ने कहा, दोनों देशों के बीच 6 अपाचे हेलिकॉप्टरों की खरीद के लिए 2020 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में की गई भारत यात्रा के दौरान कुल करीब 5 हजार 691 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। तीन-तीन हेलिकॉप्टरों के दो बैच में इन्हें भारत को सौंपा जाना था। लेकिन शुरुआती 3 हेलिकॉप्टरों के भारत पहुंचने में काफी देरी हुई है। अब बाकी बचे हुए 3 हेलिकॉप्टरों के मौजूदा साल के अंत तक भारत को मिलने की संभावना है। 2020 वही साल है, जब बोइंग ने भारतीय वायुसेना को 22 ई- मॉडल वाले अपाचे हेलिकॉप्टरों की डिलीवरी संपन्न की थी। जिसके लिए सितंबर 2015 में बल ने अमेरिका की सरकार और बोइंग के साथ समझौता किया था। वायुसेना हेलिकॉप्टरों की दो स्क्वॉड्रन (पठानकोट, जोरहाट) संचालित कर रही है। अपाचे हेलिकॉप्टर को अमेरिका की सेना भी इस्तेमाल करती है।*

## यूक्रेन के विमान से हुआ भारत आगमन

*अमेरिका से इन तीनों हेलिकॉप्टरों को यूक्रेन की एंटोनोव एयरलाइंस के विशालकाय एंटोनोव एन-124 रुस्लान विमान के जरिए भारत लाया गया है। इस विमान की एक खास बात यह है कि इस पर 'बी ब्रेव लाइक बुचा' नारा लिखा हुआ था। जो रूस के आक्रमण के खिलाफ यूक्रेनी बुचा शहर की वीरता और प्रतिरोध को प्रदान की गई श्रद्धांजलि का प्रतीक है। दरअसल एंटोनोव एयरलाइंस ने अपने विमानों के बेड़े को यूक्रेन के उन शहरों को समर्पित किया है। जो रूस-यूक्रेन युद्ध में प्रभावित हुए हैं। ये विमान दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य परिवहन विमान है।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### दिल्लीः एयर इंडिया फ्लाइट में लगी आग

**नई दिल्ली।** हॉन्गकॉन्ग से दिल्ली आई एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 315 में दिल्ली में लैंड होने के बाद आग लग गई। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि लैंडिंग और गेट पर पार्क होने के तुरंत बाद सहायक पावर यूनिट में आग लग गई। घटना के दौरान विमान से यात्री उतर रहे थे और ऑटोमेटिक शटडाउन हो गया, जिससे स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया गया।





### 14 करोड़ का ड्रग्स जब्त ट्रक चालक गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा के खोवाई जिले में एक ट्रक चालक के पास मिले 14 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। असम राइफल्स और सीमा शुल्क विभाग के संयुक्त अभियान के दौरान तुईचंद्राईबारी में एक ट्रक की गहन तलाशी लेने पर 1,40,000 'याबा' टैबलेट बरामद हुए।



### स्वर्ण पदक जीतने वाले को मिलेंगे 7 करोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत ऐतिहासिक फैसला लिया है। दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने जानकारी दी है कि ओलंपिक में जीतने वाले विजेताओं को सरकार की ओर से कैश रिवॉर्ड को बढ़ा दिया गया है। सूद ने बताया कि ओलंपिक गेम्स में गोल्ड जीतने वाल खिलाड़ी को सात करोड़ रु. दिए जाएंगे।



*बिना किसी अपॉइंटमेंट के ही राष्ट्रपति भवन पहुंचकर त्यागपत्र सौंप आए*


# उपराष्ट्रपति धनखड़ के इस्तीफे से हैरानी... प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तम स्वास्थ्य की कामना की, हरिवंश मिले राष्ट्रपति से

नितिन गडकरी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, निर्मला सीतारमण समेत तमाम वरिष्ठ मंत्री भी इस मामले पर चुप हैं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मानसून सत्र के पहले दिन राज्यसभा में चेयरमैन की जिम्मेदारी संभालते हुए एकदम सामान्य दिख रहे जगदीप धनखड़ ने दिन खत्म होने से पहले इस्तीफा दे दिया। रात को अचानक एक्स पर इस्तीफे का ऐलान किया और बिना किसी अपॉइंटमेंट के ही राष्ट्रपति भवन पहुंचकर त्यागपत्र सौंप आए। इसके बाद पूरी रात चुप्पी रही और मंगलवार को लगभग दोपहर में पीएम नरेंद्र मोदी ने तीन लाइन की एक पोस्ट एक्स पर लिखी। उन्होंने लिखा- श्री जगदीप धनखड़ जी को भारत के उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का अवसर मिला है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। नितिन गडकरी, ▶▶ शेष पेज 7 पर



**संसद के मौजूदा मानसून सत्र में नए उपराष्ट्रपति का चुनाव होने की संभावना कम**

**सरकार इस सत्र में चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं करेगी**

**महाभियोग मामले में सरकार को न्यायपालिका के खिलाफ आक्रामक होकर खेलने का मौका नहीं मिल पाया**

### 2 कारण हैं चर्चाओं में

1 विपक्ष की ओर से जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को स्वीकार करने से सरकार असहज थी। सरकार चाहती थी कि विपक्ष के प्रस्ताव को इतनी जल्दी न स्वीकार किया जाए। इससे सरकार को न्यायपालिका के खिलाफ आक्रामक होकर खेलने का मौका नहीं मिल पाया।

2 विपक्ष का प्रस्ताव स्वीकार होने के बाद ही जो बैठक थी, उसमें केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और किरेन रिजिजू नहीं पहुंचे। इसके अलावा जगदीप धनखड़ को एक फोन आने की बात भी चल रही है। कहा जा रहा है कि इस तरह फोन पर विपक्ष के प्रस्ताव स्वीकार करने पर आपत्ति जताए जाने और फिर मंत्रियों के न पहुंचने से वह अपमानित महसूस कर रहे थे।

### अगला उपराष्ट्रपति कौन?...हरिवंश का नाम सबसे आगे

*भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की ओर से नए उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की घोषणा जल्द होने की संभावना है। इस रेस में सबसे मजबूत नाम राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह का माना जा रहा है। वे जनता दल (यूनाइटेड) के राज्यसभा सांसद हैं और 2020 से उपसभापति के तौर पर काम कर रहे हैं। हरिवंश सिंह को केंद्र सरकार का करीबी और भरोसेमंद चेहरा माना जाता है। भाजपा किसी राज्य के वर्तमान राज्यपाल को भी उम्मीदवार बना सकती है। कई विकल्प हैं और नाम को लेकर मंथन चल रहा है। धनखड़ से पहले एम. वेंकैया नायडू उपराष्ट्रपति थे और वह भी भाजपा के वरिष्ठ नेता रह चुके थे। इससे पहले के रुझानों को देखते हुए यह माना जा रहा है कि इस बार भी एनडीए एक ऐसा चेहरा सामने लाएगा, जो संगठनात्मक रूप से मजबूत और सदन संचालन में दक्ष हो।*

विपक्षी तेवर से ठप हुआ कामकाज

## ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में 9 घंटे चर्चा को सरकार तैयार फिर भी नहीं पिघली बर्फ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकखड के सोमवार देर शाम इस्तीफे का स्पष्ट असर मंगलवार संसदीय कार्यवाही के दौरान दिखा। उपसभापति हरिवंश ने सभापति की जगह सदन की कार्यवाही शुरू तो की लेकिन वे तय परिपाटी के अनुसार जन्मदिन के अवसर पर सूचीबद्ध सांसद को बधाई देने की औपचारिकता भूलकर सीधे प्रश्नकाल के लिए मंत्री का नाम पुकारा। विधायी कार्यों की सूची में सांसद एन. निरंजन रेड्डी का आज जन्मदिन है सबसे ऊपर अंकित था। वो हो न सका।

लंबे समय से हरिवंश बतौर उपसभापति सदन का संचालन कर रहे हैं लेकिन सभापति की जगह सभापति की तरह सदन का संचालन करना बिल्कुल जुदा जिम्मेदारी थी। उपसभापति पहले दिन बतौर 'सभापति' कतई सहज नहीं दिखे। विपक्षी हंगामें के बीच बमुश्किल चंद सेकंड में ही दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा की। पहले दोपहर बारह बजे तक के लिए फिर दो बजे तक के लिए और फिर दिन भर के लिए। सभापति के अचानक हुए इस्तीफे का असर विधायी कार्य पर पडेगा इसकी भनक शायद सरकार को भी रही होगी। तभी मंगलवार को 'रिवाइज्ड लिस्ट ऑफ बिजनेस' में पोत, पत्तनम और जलमार्ग मंत्रालय के केवल एक ऐसे विधेयक को सदन के पटल पर रखा जाना था जो लोकसभा से पारित हो चुका है। लिहाजा, संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यसभा में भारी हंगामे के बीच कार्यवाही दोपहर 2 बजे बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही बाधित हुई। विपक्षी दल के सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकी हमले, और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगना शुरू कर दिया। जब कि मॉनसून सत्र के पहले ही दिन सोमवार को संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू और सदन में नेता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगतप्रकाश नड्डा ने साफ कर दिया था कि सरकार विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने को तैयार है। हर विषय पर चर्चा को तैयार है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और कांग्रेस सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने नियम 267 के तहत कार्य स्थगन नोटिस देकर बिहार की मतदाता सूची पर चर्चा की मांग की। सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए ▶▶ शेष पेज 7 पर

सूत्रों के अनुसार, न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया शुरू करने पर हुई बातचीत

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला से मिले अमित शाह महाभियोग प्रस्ताव पर चर्चा की अटकलें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार शाम को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से उनके आवास पर मुलाकात की। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया शुरू करने और इससे जुड़े प्रस्ताव के तमाम पहलुओं पर चर्चा हुई। हालांकि इस मुलाकात में क्या बातचीत हुई इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया बावजूद इसके अटकलें लगाई जा रही हैं कि सरकार महाभियोग की दिशा में आगे बढ़ रही है। सूत्रों का कहना है कि बिरला के साथ शाह की बैठक में लोकसभा में चल रहे गतिरोध को खत्म करने के लिए क्या कुछ किया जा सकता है, इस पर बात हुई। ज्ञात हो कि सोमवार को संसद परिसर स्थित लोकसभा अध्यक्ष बिरला के कार्यालय में सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों की एक बैठक हुई थी। इस दौरान संसद में प्रस्ताव पेश करने से जुड़े कानूनी पहलुओं और राजनीतिक रणनीति पर चर्चा की गई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जानकारी दी कि प्रस्ताव पर 152 सांसदों के हस्ताक्षर हैं, जो विभिन्न दलों से ▶▶ शेष पेज 7 पर

दुर्घटना पर 15 पृष्ठों की रिपोर्ट के बाद उठाया कदम

## एयर इंडिया ने 'बोइंग के बेड़े' में ईंधन नियंत्रण स्विच की जांच पूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया ने अपने बेड़े के सभी बोइंग 787 और बोइंग 737 विमानों के ईंधन नियंत्रण स्विच (एफसीएस) के लॉकिंग तंत्र का ऐहतियाती निरीक्षण पूरा कर लिया है। एयरलाइन ने बताया है कि उसने 14 जुलाई, 2025 को जारी डीजीसीए के निर्देशों का पालन किया है। एयर इंडिया ने बताया कि निरीक्षणों में, उक्त लॉकिंग तंत्र में कोई समस्या नहीं पाई गई। एयर इंडिया ने 12 जुलाई को स्वैच्छिक निरीक्षण शुरू किया था और डीजीसीए द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर इसे पूरा कर लिया। नियामक को इसकी सूचना दे दी गई है। एयर इंडिया ने कहा कि इसमें कोई समस्या नहीं है। यह निरीक्षण 12 जून को हादसे के मद्देनजर किया गया। 12 जून को एअर इंडिया का बोइंग 787-8 ▶▶ शेष पेज 7 पर



## कांग्रेस को झटका, भरने होंगे 199 करोड़ रुपये आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण का फैसला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी को आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण से बड़ा झटका लगा है। न्यायाधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए 199.15 करोड़ रुपये की आयकर मांग के खिलाफ पार्टी की अपील को खारिज कर दिया है। न्यायाधिकरण ने अपने फैसले में कहा कि कांग्रेस ने आयकर अधिनियम की धारा 13A के तहत छूट के लिए आवश्यक शर्तों का पालन नहीं किया। पार्टी ने आयकर रिटर्न देर से दाखिल किया और नकद दान की सीमा का उल्लंघन किया। इसे कहते हैं, गरीबी में आंटा गीलाङ्क कांग्रेस पार्टी बुरी तरफ फंड की कमी से जूझ रही है। प्रत्याशियों को चुनाव लडने के लिए कई मौकों पर फंड रीलीज करने में भी पार्टी को परेशानी आई। अब एक बडी राशि की देनदारी कांग्रेस को निश्चित रूप से आर्थिक रूप से और कमजोर करेगी। न्यायाधिकरण के फैसले ने कांग्रेस के लिए कानूनी और वित्तीय चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। कांग्रेस ने वित्तीय वर्ष 2017-18 (आकलन वर्ष 2018-19) के लिए अपनी आयकर रिटर्न 2 फरवरी 2019 को दाखिल की थी, जो कि निर्धारित अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2018 से काफी देर बाद थी। पार्टी ने अपनी रिटर्न ▶▶ शेष पेज 7 पर

मुख्यमंत्री सैनी ने की सीईटी परीक्षा की तैयारियों को लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा

## संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की जानकारी समय रहते गृह विभाग को भेजे जिला प्रशासनः मुख्यमंत्री

***कहा, प्रश्न पत्र भंडारण स्थल से परीक्षा केंद्र तक की संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी सुनिश्चित की जाए***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि 26 और 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी परीक्षा के मद्देनज़र सभी संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की जानकारी समय रहते गृह विभाग को प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि आवश्यकता पड़ने पर संबंधित क्षेत्रों में इंटरनेट सेवा निलंबित करने की प्रक्रिया पूरी की जा सके और परीक्षा को पूर्णतः शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न करवाया जा सके। मुख्यमंत्री मंगलवार को चंड़ीगढ़ में सीईटी परीक्षा की तैयारियों को लेकर बुलाई गई बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा पहली बार इतने बड़े स्तर पर सीईटी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में सभी उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूर्ण करें ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि सभी जिलों में प्रश्न पत्र भंडारण स्थल से परीक्षा केंद्र तक उसकी पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी सुनिश्चित की जाए, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुरक्षा बनी रहे। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षा केंद्रों के आसपास कोई भी असामाजिक ▶▶ शेष पेज 7 पर

पश्चिम के दबाव के बीच रूस से जारी तेल खरीद पर विदेश सचिव की दो टूक

प्रधानमंत्री की बुधवार से शुरू हो रही ब्रिटेन, मालदीव की यात्रा से पहले एक मीडिया ब्रीफिंग में बोले विदेश सचिव

## देश के नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना भारत की सर्वोच्च प्राथमिकताः मिसरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार 23 से 26 जुलाई तक ब्रिटेन और मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसमें देश के अंदर सभी की निगाहें भारत और ब्रिटेन के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर किए जाने वाले हस्ताक्षर समारोह पर टिकीं रहेंगी।

पीएम की यात्रा का पहला पड़ाव भी ब्रिटेन ही है। लेकिन इससे ठीक पहले घरेलू और वैश्विक मीडिया में एक सवाल की गूंज तेजी से सुनाई पड़ रही है। जो यूरोपीय संघ (ईयू) की पाबंदियों और पश्चिम के दबाव के बीच भारत द्वारा रूस से की जा रही तेल की खरीद से जुड़ा हुआ है? मंगलवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने स्पष्टता के साथ इसे लेकर भारत का रुख देश समेत पूरी दुनिया के सामने साफ कर दिया है। ▶▶ शेष पेज 7 पर



### ब्रिटेन में किंग चार्ल्स-3 से होगी मुलाकात

*विदेश सचिव ने पीएम की ब्रिटेन यात्रा पर कहा कि बुधवार दोपहर करीब 1 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिटेन रवाना होंगे। जहां पर उनकी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों की द्विपक्षीय भागीदारी और क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा पीएम ब्रिटेन के किंग चार्ल्स-तृतीय के साथ भी मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बिजनेस लीडर्स से भी पीएम संवाद का कार्यक्रम रहेगा। यह उनका ब्रिटेन का चौथा दौरा है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2015, 2018 और 2021 में ब्रिटेन की यात्रा कर चुके हैं। पीएम की यात्रा के दौरान एफटीए पर भी हस्ताक्षर होंगे। जिसे लेकर दोनों ओर से तैयारियों अपने अंतिम चरण में जा पहुंची हैं। 25 जुलाई को प्रधानमंत्री मालदीव की यात्रा के लिए रवाना हो जाएंगे। यह उनकी राजकीय यात्रा होगी। जिसके लिए मालदीव के राष्ट्रपति* ▶▶ शेष पेज 7 पर

## दिल्ली कैबिनेट ने दी मंजूरी, रजत पदक को 5 और कांस्य पदक विजेताओं को दिए जाएंगे 3 करोड़ रुपये

# दिल्ली सरकार ओलंपिक-पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेताओं को देगी 7 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने दिल्ली के ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी से अब ओलंपिक तथा पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं को सात करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को पांच करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को तीन करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इस बात की जानकारी कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को प्रैसवार्ता में दी है। वहीं सूद ने बताया कि वहीं मेधावी छात्रों को मुफ्त लैपटॉप प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री डिजिटल योजना को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है।

मंत्री आशीष सूद ने कैबिनेट बैठक के बाद प्रैसवार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में मंगलवार को हुई बैठक में दिल्ली के विकास के साथ छात्रों और युवाओं के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत ऐतिहासिक फैसले लिए गए। ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेताओं को पहले तीन करोड़ रुपये, दो करोड़ रुपये और एक करोड़ रुपये दिए जाते थे लेकिन खेल पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करने के लिए अब ओलंपिक तथा पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं को सात करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को पांच करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को तीन करोड़ रुपये दिए जाएंगे। सूद ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार में स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को ग्रुप ए की नौकरियां दी जाएंगी, जबकि कांस्य पदक विजेताओं को ग्रुप बी की नौकरियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने यह भी निर्णय लिया है कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले युवा खिलाड़ियों को कोचिंग और प्रशिक्षण के लिए पांच-पांच लाख रुपये दिए जाएंगे। यह मानदेय कक्षा छह से 12 तक के छात्रों को दिया जाएगा। सूद ने कहा कि पहले राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं को तीन लाख रुपये, रजत पदक विजेताओं को दो लाख रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को एक लाख रुपये दिए जाते थे लेकिन अब सरकार ने राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में कोई भी पदक जीतने पर 11 लाख रुपये प्रदान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले 'एलीट खिलाड़ियों' को सरकार प्रति वर्ष 20 लाख रुपये प्रदान करेगी। सूद ने यह भी घोषणा की कि मुख्यमंत्री डिजिटल योजना के तहत युवाओं के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए छात्रों को मुफ्त लैपटॉप प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अच्छे अंकों के साथ दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले 1,200 मेधावी छात्रों को लैपटॉप दिए जाएंगे। इससे वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों को लाभ होगा।

■ दिल्ली कैबिनेट ने मेधावी छात्रों को लैपटॉप देने की दी मंजूरी : सूद



### स्कूलों में कंप्यूटर लैब को मंजूरी

शिक्षा व खेल मंत्री आशीष सूद ने बताया कि कैबिनेट ने सरकारी स्कूलों में डिजिटल आधारभूत संरचना सहित कंप्यूटर लैब स्थापित करने की योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के प्रथम चरण (वर्ष 2025-26) के अंतर्गत 175 कंप्यूटर लैब स्थापित की जाएंगी। इसके बाद दूसरे चरण (वर्ष 2026-27) में और 175 लैब स्थापित होंगी। शेष स्कूलों को आगामी चरणों में शामिल किया जाएगा। कुल मिलाकर 544 स्कूलों को प्राथमिकता के आधार पर 350 स्कूल भवनों में चयनित किया गया है। हर लैब में 40 डेस्कटॉप कंप्यूटर और अन्य संबंधित डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। शिक्षा व खेल मंत्री आशीष सूद ने यह भी बताया कि दिल्ली कैबिनेट ने कक्षा 10वीं के बोर्ड परिणाम के आधार पर कक्षा 11वीं के मेधावी छात्रों को मुफ्त लैपटॉप देने के लिए 'मुख्यमंत्री डिजिटल शिक्षा योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत सरकारी स्कूलों के कक्षा 11वीं के 1200 मेधावी छात्रों को कक्षा 10वीं के बोर्ड परिणाम के आधार पर मुफ्त लैपटॉप दिए जाएंगे। यह योजना दिल्ली सरकार के बजट भाषण में घोषित की गई थी। यह योजना शैक्षणिक सत्र 2025-26 से लागू होगी और हर वर्ष दोहराई जाएगी। वर्तमान में इस योजना के लिए लगभग 7.5 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।

### ईवी नीति को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने की दी मंजूरी

दिल्ली सरकार ने मंगलवार को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने यह निर्णय लिया है। दिल्ली सरकार ने ग्रीन दिल्ली के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में फैसला लेते हुए 31 मार्च 2026 तक या नई ईवी नीति की अधिसूचना जारी होने तक, जो भी पहले संभव हो, ईवी नीति विस्तार का निर्णय लिया है। नई ईवी नीति बनाने के लिए भविष्य में सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श और समावेशी नीति निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। दिल्ली सरकार के ईवी नीति विस्तार का मकसद राजधानी में ईवी चार्जिंग के बुनियादी ढांचे को और मजबूत बनाना, ईवी सब्सिडी की समीक्षा करना और ईवी बैटरी के ई-वेस्ट के निपटान के लिए जरूरी व्यवस्था विकसित करना है। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि राजधानी के प्रत्येक नागरिकों को ध्यान में रखते हुए भविष्य के लिए एक जरूरी, समावेशी और अधिक प्रभावी ईवी नीति तैयार करने के लिए व्यापक संवाद और जन भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है।

## तीन किशोरों ने युवक की चाकू से हमला कर की हत्या



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में झगड़े के बाद तीन नाबालिगों ने 39 वर्षीय व्यक्ति की कथित तौर पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार रात करीब 11 बजे जनता कॉलोनी में हुई और इस मामले में आरोपी किशोरों को हिरासत में ले लिया गया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद वेलकम थाने की एक टीम मौके पर पहुंची और उसे पता चला कि हमले में घायल मुस्तकीन को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों ने मुस्तकीन को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल का मुआयना किया और अपराधियों की पहचान करने एवं उन्हें पकड़ने के लिए कई टीम गठित की गईं। अधिकारी ने कहा कि इन टीम ने बाद में वेलकम इलाके के रहने वाले तीनों नाबालिगों को पकड़ लिया। उनके पास से अपराध में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार आरोपियों का मुस्तकीन से झगड़ा हुआ था जिसके बाद उन्होंने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि विवाद की वजह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मो. अनस पुत्र** मोहम्मद अरशद, **पताः** मकान नं. 1834 लाल दरवाजा सिरकरी वाला, दिल्ली **FIR No. 37/25 Dt. 06.02.25 U/S: 304 (1)/3 (5) भारतीय न्याय संहिता–2023 पुलिस थानाः लक्ष्मी नगर दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. अनस** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. अनस** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।


इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मो. अनस FIR No. 37/25 Dt. 06.02.25 U/S: 304 (1)/3 (5) भारतीय न्याय संहिता–2023 पुलिस थानाः लक्ष्मी नगर दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीक्षा राव
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
पूर्वी जिला कोर्ट नं. 32
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/9450/ED/2025
(Court Matter)

## गाजीपुर में पुलिस मुठभेड़ के बाद वांछित अपराधी घायल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में हुई मुठभेड़ के बाद कई मामलों में वांछित एक अपराधी घायल हो गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपी खेमचंद उर्फ समीर (33) डकैती और पुलिसकर्मियों पर हमले के मामले में वांछित था। उसके खिलाफ पहले से 15 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि पेपर मार्केट के पास सोमवार देर रात मुठभेड़ हुई, जहां आरोपी एक अन्य अपराध की साजिश रचने के लिए अपने साथियों से मिलने आया था। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अभिषेक धानिया ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि खेमचंद इससे पहले 18 जुलाई की सुबह पुलिस टीम पर हुए हमले में शामिल था। उस दिन सुबह करीब साढ़े पांच बजे, गश्त कर रही टीम ने आईएसबीटी आनंद विहार के पास यातायात के विपरीत दिशा में मोटरसाइकिल चला रहे तीन लोगों को रोका। रोके जाने पर तीनों ने पुलिस वाहन से डंडे उठाकर सहायक उपनिरीक्षक मोहम्मद कासिम और कांस्टेबल कृष्णपाल पर हमला कर दिया था। अधिकारी ने बताया कि दोनों कर्मियों के सिर में गंभीर चोटें आईं और हमलावर उनसे मोबाइल फोन, पर्स, नकदी और दस्तावेज लूटकर भाग गए। संदिग्धों ने भागने से पहले चोरी की गई मोटरसाइकिल और एक डंडा घटनास्थल पर ही छोड़ दिया। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर गहन जांच शुरू की गई। मामले की जांच के लिए दो टीम बनाई गई, जिनमें से एक में स्वापक रोधी दस्ता और दूसरी में 'स्पेशल स्टाफ' के सदस्य शामिल थे। डीसीपी ने बताया कि सोमवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मामले का मुख्य आरोपी खेमचंद आधी रात के आसपास पेपर मार्केट पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि संयुक्त टीम ने घटनास्थल पर जब उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा तो आरोपी ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया और भागने की कोशिश की। घेर लिए जाने पर उसने कथित तौर पर टीम पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने बताया कि आत्मरक्षा में एक टीम ने जवाबी कार्रवाई की और खेमचंद घायल हो गया, जिसे बाद में कल्याणपुरी के एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से एक पिस्तौल, कारतूस और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, झारखंड के गोड्डा जिले का मूल निवासी खेमचंद वर्तमान में बुराड़ी के संत नगर में रहता है। पुलिस ने बताया कि वह अक्सर शाहदरा और गाजियाबाद के रेलवे प्लेटफॉर्म पर सोता था। पकड़े जाने से बचने के लिए, वह प्लेटफॉर्म टिकट खरीदता था और खुद को यात्री बताता था।

### 17 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 'वर्क फ्रॉम होम' के नाम पर एक व्यक्ति से 17 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। यहां एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ये लोग पीड़ितों को विभिन्न वेबसाइट की समीक्षा करके रुपये कमाने का प्रस्ताव देकर झांसे में लेते थे। आरोपियों की पहचान अंकुर मिश्रा (22), कृतार्थ (21), विश्वाश शर्मा (32) और केतन मिश्रा (18) के रूप में हुई है। उनहेंने आकर्षक ऑनलाइन नौकरी के अवसरों की पेशकश करके सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को लुभाया और बाद में क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े वित्तीय जाल में फंसाकर उन्हें ठगा। पीड़ित ने 27 मई को शिकायत दर्ज कराई। उसने कहा कि उसे विभिन्न वेबसाइट की समीक्षा करके रुपये कमाने का प्रस्ताव दिया गया था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) अमित गोयल ने कहा, "शुरुआत में शिकायतकर्ता को प्रति समीक्षा 50 रुपये मिलते थे लेकिन बाद में उसे ज्यादा धन वापसी का वादे करते हुए 'प्रीपेड क्रिप्टोकरेंसी' लेनदेन में भाग लेने के लिए राजी कर लिया गया। गोयल ने बताया कि धोखेबाज विभिन्न बहानों से और अधिक रुपये जमा करने की उससे मांग करते रहे और उन्होंने उससे 17.49 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान पता लगा कि शिकायतकर्ता के खाते से पांच लाख रुपये अंकुर मिश्रा के नाम से पंजीकृत एक निजी बैंक खाते में स्थानांतरित किए गए थे।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | लाइसेंस आधार पर अभिलाषा महिला छात्रावास परिसर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक, जहां एक शैक्षणिक सत्र के दौरान लगभग 2500 महिला विद्यार्थी निवास करती हैं, में जनरल स्टोर-कम-फोटोस्टेट शॉप को चलाना। | 21.07.2025 11.08.2025 | 8 लाख + जीएसटी | https://mdu.ac.in https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9812611388 estate.office@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36879/I/88/7 दि. 22.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज करनाल | गांव लालैन, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में डेरा गामा रोड से दल सिंह के मकान तक आईएलपीबी गली/फिरनी का निर्माण + 3 कार्य। | 21.07.2025 28.07.2025 | 150.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | जिला : करनाल, पानीपत, सिरसा, फतेहाबाद (ब्लॉक्स : करनाल, बापौली, समालखा, एलनाबाद, रानियां, टोहाना) हेतु अटल भू-जल योजना (अटल जल) के तहत हरियाणा की 222 अदद ग्राम पंचायत के लिए नैरो कास्टिंग की सेवाओं का प्रावधान + 6 अन्य कार्य। | 21.07.2025 11.08.2025 | 205.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896657369 xen.aby.hry@gmail.com |
| 3 | जिला परिषद अम्बाला | गांव तल्हेड़ी रांगड़ान ब्लॉक बराड़ा - उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (एचडब्ल्यूसी-एसएचसी)। | 17.07.2025 28.07.2025 | 53.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1711975281 ZPEXEMAMBALA@GMAIL.COM |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/60/36881/I/88/7 दि. 22.07.25

### हाशिम बाबा गिरोह का शार्पशूटर गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** हाशिम बाबा गिरोह के एक शार्पशूटर को जेल से रिहा होने के कुछ महीने बाद हथियार तस्करी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ मकोका सहित 13 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान नदीम उर्फ कालिया (41) के रूप में हुई है और उसे 20 जुलाई को मध्य दिल्ली के चांदनी महल इलाके से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से अमेरिका निर्मित एक पिस्तौल बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि नदीम आदतन अपराधी है और छेनू, नासिर और हाशिम बाबा गिरोह सहित कई आपराधिक गिरोहों से जुड़ा है। पुलिस उपायुक्त (मध्य) निधिन वलसन ने कहा, ₹नदीम के खिलाफ 13 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका), हत्या, डकैती और शस्त्र अधिनियम के तहत मामले शामिल हैं। वह जाफराबाद थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है।₹ उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने रविवार रात गली तख्त वाली इलाके में जाल बिछाया। जैसे ही टीम वहां पहुंची नदीम ने पिस्तौल निकालकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे तुरंत काबू में कर लिया। डीसीपी ने बताया, ₹उसके पास से एक अमेरिका निर्मित पिस्तौल, चार कारतूस और एक मैगजीन बरामद की गई। वह पिस्तौल का कोई लाइसेंस नहीं दिखा सका।₹ उन्होंने बताया कि शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

**एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड**

The efficiency catalyst

CIN No. L72100DL1993PLC179154

पंजी. कार्यालय : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-92
कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज-II, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201305

**भारतीय लेखा मानकों ( Ind-AS ) के अनुपालन में तैयार किये गये 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण** (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 30 जून 2025 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2025 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2024 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| **समेकित वित्तीय स्थिति :** | | | |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 830.73 | 3,654.04 | 3,656.51 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | 42.69 | 373.05 | (1,204.53) |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | 42.69 | 373.05 | (1,204.53) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व | 8,568.20 | (25,180.50) | 8,250.19 |
| **अर्जन प्रति शेयर (रु.)* (वार्षिकृत नहीं)** | | | |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | 0.002 | (0.070) | (0.070) |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | 0.002 | (0.070) | (0.070) |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | 0.002 | (0.070) | (0.070) |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | 0.002 | (0.070) | (0.070) |

| विवरण | समाप्त तिमाही 30 जून 2025 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2025 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2024 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| **स्टैंडअलोन वित्तीय स्थिति :** | | | |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 622.37 | 3,267.51 | 3,619.08 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | (106.80) | 273.93 | (1,392.65) |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | (106.80) | 273.93 | (1,392.65) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | (0.006) | (0.080) | (0.080) |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | (0.006) | (0.080) | (0.080) |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | (0.006) | (0.080) | (0.080) |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | (0.006) | (0.080) | (0.080) |

उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स पर बीएसई (www.bseindia.com) पर, एनएसई (www.nseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट्स (www.fcsltd.com) पर उपलब्ध हैं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लि.
हस्ता/-
(निदेशक)

स्थान : नोएडा
दिनांक : 22 जुलाई, 2025

### भाजपा किसान नेता विनोद सहरावत ने नरेला थाना प्रमुख को ज्ञापन सौंपा

# यूरिया खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष एवं मनोनित निगम पार्षद विनोद सहरावत ने मंगलवार को नरेला थाने में एक ज्ञापन सौंपकर यूरिया खाद की कालाबाजारी में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने केंद्र और दिल्ली सरकार द्वारा खाद पर दी जा रही सब्सिडी के दुरुपयोग को 'किसानों के अधिकार का हनन' बताया। ज्ञापन सौंपते समय उनके साथ संदीप कौशिक, पवन मोनी और रघुवीर खत्री भी मौजूद रहे। किसान नेता विनोद सहरावत ने नरेला थाने के एसएचओ को सौंपे ज्ञापन में कहा कि खाद की वितरण प्रणाली में लंबे समय से भारी अनियमितताएं चल रही हैं। सरकारी कट्टों में भरी सब्सिडी वाली यूरिया को गैर-सरकारी कट्टों में पलटकर महंगे दामों पर फैक्ट्रियों में बेचा जा रहा है। इतना ही नहीं, यह यूरिया नकली पनीर और दूध बनाने में भी इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।



### सरकार दे रही है भारी सब्सिडी, फिर भी किसान वंचित

किसान नेता विनोद सहरावत ने बताया कि डीएपी खाद की वास्तविक लागत लगभग 4850 रुपए प्रति कट्टा है जिस पर सरकार 3500 रुपए की सब्सिडी देकर 1350 रुपए में कट्टा उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार से यूरिया खाद की वास्तविक लागत लगभग 1900 रुपए प्रति कट्टा है, जिस पर सरकार 1635 रुपए की सब्सिडी देती है और किसान को यह 266 रुपए में मिलता है। लेकिन भ्रष्ट डीलर इस यूरिया को फैक्ट्रियों में 650 रुपए से 700 रुपए में बेचते हैं, जिससे ना केवल सरकार को भारी आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि गरीब किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पाती और परेशान होना पड़ता है।

### जांच व लाइसेंस रद्द करने की मांग

भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष ने मांग की है कि इन सभी फर्मों की बिक्री, स्टॉक और वितरण की जांच कराई जाए। उन्होंने विशेष रूप से मैसर्स ग्रोवर ट्रेडिंग की सेल रिपोर्ट की मिलान कराने और यदि अनियमितताएं पाई जाएं तो उसका लाइसेंस तत्काल रद्द करने की मांग की है। साथ ही, खाद वितरण की जिम्मेदारी सहकारी संस्थाओं या सरकारी एजेंसियों को दिए जाने की सिफारिश की है, ताकि भविष्य में किसानों को खाद की किल्लत ना झेलनी पड़े।

### किसानों के हक के लिए आंदोलन जारी रहेगा

किसान नेता सहरावत ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो किसान मोर्चा बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि किसानों के हक पर डाका डालने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

हरियाणा सरकार
LiFE Lifestyle for Environment

"मैंने प्रकृति मां की रक्षा करने और सतत जीवनशैली अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप एक पेड़ लगाया। मैं आप सभी से यह आग्रह करता हूं कि आप भी हमारे ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान दें।"
- नरेन्द्र मोदी



# 76वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव

23 जुलाई, 2025 | दोपहर - 1 बजे
राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय, मोरनी, पंचकूला

मुख्य अतिथि
## श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

अध्यक्षता
## राव नरबीर सिंह
मंत्री - पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव, हरियाणा

## संदेश

मैं 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव के लिए सभी हरियाणावासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

इस वर्ष वन महोत्सव के अवसर पर हरियाणा में 2.10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत सजावटी, छायादार, ईमारती लकड़ी, चारे एवं सुगंधित प्रजाति के पौधे तैयार किए गए हैं, जिन्हें सार्वजनिक स्थानों पर लगाकर पर्यावरण सुधार की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य के किसानों के खेतों में भी उन्नत किस्म के पौधे लगवाए जाएंगे, जिससे पर्यावरण सुधार के साथ-साथ किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी।

मेरा हरियाणावासियों से अनुरोध है कि इस वर्षा ऋतु में अपने घर आंगन, खेत-खलिहान व जहां भी संभव हो, अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाएं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

- नायब सिंह सैनी

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें





## आप सभी सादर आमंत्रित हैं

वन एवं वन्यजीव विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

# त्रयोदशी का जलाभिषेक शुरू,बम-बम भोले के उद्घोष से गूंजा महानगर

त्रयोदशी तिथि बुधवार तड़के 4:40 बजे तक रहेगी। इसके बाद शिवरात्रि चतुर्दशी का जलाभिषेक बुधवार तड़के 4:41 बजे से रात 2:30 मिनट तक चढ़ाया जाएगा।सीसीटीवी से कांवड़ियों पर नजर रखी जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सावन की शिवरात्रि पर जलाभिषेक का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। हरिद्वार, ब्रजघाट आदि स्थानों से कावड़ लाने का सिलसिला लगातार लगातार चल रहा है। गाजियाबाद में अभी तक लाखों की संख्या में कावड़िया एकत्र हो गए हैं।जो सावन की शिवरात्रि का जलाभिषेक के लिए तैयारी कर रहे हैं। हालांकि मंगलवार की सुबह 7:06 बजे से शहर के शिवालयों में त्रयोदशी का जलाभिषेक शुरू हो गया है। त्रयोदशी तिथि बुधवार तड़के 4:40 बजे तक रहेगी। इसके बाद शिवरात्रि चतुर्दशी का जलाभिषेक बुधवार तड़के 4:41 बजे से रात 2:30 मिनट तक चढ़ाया जाएगा। सीसीटीवी से कांवड़ियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

**खास बातें**

- लाखों के संख्या में गाजियाबाद पहुंचे कावड़िए
- बुधवार चार बजकर 41 मिनट से शुरू हो जाएगा शिव का जलाभिषेक



### नगर निगम की पूरी टीम 24 घंटे अलर्ट

आगमन और निकास स्थल के पास बैरिकेडिंग की गई है। इस दौरान भगवान शिव बम-बम भोले, बोल बम के उद्घोष से शहर का वातावरण पूरी तरह से गूंज रहा है। रात दिन डीजे पर भगवान शिव के गीतों पर श्रद्धालु झूम रहे हैं। कांवड़ियों में बच्चों और बुजुर्गों के साथ महिलाएं भी शामिल हैं। शहर में कांवड़ सेवा शिविरों के अलावा स्थानीय लोग भी सेवा कार्य कर रहा है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात हैं। गाजियाबाद के मेरठ रोड, जीटी रोड, शम्भूदयाल इंटर व डिग्री कॉलेज समेत अनेक शिविरों में कावड़िये विश्राम कर रहे है। 23 जुलाई की तड़के 4 बजे से भगवान शिव का जलाभिषेक शुरू हो जाएगा। दूधेश्वरनाथ मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग ने बताया मंदिर में देश भर से जलाभिषेक के लिए आने वाले कांवड़ियों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम की टीम जहां अपनी-अपनी जिम्मेदारियां पर अलर्ट है तथा 24 घंटे अपनी जिम्मेदारी निभारते हुए कार्य कर रही है वहीं दूसरी ओर निगम की पूरी टीम कावड़ यात्रियों की व्यवस्था में कार्य कर रही है।

## खबर संक्षेप

### संभव दिवस में आयुक्त ने निगम की जनसुनवाई



**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में संभव जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को अधिकांश संदर्भ जलकल विभाग से संबंधित प्राप्त हुए जिसमें विजयनगर बागु वार्ड एक से पेयजल 10 एचपी पंप को चालू करने तथा गांधीनगर सिटी जोन से जल भराव की समस्या मिली। जिस पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश जलकल विभाग अधिकारियों को दिए।

### लाखों के गहने व नगदी घर से गहने चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** घर से लाखों के गहने व नगदी चुराने वाला आरोपी को पुलिस ने काबू किया है। ललित कुमार ने पुलिस चौकी सेक्टर-8 में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 10 जून को उसकी पत्नी ने अलमारी में कुछ ज्वैलरी व करीब 10 हजार रुपए रखे थे। जब उसकी पत्नी में 19 जुलाई को अलमारी को चेक किया तो पाया कि ज्वैलरी और पैसे गायब मिले।



### 4.56 ग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने एक आरोपी को 4.56 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए राहुल निवासी नेहरु कालोनी फरीदाबाद को नेहरु कालोनी से 4.56 ग्राम स्मैक सहित काबू किया है।



### चलती बाइक से कूदी युवती, अस्पताल में भर्ती

**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-3 एरिया में युवक द्वारा बाइक भगाने पर पीछे बैठी युवती चलती बाइक से कूद गई। युवक गलत नीयत से बाइक पर युवती को ऑफिस की बजाय कहीं ओर ले जाने की फिराक में था। युवती के गिरते ही पीछे से आ रही गाड़ियों ने अचानक ब्रेक लगा दी। वहीं युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डीएलएफ फेज-3 थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### फौजी के नाम से लिया 7.80 लाख का लोन

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर में जालसाजों ने असम में डयूटी पर तैनात एक फौजी के नाम पर बैंक से 7.80 लाख रुपए को लोन ले लिया। फौजी के अकाउंट से जब लोन की पहली ईएमआई कटी तो वह बैंक गया और उसे जालसाजी का पता चला। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। अशोक कुमार ने बताया कि वह फौज में है और उसकी डयूटी असम में है।

## विधायक मूलचंद शर्मा ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

# आपातकाल के काले अध्याय को याद दिलाती संविधान हत्या दिवस प्रदर्शनी

बल्लभगढ़ में सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से संविधान हत्या दिवस विषय पर आधारित प्रदर्शनी लगाया गया। जिसका उद्घाटन बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने रिबन काटकर किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

लोकतंत्र और संविधान की महत्ता को उजागर करने तथा आमजन को आपातकाल की लोकतंत्र विरोधी ऐतिहासिक घटनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से एसडीएम कार्यालय, बल्लभगढ़ में सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से एक विशेष जन-जागरूकता प्रदर्शनी की शुरुआत की गई है।

संविधान हत्या दिवस विषय पर आधारित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने रिबन काटकर किया। प्रदर्शनी में आपातकाल के दौरान देश में लोकतंत्र के विरुद्ध हुई घटनाओं और उस समय लागू किए गए कठोर उपायों को तथ्यों और चित्रों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। जिसका अवलोकन बड़ी संख्या में दर्शकों ने किया।

**खास बातें**

- तथ्यों और चित्रों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की गई प्रदर्शनी
- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मूल्यवान को बेहतर ढंग से समझाया गया



### भाजपा के कई दिग्गज नेता रहे मौजूद

इस मौके पर तहसीलदार भूमिका लाम्बा, डीपीआरओ मूर्ति, भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, पार्षद महेश गोयल, पार्षद योगेश शर्मा, पार्षद सोनू वैष्णव, पूर्व पार्षद हरप्रसाद गौड़, स्वराज भाटी, नवीन चेची, जेपी मास्टर, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, सुषमा यादव, व्यापार मंडल प्रधान प्रेम खट्टर, सुनील शास्त्री, राहुल गोयल, हुकम बघेल और शहरवासी मौजूद रहे।

### लोकतांत्रिक संस्थानों को पूरी तरह से निष्क्रिय कर दिया गया था

बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि 25 जून 1975 को देश पर थोपा गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता। आपातकाल के दौरान न केवल मौलिक अधिकारों को समाप्त किया गया, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता को भी दबा दिया गया और लोकतांत्रिक संस्थानों को पूरी तरह से निष्क्रिय कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 में 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया है ताकि देश के युवाओं को यह स्मरण दिलाया जा सके कि लोकतंत्र की रक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कितनी मूल्यवान है।

### पीढ़ियों को मिले लोकतंत्र के महत्व की जानकारी

उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य को लेकर देशभर में आपातकाल की विभीषिका को दर्शाने वाली प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिससे युवाओं को यह जानकारी मिल सके कि उस दौर में लोगों ने कितनी कठिन परिस्थितियों का सामना किया। कहा कि प्रदर्शनी केवल अतीत की घटनाओं को याद करने का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को लोकतंत्र के महत्व का एहसास कराने का एक प्रयास है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रदर्शनी का अवलोकन कर लोकतांत्रिक मूल्यों को समझें और सहेजने का संकल्प लें।

### बल्लभगढ़ में सरकारी दफ्तरों और संस्थानों में होगा वृक्षारोपण

*विधायक मूलचंद शर्मा ने हरियाली बढ़ाने के लिए बल्लबगढ़ एसडीएम ऑफिस सहित सरकारी स्कूल, कॉलेज में व्यापक स्तर पर पौधरोपण करने के निर्देश दिए। विधायक ने बताया कि यह अभियान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए एक पेड़ मां के नाम संकल्प से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायक है, जिसमें हर नागरिक से अपील की गई है कि वह अपनी मां के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाए।*

## दुकानदारों की मांग को लेकर खटखटाया

# निगमायुक्त स्वयं दौरा कर तय करेंगे राईट आफ वे का भविष्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा व्यापार मंडल की मांग पर अब निगमायुक्त शहर की उन मार्केटो का दौरा करेंगें, जिनका मालिकाना हक लीजधारक दुकानदारो को नही मिल पा रहा है, क्योंकि उन पर प्रशासन की तरफ से रास्ते में आने की बात कही जा रही है। फरीदाबाद में लगभग साढे आठ सौ दुकाने हैं, अन्य लीजधारक दुकानदारों को सरकार पहले ही फ्री होल्ड कर दुकानदारों को मालिकाना हक दे चुकी है। इससे पहले हरियाणा व्यापार मंडल की इस पुरानी मांग पर निगमायुक्त ने यह व्यवस्था दी थी कि निगम इस प्रकार के सभी दुकानदारों को तीन एकड़ जमीन पर नई मार्केट बना उनको वहां पर शिफ्ट कर सकता है।

### ऐन मौके पर सरकार ने अपनी पॉलिसी को वापस ले लिया

व्यापार मंडल के जिला प्रधान राम जुनेजा लम्बे समय से लीजधारक दुकानदारों की बात रहे हैं, जिसके बाद सरकार ने एकाधिक बार लीजधारकों को फ्री होल्ड कर उन दुकानदारों को दुकानों का मालिकाना हक देने की योजनाएं बनाई तथा जुनेजा के प्रयासों से दुकानदारों को मालिकाना हक मिल गया। जुनेजा ने उन दुकानदारों को भी मालिकाना हक दिलवा दिया, जिन्होंने 1999 में सरकार के पास पैसा जमा करा दिया था, लेकिन ऐन मौके पर सरकार ने अपनी पॉलिसी को वापस ले लिया था और इन पैसा जमा कराने वालों की दुकाने फ्री होल्ड नही हो पाई। राम जुनेजा को सुनने के बाद निगमायुक्त धीरेन्द्र खडगटा उन मार्केटों का स्वयं दौरा करने का निर्णय लिया है।

## लीडर्स कॉन्क्लेव में यूपी, बिहार, जम्मू, झारखंड के विवि होंगे शामिल

# एसजीटी विवि संवाद व नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



एसजीटी यूनिवर्सिटी में आगामी 25 जुलाई को हायर एजुकेशन लीडर्स कॉन्क्लेव- 2025 का आयोजन होगा। जिसमें यूपी, बिहार, जम्मू, झारखंड के विश्वविद्यालय शामिल होंगे। कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय , जम्मू विश्वविद्यालय , विनोबा भावे विश्वविद्यालय व चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (बिहार) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह कॉन्क्लेव राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के पांच वर्षों की सफलता का जश्न मनाने व भारतीय शिक्षा व्यवस्था की नई दिशा तय करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच होगा। यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता ने बताया कि इस कॉन्क्लेव का विषय भारतीय शिक्षा की पुनर्कल्पनाः विरासत, नीति और राष्ट्र निर्माण- एनईपी- 2020 के आलोक में है। इसका उद्देश्य एनईपी- 2020 के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक बदलाव, राष्ट्रीय एकता, समावेशी व छात्र-केंद्रित नीति के क्रियान्वयन को लेकर सार्थक संवाद करना है। दिनभर चलने वाले कार्यक्रम में देशभर के 30 से अधिक प्रमुख शिक्षाविद्, नीति विशेषज्ञ व संस्थागत प्रमुख शामिल होंगे।

उद्घाटन भाषण एसजीटी यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर प्रो. (डॉ.) हेमंत वर्मा द्वारा किया जाएगा। जबकि अध्यक्षता एसजीटी यूनिवर्सिटी के चांसलर पद्म भूषण राम बहादुर राय करेंगे। कार्यक्रम में शिक्षा व सामाजिक परिवर्तन, अकादमिक स्वतंत्रता व नवाचार, कौशल विकास के लिए शिक्षण विधियां, भारतीय भाषाएं, ज्ञान परंपराएं व एनईपी के तहत स्टेम शिक्षा जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## बल्लभगढ़ में सेवा भारती द्वारा सेवा केंद्र दर्शन कार्यक्रम संपन्न

# बच्चों ने दी समूह व एकल गीत के साथ मंत्रोच्चारण और योग की सुंदर प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेवा भारती द्वारा संचालित सेवा केंद्र दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत बल्लभगढ़ के दो सेवा केंद्रों (बाल संस्कार केंद्र व समर्थ किशोरी विकास केंद्र) का अवलोकन किया गया। दोनों केंद्रों के नियमित सत्र के कालांश के उपरांत जिला समिति के कार्यकर्ताओं एवं शिक्षिका से वार्तालाप हुआ। सेवा केंद्र के लाभार्थी प्रतिभागी बालक-बालिकाओं ने समूहगीत, एकल गीत, मंत्रोच्चारण और योग की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया।



सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल प्रांगण में सेवा भारती द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्र एवं राजमाता अहिल्याबाई होलकर समर्थ किशोरी केंद्र में वार्षिक सेवा दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र संचालन सहयोगी दिनेश, राकेश, नेहा, भारती, दीपिका, गीता ने बताया कि इस केंद्र में आसपास की कॉलोनी के 6 से 12 वर्ष के बालक-बालिकाओं को दोपहर उपरांत 4 बजे से 6.30 बजे शाम की समय अवधि में संस्कार से लेकर स्कूल होम वर्क, योग, खेल देशभक्ति गीत, मंत्रोचारण के माध्यम से उन्हें राष्ट्र का श्रेष्ठ नागरिक बनाने का प्रयास रहता है।

### सेवा भारती की ओर से कई प्रकल्प चलाए जाते हैं

सेवाभारती एवं प्रचार विभाग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से राजेंद्र, शेर सिंह, दलील, सेवा विभाग से निरंजन व उमेश ने बताया कि सेवा भारती द्वारा यहां पिछले कई वर्षों से सेवा केंद्र के माध्यम से कई तरह के प्रकल्प चलाए जाते हैं। बालक बालिकाओं को सिलाई-कड़ाई, हाथों में मेहंदी रचाओ, जैसे प्रशिक्षण से उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रचार विभाग से राजेंद्र, शेर सिंह, दलील, सेवा विभाग से निरंजन व उमेश, सेवा भारती से दिनेश, राकेश, नेहा, भारती, दीपिका, गीता व अजय और मीडियाकर्मियों की सहभागिता रही।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्याः एनआईटी/11/25/16, दिनांक 18.07.2025.

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामाग्री प्रबंधक/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल निम्नलिखित सामाग्रियों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| क्र. | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा प्रपत्र की लागत ₹ | अर्नेस्ट मनी डिजाजिट ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11255702 | 18.08.2025 | 10.30 | 00 | 2,65,600/- |

**विवरण:** CASNUB 22 HS प्रकार बोगी सेट (पूर्ण पहिये और CTRB) विनिर्देश संख्या: WD-17-CASNUB- 22HS बोगी-92-Rev-4, ड्रग संख्या WD-04078-S/1, Alt-04 (22.9 T एक्सल लोड) के अनुसार। **[वारंटी अवधि:** डिलीवरी की तारीख से 30 महीने बाद] निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर जाएं। **नोट:** विवादास्पद स्थिति में अंग्रेजी पाठ संस्करण प्रमाणिक मानी जाएगी।

सीपीआर/10/184 — *वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जुबेर अहमद उर्फ राजा कश्मीरी** पुत्र गुलाम अहमद राजा निवासी मकान नं. 150/151, वजीराबाद, दिल्ली दूसरा पता: मकान नं. 4ए, खसरा नं. 133, बायां भाग भूतल, गली संख्या 9, एफ-ब्लॉक, वजीराबाद, दिल्ली ने ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट नं. 80050853/25 धारा 303(2)/318(4)3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जुबेर अहमद उर्फ राजा कश्मीरी** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जुबेर अहमद उर्फ राजा कश्मीरी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट नं. 80050853/25 धारा 303(2)/318(4)3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जुबेर अहमद उर्फ राजा कश्मीरी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **28.08.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री छवि बंसल,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-11, (दक्षिण-पूर्व)**
**कमरा नं. 09, मुख्य भवन,**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/9568/SD/2025**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्याम लाल पुत्र** राम प्रकाश वर्मा **निवासी** 27/59/108 ज्वाला नगर, शाहदरा, दिल्ली एवं दूसरा निवास मै0 दीपक प्रोपर्टी एवं बिल्डर्स ऑफिस **N-7/A,** दिलशाद गार्डन लेबर चौक के नज़दीक, दिल्ली ने **CC. No. 9892/17 U/s 138 NI Act. थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्याम लाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्याम लाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC. No. 9892/17 U/s 138 NI Act. थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्याम लाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अरविन्द तोमर**
**जेएमएफसी-07, (एन आई एक्ट)**
**कमरा नं. 507, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/9536/N/2025**
**(Court Matter)**



**FCS एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड**

**(CIN: L72100DL1993PLC179154)**

**पंजीकृत कार्यालय :** 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-110092
**कार्पोरेट कार्यालय :** एफसीएस हाउस, प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज-II, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201305

**वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर और दूरस्थ ई-वोटिंग जानकारी की सूचना (अग्रिम सूचना)**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि एमसीए सरकुलर नं. 10/2022 दिनांक 28 दिसम्बर 2022, 14/2020, सरकुलर नं. 17/2020, सरकुलर नं. 20/2020, सरकुलर नं. 2/2021, सरकुलर नं. 2/2022 (एमसीए सरकुलर्स) द्वारा जारी पूर्ववर्ती सरकुलर्स के साथ पठित सामान्य सरकुलर नं. 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024, 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 के साथ पठित सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों 2015 (लिस्टिंग नियमनों) और उनके तहत बनाये गये नियमों तथा कम्पनी अधिनियम 2013 (एक्ट) के लागू प्रावधानों के अनुपालन में, सेबी द्वारा जारी सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/CMD1/ CIR/P/2020/79, SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 और SEBI/HO/CFD/PoD-2/ P/CIR/2023/4 के सम्बन्ध में सेबी द्वारा जारी पूर्ववर्ती सरकुलर्स के साथ-साथ पठित भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी नवीनतम सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/PoD-2P CIR/2024/133 दिनांक 03 अक्तूबर 2024, सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P /CIR/2023/167 दिनांक 07 अक्तूबर 2023, SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 दिनांक 05 जनवरी 2023 (यहां इसके पश्चात सामूहिक रूप से "एमसीए सरकुलर्स अथवा सेबी सरकुलर्स अथवा दि सरकुलर्स के रूप में संदर्भित") के अनुसरण में एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट बिजनेसेज का सम्पादन करने के लिए एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड के सदस्यों की 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) का आयोजन मंगलवार, 19 अगस्त 2025 को पूर्वा. 11.30 बजे वीडियो कांफ्रेंस (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी, वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) 30 सितम्बर 2025 तक कॉमन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीडियो कांफ्रेसिंग (वीसी) अथवा अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित किए जाने की अनुमति दे दी है। कम्पनी के निदेशक मंडल ने वीसी/ओएवीएम के माध्यम से कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक आयोजित करने में एमसीए और सेबी द्वारा जारी उपरोक्त सरकुलर्स को अपनाने का निर्णय लिया है।

कम्पनी के 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु एजीएम सूचना समेत वार्षिक रिपोर्ट की इलैक्ट्रोनिक प्रति उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ई-मेल आईडीज कम्पनी / आरटीए / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस) के पास पंजीकृत हैं। कृपया नोट करें कि 32वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति सदस्यों को भेजने की आवश्यकता एमसीए सरकुलर/एस और सेबी सरकुलर के तहत समाप्त कर दी गई है। सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.fcsltd.com और स्टॉक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और www.nseindia.com क्रमशः, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं पर भी उपलब्ध होगी। एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट देखने के लिए वेबलिंक प्रदान करते हुए एक पत्र उन सदस्यों को भेजा जाएगा जिनके ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं है।

सदस्यों द्वारा मत देने की सुविधा ("ई-वोटिंग") एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के रूप में जानी जारी) (https://instavote.linkintime.co.in) द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी और इसके लिये विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में उपलब्ध करवाई जाएगी। दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि शनिवार 16 अगस्त 2025 को (पूर्वा. 9.00 बजे) आरम्भ होगी और सोमवार 18 अगस्त, 2025 को (अप. 5.00 बजे) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान कट ऑफ तिथि मंगलवार, 12 अगस्त, 2025 के अनुसार या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयरधारण करने वाले कम्पनी के सदस्य अपना मत एजीएम में ई-वोटिंग द्वारा अथवा दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा दे सकते हैं। वीसी / ओएवीएम के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम की गणना हेतु गिना जाएगा।

सदस्य, जो भौतिक/इलैक्ट्रोनिक रूप में शेयरधारण करते हैं और जिनके ई-मेल पते कम्पनी / उनके सम्बद्ध डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत नहीं है, से 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ-साथ एजीएम सूचना प्राप्त करने के लिये अपने ई-मेल पते अतिशीघ्र पंजीकृत करवाने का आग्रह किया जाता है। सदस्यों से आग्रह है कि वे अपने ई-मेल पते और बैंक खाता विवरण एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के रूप में जानी जारी), कम्पनी के आरटीए को पंजीकरण हेतु उपलब्ध करवाए। इसको पंजीकृत करवाने की प्रक्रिया नीचे वर्णित है :-

| | |
|---|---|
| **भौतिक धारण के मामले में** | कम्पनी के आरटीए अर्थात एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को यथोचित हस्ताक्षरित आग्रह-पत्र अथवा rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर ई-मेल भेजे अथवा उनके वेबसाइट पोर्टल www.in.mpms.mufg.com पर अपलोड करें और ई-मेल पता और बैंक विवरण पंजीकृत करवाने हेतु निम्नलिखित विवरण / दस्तावेज उपलब्ध करवाएं :-<br>ए) फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम और मोबाइल नंबर,<br>बी) पैन कार्ड और आधार कार्ड की प्रति<br>सी) बैंक खाता का विवरण :<br>• बैंक का नाम और शाखा<br>• बैंक खाता प्रकार<br>• बैंक खाता संख्या<br>• एमआईसीआर कोड नम्बर और आईएफएससी कोड<br>• शेयरधारक के नाम वाले निरस्त चैक की प्रति। |
| **डिमैट धारण के मामले में** | कृपया अपने डीपी से सम्पर्क करें और अपना ई-मेल पता तथा आपके डीपी द्वारा परामर्श की गई प्रक्रिया के अनुसार आपके डिमैट अकाउंट में बैंक खाता विवरण पंजीकृत करवाएं। |

डिमैट रूप में शेयरधारण करने वाले सदस्य अपने ई-मेल पते अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास अपडेट कर सकते हैं। तरीका जिसमें शेयरधारक दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा एजीएम के समय ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत दान कर सकते हैं, के सम्बन्ध में निर्देश एजीएम की सूचना में निहित होंगे।

एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सदस्यों को लागू कानूनों के अनुरूप यथासमय उनके पंजीकृत ई-मेल पते पर भेजी जाएगी।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड**
हस्ता/-
दीप्ति सिंह
(कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी)

स्थान : नोएडा
दिनांक : 22.07.2025

### जलभराव के कारण यातायात की गति हुई धीमी

# झमाझम बारिश से फिर हुई दिल्ली पानी पानी, कई इलाकों में हुआ जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में हुई तेज बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव हो गया। जलभराव व कांवड़ यात्रा के चलते दिल्ली के कई क्षेत्रों में जाम की वजह से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। झमाझम बारिश ने जहां उमस व गर्मी से राहत दी वहीं जलभराव ने दिल्ली की गति को रोकने का कार्य किया। बारिश के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग 8, दिल्ली-जयपुर मार्ग, पुराना रोहतक रोड, दक्षिणी दिल्ली, दक्षिण पूर्वी दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, मध्य दिल्ली, पीरागढ़ी, आईटीओ, गुड़गांव रोड, एम्स, महरौली, मधुबन चौक, पंजाबी बाग फ्लाईओवर के नीचे, पंजाबी बाग ट्रांसपोर्ट सेंटर, त्रिनगर, सिरसपुर, मंगोलपुरी, सुल्तानपुरी, मोती नगर क्रासिंग मैन रोड़, राजा गार्डन, शक्ति नगर, मोरी गेट, हंसराज कॉलेज के पास मलका गंज चौक, एलजी हाउस और एमसीडी दफ्तर के पास, जनपथ, राजघाट के करीब, रिज एरिया, राजेंद्र नगर व आस पास तथा जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास, जीटीके डिपो, नजफगढ़ व इसके आप पास आदि जगहों पर ट्रैफिक जाम जैसे हालात बने रहे। लोगों को चंद मिनटों की दूरी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। यातायात पुलिस द्वारा जाम से निपटने के लिए उठाए गए तमाम कदम जाम को रोक नहीं पाए। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच सबसे ज्यादा बारिश रिज एरिया में 22.4 मिमी दर्ज हुई। जबकि दूसरे स्थान पर राजघाट रहा जहां 22.2 मिमी बारिश पानी बरसा। इसके अलावा सफदरजंग में 8.8 मिमी, लोधी रोड 14.2 मिमी, आया नगर 1.3 मिमी, पूसा 13.5 मिमी, नजफगढ़ 11.0 मिमी और मयूर विहार में 0.5 मिमी बारिश दर्ज हुई।

आईएमडी के अनुसार दिल्ली का अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। आईएमडी की ताजा भविष्यवाणी में कहा गया है कि बुधवार को आसमान पर बादल छाए रहेंगे, आसमानी बिजली व साथ मेघ गर्जना के साथ हल्की बारिश की संभावना है। वहीं गुरुवार से अगले अगले पांच दिनों के लिए आईएमडी ने अलर्ट जारी करते हुए अनुमान जताया है कि आसमान पर बादल छाए रहेंगे, बिजली चमकने, गर्जना के साथ हल्की बारिश की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

## एमसीडी ने सिंघोला में स्थित गाद के पहाड़ को हटाया : महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने सिंघोला - खामपुर गांव में स्थित गाद के पहाड़ को साफ कर दिया है। यह गाद करीब 7 एकड़ में डाली गई थी। इस जगह का इस्तेमाल पूर्ववर्ती शाहदरा उत्तरी एवं शाहदरा दक्षिणी जोन से निकली गाद को डालने के लिए किया जा रहा था। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए दिल्ली नगर निगम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार दिल्ली में स्थित कूड़े के पहाड़ों को समयबद्ध तरीके से हटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि हम दिल्ली को हरित एवं स्वच्छ बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। निगमों के एकीकरण के बाद इस जगह पर लगे गाद के ढेर को बायो माइनिंग एवं बायो रेमेडिएशन के द्वारा निस्तारित करने का निर्णय लिया गया। बायो माइनिंग के लिए निविदा नवंबर 2024 में दी गई और गाद के ढेर की 30 मई 2025 को साफ कर दिया गया। छः महीने के समय में करीब साढ़े 7 लाख मीट्रिक टन गाद को निस्तारित कर दिया गया। महापौर ने बताया कि गाद को निस्तारित करने के बाद अब यहां पर 8 क्षेत्रों (शाहदरा दक्षिणी, शाहदरा उत्तरी, सिविल लाइंस, सिटी पहाड़गंज, रोहिणी, नरेला, केशवपुरम एवं करोल बाग) की गाद 1 जुलाई 2025 से डालनी आरम्भ कर दी गई है। साइट पर डाली जा रही गाद को बायो माइनिंग एवं बायो रेमेडिएशन के द्वारा निस्तारित किया जाएगा।

### 'दिल्ली को अपने सपनों का शहर बनाएंगे'

महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि जब से दिल्ली एवं निगम में भाजपा की सरकार आई है सारी फिज़ा बदली बदली सी लगती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में स्थित तीनों लैंडफिल साइट को हटाने के लिए हम एक कार्ययोजना बना कर समयबद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं।

## आश्वासन के बाद डीबीसी कर्मियों ने वापस ली हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बारिश के इस मौसम में मच्छरजनित और जलजनित रोगों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन द्वारा चल रही डीबीसी (डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स) कर्मियों की हड़ताल स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा के आश्वासन बाद समाप्त कर दी गई है। सत्या शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि डीबीसी कर्मियों के अधिकारों और नागरिकों के स्वास्थ्य दोनों के प्रति समान रूप से प्रतिबद्ध है। स्थायी समिति अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि जनहित सर्वोपरि है और इस समय दिल्ली को मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाने के लिए निगम के डीबीसी कर्मियों की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने यूनियन प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाएगा, और संबंधित विभागों से समन्वय कर उचित समाधान निकाला जाएगा।

## मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब ने नेवा प्रशिक्षण में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा में आयोजित ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और लोक निर्माण एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की उपस्थिति में भाग लिया। मुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री ने नेवा प्रशिक्षण केंद्र का भी दौरा किया और विधानसभा को पूर्णतः डिजिटल और काग़ज़ रहित बनाने की दिशा में इस पहल का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। नेवा विशेषज्ञों द्वारा मुख्यमंत्री एवं अन्य विधायकों को एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें नेवा प्लेटफॉर्म के उद्देश्यों, विशेषताओं और कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि यह प्रणाली किस प्रकार से विधायी कार्यप्रणाली में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि नेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम 'वन नेशन, वन एप्लिकेशन' के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री सहित अन्य सदस्यों की उत्साही भागीदारी से हमारे लक्ष्यों की सहज प्राप्ति सुनिश्चित होगी इस डिजिटल पहल के तहत, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह को भी नेवा प्लेटफॉर्म पर सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने हेतु स्मार्टफोन प्रदान किए गए। संसदीय कार्य मंत्रालय विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन जारी रखा, जिनके माध्यम से विधायकों को नेवा प्लेटफॉर्म की विभिन्न डिजिटल विशेषताओं एवं उपकरणों से परिचित कराया गया। विधायकों ने प्रदान किए गए स्मार्टफोन के माध्यम से अपनी डिजिटल लिस्ट ऑफ बिजनेस को एक्सेस किया और प्रशिक्षण केंद्र में लगाए गए 18 नए कंप्यूटरों के माध्यम से नेवा प्रणाली के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

## दलित विरोधी है सत्ता की लोभी भाजपा : अंकुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में सत्ता की लोभी भाजपा दलित विरोधी है। इसलिए भाजपा ने अपना चेयरमैन बनाने के लिए 35 सदस्यीय एससी कमेटी को संशोधित यानी कम करके 21 सदस्यीय कर दिया है। क्योंकि उसके पास सिर्फ 9 पार्षद ही दलित समाज से हैं। एमसीडी में आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए भाजपा पर उक्त आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जबकि एमसीडी में 42 में से 31 दलित पार्षद 'आप' के हैं। अगर कमेटी का चेयरमैन 'आप' का बन जाता तो क्या बिगड़ जाता? सिर्फ सत्ता के लोभ में भाजपा ने 14 दलित पार्षदों का अधिकार छीन लिया है। अगर ये पार्षद कमेटी में होते तो अपने समाज की आवाज उठाते, लेकिन भाजपा ने इससे भी उन्हें वंचित कर दिया। नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने प्रेसवार्ता कर कहा कि कुछ दिन पहले एमसीडी की समितियों का चुनाव होना था, लेकिन महापौर राजा इकबाल सिंह ने अचानक एक नोटिस जारी कर समितियों के चुनाव को रोक दिया। क्योंकि वह 10 जुलाई को आयोजित सदन की बैठक में एक प्रस्ताव लाना चाहते थे। यह किसी को भी नहीं पता था कि महापौर कमेटियों में क्या संशोधन करना चाहते थे। अब वह संशोधन सामने आ गया है। भाजपा के महापौर ने कमेटियों में जो संशोधन किया है, वह पूरी तरह से दलित विरोधी कार्य है।

इस दौरान सिटी एसपी जोन के चेयरमैन विकास टांग ने कहा कि 2007 में वह पार्षद हैं। उस समय भी एससी कमेटी में 35 मेंबर थे। लेकिन भाजपा ने सत्ता के दुरुपयोग से इसे घटाकर 21 कर दिया।

### बम-बम भोले...



नई दिल्ली। भगवान शिव की पूजा के लिए गंगा जल लेकर आते कांवड़िया। फोटो एजेंसी

### मुख्यमंत्री ने कांवड़ियों पर की पुष्पवर्षा

# कांवड़ यात्रा धार्मिक अनुष्ठान के साथ भारतीय संस्कृति और आस्था का है जीवंत उत्सव : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था का जीवंत उत्सव है। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को शास्त्री पार्क स्थित श्यामगिरी बाबा मंदिर में संबोधित करते हुए कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कांवड़ कैंप में कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। श्रद्धा, समर्पण और सेवा की मिसाल पेश करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार इस आयोजन की आयोजक नहीं, बल्कि सेवक है। शिवभक्तों की सेवा करना न केवल सरकार की जिम्मेदारी है, बल्कि सौभाग्य भी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कांवड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा के अलावा कांवड़ मार्ग का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा, क्षेत्रीय विधायक, पार्षद एवं स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भक्ति भाव से सराबोर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि दिल्ली सरकार ने इस बार कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के लिए अभूतपूर्व तैयारियां की हैं। उन्होंने बताया कि इस बार सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी कांवड़ समिति को आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। आयोजन से जुड़ी तमाम जरूरतों-जैसे परमिशन, बिजली, पानी, शौचालय, सफाई और सुरक्षा-का समाधान सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से किया गया।





# संजय को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस

**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है। 'सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता।' संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा है 'इसमें बाबा को होना चाहिए था।

लाइफ Style

# फातिमा

## आप जैसा कोई के निर्देशक को कहा पागल

दंगल गर्ल फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें फिल्म की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में वह फिल्म आप जैसा कोई के निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सना ने विवेक के लिए एक लंबी पोस्ट लिखी है और उन्हें पागल कहा है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वह फिल्म 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए विवेक सोनी की तारीफ की है और लिखा है 'अपनी रोजाना की सेल्फी से लेकर तुम्हारे अलग अंदाज को मैं अभी भी नहीं समझ पाई।'

फातिमा सना शेख ने आगे लिखा 'तुम्हारे साथ काम करना एक सफर जैसा है। तुम बॉलीवुड के चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया हो। (मुझे अब भी नहीं पता कि तुम कैसे हर गाना, हर दृश्य याद रखते हो, तुम पागल हो।)' आपमें साधु जैसी शांति है। फिल्म में मुझे मधु बनाने के लिए और उस पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। तुम्हारी जादू वाली दुनिया का हिस्सा बनना बहुत अच्छा रहा। आपको बता दें कि फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ आर माधवन हैं। इसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला के अलावा कई लोग हैं।



हॉलीवुड मसाला





# अवतार फायर.. का नया पोस्टर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने 'अवतारः फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही फिल्म को लेकर भी बड़ी अपडेट शेयर की है। जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड ऐश' पेंडोरा की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर भी बड़ी अपडेट दे दी है। फिल्म के नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है, 'अवतारः फायर एंड ऐश में वरंग से मिलिए।' इसके जरिए मेकर्स ने ये भी बता दिया है कि फिल्म का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के साथ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा।



# वार्नर ने द कॉस्बी में निभाई थियो हक्सटेबल की भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** 80 के दशक में मशहूर अमेरिकी टीवी शो द कॉस्बी शो में थियो हक्सटेबल का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया है। कोस्टा रिका के समुद्री तट पर तैराकी के दौरान वो एक हादसे का शिकार हो गए। मैल्कम-जमाल वार्नर को अमेरिका के हर घर में तब जाना गया, जब उन्होंने 1984 से 1992 तक चले लोकप्रिय सिटकॉम 'द कॉस्बी शो' में थियो हक्सटेबल की भूमिका निभाई। वो शो में डॉक्टर हक्सटेबल के सबसे छोटे बेटे थे। थियो का किरदार निभाने वाले वार्नर ना सिर्फ एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि बाद में उन्होंने निर्देशक और निर्माता के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। मैल्कम-जमाल वार्नर की खबर जैसे ही फैली, हॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।



# स्किन टोन को लेकर किया गया शर्मिंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म से उन्हें इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि उनका रंग गोरा नहीं था। एक फिल्म निर्माता ने कहा कि वह उस किरदार के लिए गोरी नहीं हैं। इसके अलावा उन्हें बहुत पतली होने के लिए भी ताने सुनने पड़े थे। लोग अक्सर कहते थे कि उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए, क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं ज्यादा पसंद हैं। इस सभी बातों को लेकर वाणी का कहना है, 'वह खुद से खुश हैं और जैसी हैं, वैसे ही रहना चाहती हैं। वह फिट और स्वस्थ हैं और ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।'



# 25 जुलाई को रिलीज होगा वॉर-2 का ट्रेलर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है कि 'वॉर 2' का मच अवेटेड ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की रिलीज डेट बताते हुए मेकर्स की ओर से एक पोस्ट शेयर की गई, जिसमें एक ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इस पोस्टर पर ही ट्रेलर की रिलीज डेट लिखी है। इसके साथ ही लिखा है, '2025 में भारतीय सिनेमा के दो आइकन अपने सिनेमा के सफर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। वॉर 2 यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जबकि ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर के किरदार में ही दिखाई देंगे।

टीवी मसाला



# सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी है ये बच्ची

**नई दिल्ली।** देवथा सीरियल स्टार मां चैनल का एक सुपरहिट शो रहा है, जिसमें छोटी बच्ची 'देवम्मा' का किरदार सबको बहुत पसंद आया था। अहाना बर्फी ने इस शो में प्यारा सा किरदार निभाया था, शो में उन्होंने अपने टैलेंट से सभी का दिल जीता था। अहाना ने ज्यादातर इमोशनल सीन में अपनी एक्टिंग से गहरी छाप छोड़ी है, हालांकि, देवथा सीरियल के बाद वह तेलुगु टीवी सीरियल्स में नजर नहीं आईं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह पहले काफी एक्टिव रही हैं। अहाना बर्फी के इंस्टाग्राम पर करीब 4 लाख फॉलोअर्स हैं। माना जाता है कि वह किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से खास बना सकती हैं। यही वजह है कि वह टीवी की दुनिया में धाक जमाए हुए हैं। अहाना बर्फी का जन्म 20 जनवरी को हुआ था, खबर है कि इन दिनों वह पढ़ाई में बिजी हैं और इसी वजह से एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं। फिलहाल वह अपनी पढ़ाई पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी काम किया है, हालांकि अब वह एक्टिंग से ब्रेक पर हैं, लेकिन उनकी हाल की फोटोज देखकर लोग हैरान हो रहे हैं, वो अब बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके पहले और अब की फोटोज को देखकर लोग कमेंट कर रहे हैं कि वह कितनी बदल गई हैं और पहले से भी खूबसूरत हो गई हैं। कुछ समय पहले उनका एक पारिवारिक फंक्शन वीडियो भी वायरल हुआ था। अहाना की एक फोटो बलैया और श्रीलीला के साथ भी वायरल हुई थी। फैंस का मानना है कि अगर अहाना दोबारा एक्टिंग में आती हैं तो उन्हें बहुत बड़ा प्यार और फॉलोइंग मिलेगी।

## अविनाश प्यार से बंधे रिश्ते में आएंगे नजर

**नई दिल्ली।** अविनाश मिश्रा टीवी की दुनिया के पॉपुलर एक्टर हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' के बाद अब वह अपना नया शो लेकर आ रहे हैं। अविनाश मिश्रा बालाजी टेलीफिल्म्स के यूट्यूब ओरिजिनल शो प्यार से बंधे रिश्ते में नजर आएंगे। हाल ही में अविनाश मिश्रा ने अपने इस नए शो को लेकर बात की और कहा कि वह प्रोजेक्ट की तलाश में थे जिसके जरिए वह दर्शकों से कनेक्ट कर पाए। अविनाश मिश्रा ने अपने नए शो प्यार से बंधे रिश्ते के बारे में कहा, 'बिग बॉस के बाद मैं ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रहा था, जिससे मैं फिर से अपने दर्शकों से जुड़ सकूं। 'प्यार से बंधे रिश्ते मुझे बिल्कुल सही लगा। मैं बालाजी टेलीफिल्म्स का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और अपने पहले यूट्यूब शो की जिम्मेदारी मुझे दी।' उन्होंने कहा कि यह शो उनके लिए भी कुछ नया और अलग है।



# बॉबी देओल की फिल्म बंदर का टीआईएफएफ में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर (बंदर पिंजरे में) का आगामी टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में विश्व प्रीमियर होने वाला है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टोरंटो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कनाडा में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। यहां इसे दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप कर रहे हैं। बॉबी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। बॉबी देओल ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि एक छोटे कमरे में कई लोग सो रहे हैं।



इन सबके बीच बॉबी देओल चिंता में बैठे हुए हैं। कमरे की दीवार पर लोगों के कपड़े टंगे हैं। इसी कमरे में कई बर्तन भी रखे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए बॉबी देओल ने जो टैग्स लगाए हैं, उसके मुताबिक फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी नजर आ सकती हैं। बॉबी देओल की पोस्ट पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने कमेंट करते हुए लिखा है बहुत-बहुत बधाई सर। अभिनेत्री सैयामी खेर ने लिखा है 'याय...' हुमा कुरैशी ने बॉबी देओल को मुबारकबाद देते हुए फायर वाला इमोजी बनाया है। सनी देओल ने भी थम्स अप और दिल वाला इमोजी बनाया है। बॉबी देओल आखिरी बार तेलुगु फिल्म डाकू महाराज में दिखाई दिए थे।

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स भी हुए हैं, जिन्हें शुरुआत में तो सफलता मिली, लेकिन उसके बाद वो अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गए। इनमें कई ऐसे भी सितारे शामिल हैं, जिनकी पहली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।*

# सफल डेब्यू के बाद अचानक इंडस्ट्री से गायब हुए ये सितारे

**इमरान खान** : सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म जाने तू या जाने ना से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म को पसंद भी किया गया था। इसके बाद इमरान खान कई और फिल्मों में भी नजर आए जिनमें मेरे ब्रदर की दुल्हन, ब्रेक के बाद, मटरू की बिजली का मन डोला, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा, एक मैं और एक तू, गोरी तेरे प्यार में और डैली वैली जैसी फिल्में शामिल हैं। इमरान आखिरी बार 2015 में आई फिल्म कट्टी-बट्टी में नजर आए थे। इसके बाद लगभग दस साल बीत चुके हैं, लेकिन इमरान खान इंडस्ट्री से गायब हैं। हालांकि, ऐसी चर्चाएं हैं कि वो हैप्पी पटेल नाम की फिल्म में नजर आ सकते हैं।

**असिन** : आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म गजनी से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री असिन बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी काफी चर्चित रहीं। लेकिन, शादी के बाद असिन अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। असिन की बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो इनमें अधिकतर



बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। असिन की फिल्मों में गजनी, लंदन ड्रीम्स, रेडी, हाउसफुल 2, बोल बच्चन, खिलाड़ी 786 और ऑल इज वेल जैसी फिल्में शामिल हैं। असिन ने अपने कॅरियर में आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

**अमृता राव** : साल 2006 में आई फिल्म विवाह से रातों-रात नेशनल क्रश बन जाने वाली अमृता राव ने अपने करियर में कई फिल्में की। लेकिन, फिर अमृता अचानक लाइमलाइट से दूर हो गईं। हालांकि, वो छह साल पहले आई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म ठाकरे में नजर आई थीं। लेकिन, फिलहाल अमृता एक लंबे वक्त से इंडस्ट्री से दूर हैं। अमृता ने अपने कॅरियर में 'इश्क विश्क, मस्ती, मैं हूं ना, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, प्यारे मोहन और शौर्य जैसी फिल्में दी हैं।

**जायद खान** : इंडस्ट्री में कई स्टारकिड ऐसे भी रहे जिनका कॅरियर कुछ खास नहीं रहा। ऐसे ही स्टारकिड्स में शामिल हैं वेटरन एक्टर संजय खान के बेटे जायद खान। चुरा लिया है तुमने से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले जायद खान का कॅरियर कुछ खास नहीं रहा।

## दुनिया बनाने वाले..., दोस्त-दोस्त न रहा जैसे मशहूर गाने गाए

# अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में बनाई जगह



*नई दिल्ली। 'इक दिन बिक जाएगा, माटी के मोल, जग में रह जाएंगे, प्यारे तेरे बोल'। गायक मुकेश की आवाज में यह गाना लोगों को खूब भाया। उन्होंने अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जीना यहां मरना यहां, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, दोस्त-दोस्त न रहा और मेरा जूता है जापानी जैसे मशहूर गाने गाए। भले ही मुकेश इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह अपने गानों के जरिए लोगों के दिलों में जिंदा हैं।*

### भाग कर की शादी

मुंबई में मुकेश को एक गुजराती व्यापारी की लड़की सरला से प्रेम हो गया। सरला के पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। मुकेश के पिता भी इस शादी के लिए राजी नहीं थे। ऐसे में मुकेश ने सरला से भागकर शादी करने का फैसला किया। मुकेश ने सरला से एक मंदिर में अपने चचेरे भाई मोतीलाल की मौजूदगी में शादी की।

### इंजीनियर बनाना चाहते थे पिता

मुकेश बचपन से ही गायक बनना चाहते थे। उन्होंने मैट्रिक तक ही पढ़ाई की। पढ़ाई के दिनों में वह स्कूल के कार्यक्रमों में गाया करते थे। मुकेश के पिता जोरवर चंद माथुर, मुकेश को सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मुकेश की नौकरी पीडब्ल्यूडी में लगवा दी। हालांकि, मुकेश के मन में गायक बनने का सपना जिंदा रहा। एक दिन उन्होंने अखबार में देखा कि मुंबई में कलाकारों की भर्ती निकली है। इसके बाद वह मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचकर मुकेश को पांच साल बाद कामयाबी मिली।

### पहली बार नाकाम होने पर लोगों ने छोड़ा साथ

मुकेश की बहन की शादी हो रही थी। इसमें गाने बजाने का भी प्रोग्राम हो रहा था। लड़के वालों की जिद पर मुकेश ने समारोह में एल के सहगल के कुछ गाने गाए। इस शादी में फिल्मी दुनिया से भी कुछ लोग आए थे। उन्होंने मुकेश की आवाज सुनी। इसके बाद उन लोगों ने मुकेश कि पिता से कहा कि वह मुकेश को फिल्मों में काम देना चाहते हैं। मुकेश के पिता ने हां कह दी। इसके बाद मुकेश ने पहली बार फिल्म निर्दोष (1941) में गाना गाया और अभिनय किया। यह फिल्म नहीं चली। जिन लोगों ने मुकेश को काम के लिए बुलाया था, उन्होंने भी उनका साथ छोड़ दिया।

### लता मंगेशकर का कॅरियर बनाने में मदद की

लता मंगेशकर मुकेश को अपना भाई मानती थीं। वह रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधती थीं। लता जब भी अपने संघर्ष के दिनों को याद करतीं तो वह मुकेश को भी याद करतीं। मुकेश ने ही लता मंगेशकर को अपना कॅरियर बनाने में मदद की। उस दौर में लता को लोग पतली आवाज की वजह से पसंद नहीं करते थे। उन्हें कई जगहों से नकारा जा चुका था। हालांकि, मुकेश को लता की आवाज अच्छी लगी। उन्होंने लता को नौशाद से मिलवाया। उन्हीं के कहने पर फिल्म अंदाज में लता को छह गाने गाने का मौका मिला। यहां से लता के कॅरियर को रफ्तार मिली।

### मुश्किलों से रिलीज हुआ पहला गाना

*यह साल 1943 का दौर था। मुकेश ने अपने चचेरे भाई अभिनीत फिल्म पहली नजर में दिल जलता है गाना गाया। फिल्म के निर्देशक मजहर खान इस गाने को रिलीज नहीं करना चाहते। उनका कहना था कि मोतीलाल चुलबुले किरदार करते हैं। ऐसे में उन पर गंभीर गाना नहीं जचेगा। ऐसे में उन्होंने कहा कि अगर फिल्म में मुकेश के गाने को दर्शकों ने पसंद नहीं किया तो एक हफ्ते के बाद फिल्म से इस गाने को निकाल दिया जाएगा। लेकिन, मुकेश का गाया गाना लोगों को पसंद आया। इसके बाद मुकेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### गानों के जरिए हिट कराई फिल्म

*गायक होने के साथ मुकेश एक फिल्म निर्माता भी थे। उस दौर में वह ऐसे गायक थे कि अपने दम पर फिल्में हिट कराने की ताकत रखते थे। साल 1951 में आई फिल्म मल्हार के प्रोड्यूसर खुद मुकेश थे। फिल्म के गानों को उन्होंने गाया। इसमें उनका साथ लता मंगेशकर ने भी दिया। फिल्म में बड़े कलाकार नहीं थे। इसके बावजूद ये फिल्म हिट रही। इस फिल्म के गाने बहुत मशहूर हुए, जिसकी वजह से यह फिल्म हिट रही।*

## खबर संक्षेप

### कांवड़ यात्रा का माहौल खराब कर रही सपा



**लखनऊ।** यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे शक है कि कांवड़ यात्रा में सपा अपने लोगों को भेज कर माहौल खराब करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कानून के हिसाब से कार्रवाई करती है,जब कार्रवाई करती है तो तुष्टीकरण करने वालों को इससे तकलीफ होती है।

### युवक ने मासूम को बनाया हवस का शिकार



**गढ़वा।** जिले से इंसानियत को तार-तार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां दो साल की मासूम बच्ची के साथ उसके दूर के रिश्तेदार ने बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि 22 वर्षीय आरोपी को चिनियां थाना क्षेत्र के एक इलाके से गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पीड़िता का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मासूम बच्ची के साथ हुई हैवानगी से गांव-समाज और परिवार के लोग आक्रोशित हैं।

### उत्तर प्रदेश में 9 पीसीएस अफसरों के तबादले





**लखनऊ।** यूपी में मंगलवार को 9 पीसीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। अरविंद कुमार मिश्रा को अपर सूचना निदेशक बनाया गया है जबकि गरिमा स्वरूप को विशेष कार्य अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग नियुक्त किया गया है। वह अभी तक बाल विकास पुष्टाहार निदेशालय में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत थीं।इसी तरह विनोद कुमार गौड़ को फर्रूखाबाद का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। वह अभी तक उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के उप सचिव के पद पर कार्यरत थे।

# योगी की पहल पर काशी में 42 साल बाद खुला ताला, गुरुद्वारा व मंदिर का विवाद खत्म

वाराणसी में गुरुद्वारा और हनुमान मंदिर का विवाद 42 साल बाद मुख्यमंत्री योगी की पहल के बाद खत्म हो गया है। चार दशक से यहां लगा ताला खोल दिया गया है। अब एक तरफ सबद तो दूसरी तरफ हनुमान चालीसा सुनाई देगा।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी ने अपनी तासीर के अनुरूप एक और मिसाल पेश की है। करीब 42 साल पुराना मंदिर और गुरुद्वारे का विवाद दोनों पक्षों की सहमति से हल हो गया। जगतगंज स्थित गुरुद्वारे और मंदिर के इस विवाद के हल होने के बाद अब गुरुवाणी और हनुमान चालीसा के स्वर एक-दूसरे से घुले-मिले सुनाई देंगे। एक ही प्रांगण में 'सत श्री अकाल' और 'महावीर हनुमान की जय' की गूंज साथ होगी। स्वामित्व विवाद का यह मामला पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंचा था। उन्होंने इस दिशा में पहल की थी। इसके




### कई चक्र की वार्ता के बाद इस बात की बनी सहमति

पूरे मामले में स्वतंत्रता सेनानी शहीद बाबू जगत सिंह के वंशज प्रदीप नारायण सिंह ने दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता का गुरुतर भार संभाला। कई चक्र की वार्ता के बाद इस बात की सहमति बन गई कि एक ही प्रांगण में एक ओर भव्य गुरुद्वारा होगा तो दूसरी ओर रामभक्त हनुमान की दिव्य आभा। इसके बाद करीब 42 वर्षों से बंद ताला खोल दिया गया।

इस निर्णय की जानकारी भी खुले मन से उल्लास के साथ दोनों पक्षों ने संयुक्त प्रेसवार्ता में सोमवार को दी। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और बड़े हनुमान मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने सिद्धगिरि बाग स्थित गुरुनानक भवन में बताया कि स्वामित्व के विवाद के बाद प्रशासन ने इस पर ताला लगा दिया था। इसके बाद कई चक्र वार्ताओं का दौर चला। तीन हजार से 3500 वर्गफीट भूमि का मामला कोर्ट तक पहुंचा। अंततः विवाद का समाधान आपसी सहमति से हो गया।

### विश्व में मिसाल कायम करेगा

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार करन सिंह सभरवाल ने कहा कि गुरुद्वारा करीब दो सौ साल पुराना है। 42 साल पहले अराजकतत्व इस पर कब्जा करना चाहते थे। इसके बाद ही विवाद ने तूल पकड़ लिया था। बड़े हनुमान मंदिर प्रबंध समिति, जगतगंज के व्यवस्थापक श्याम नारायण पांडेय ने कहा कि आपसी सहमति के बाद विवाद खत्म हो गया है। आपसी सौहार्द ही बनारस की पहचान है।

## योगी कैबिनेट ने 38 में से 37 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

# महिलाओं को एक करोड़ तक की भूमि खरीद पर स्टांप शुल्क में 1% की छूट

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में महिलाओं के नाम प्रापर्टी खरीदने पर योगी सरकार ने बड़ी राहत दे दी है। अब एक करोड़ तक की प्रापर्टी पर महिलाओं को एक प्रतिशत की छूट मिलेगी। पहले दस लाख रुपए तक की प्रापर्टी पर ही यह छूट मिलती थी। कैबिनेट ने कुल 37 प्रस्तावों पर मुहर लगाई है।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में कई बड़े और जनहितकारी फैसलों पर मुहर लगाई। महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं।

स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल ने इस फैसले को महिला सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम बताया। उन्होंने कहा कि "महिलाओं को संपत्ति में अधिकार दिलाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार यह छूट दे रही है। सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक महिलाएं संपत्ति की मालिक बनें।"

**खास बातें**

- एक करोड़ तक की प्रापर्टी पर महिलाओं को 6% स्टांप शुल्क देना होगा
- शिक्षाविदों व तकनीकी विशेषज्ञों की सलाह पर स्मार्टफोन न देने का फैसला



### 15 साल पुराने सरकारी वाहन होंगे कबाड़

पर्यावरण और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए योगी कैबिनेट ने यह भी निर्णय लिया है कि 15 साल पुराने सभी सरकारी वाहनों को कबाड़ घोषित कर दिया जाएगा। इन वाहनों को नीलामी या नष्ट करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इससे न सिर्फ प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिलेगी, बल्कि सरकारी बेड़े में नई और तकनीकी रूप से बेहतर गाड़ियों को शामिल किया जा सकेगा।

### छात्रों को टैबलेट की सौगात

शिक्षा और तकनीकी पहुंच को बढ़ावा देने के लिए 'विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना' में भी बदलाव किया गया है। अब इस योजना के तहत छात्रों को सिर्फ टैबलेट वितरित किए जाएंगे, स्मार्टफोन अब योजना का हिस्सा नहीं रहेंगे।

सरकार का मानना है कि टैबलेट्स शैक्षणिक उपयोग के लिहाज से अधिक उपयोगी हैं और छात्रों को ऑनलाइन क्लास, ई-लर्निंग और डिजिटल कंटेंट तक आसान पहुंच दिलाएंगे। यह निर्णय शिक्षाविदों और तकनीकी विशेषज्ञों की सलाह के बाद लिया गया है।

### यूपी में बनाए जाएंगे नए 121 पॉलिटेक्निक कॉलेज

*वहीं कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि टाटा टेक्नोलॉजी की ओर से टाटा एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किया जाएगा। ये उत्तर प्रदेश के लिए गेम चेंजर साबित होगा। इस फैसले से ग्रामीण इलाकों के लोगों को सबसे ज़्यादा फ़ायदा होगा। वहीं, उत्तर प्रदेश में 121 पॉलीटेक्निक कॉलेज बनाये जाएंगे, जिसमें पहले चरण में 45 का निर्माण किया जाएगा। मौके पर मौजूद पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि पराग डेयरी नोएडा के विक्रय को मंजूरी प्रदान कर दी गई। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा अहम प्रस्ताव पारित किया गया है। कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल नंदी ने बताया कि 939 करोड़ से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे बनेगा जिसकी लंबाई 15.87 किमी होगी। जो छह लेन तक बढ़ाया जा सकेगा। चित्रकूट-झांसी लिंक एक्सप्रेस वे 548 दिन में पूरा होगा।*

## दूसरे दिन भी विपक्ष ने जोरदार हंगामा

# मार्शलों से धक्कामुक्की विस में कुर्सी-टेबल से कुश्ती



एजेंसी ▶▶ पटना

एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) पर चर्चा को लेकर बिहार विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन भी विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। जिसके चलते सदन को 23 जुलाई सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दिया गया है। कार्यवाही शुरू होने से पहले सदन के बाहर और फिर सदन के अंदर विपक्षी विधायकों ने जमकर बवाल काटा। भोजन अवकाश के बाद दोपहर 2 बजे जब फिर से सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष विधायक कुर्सी टेबल पलटने की कोशिश करने लगे। रिपोर्टिंग टेबल को उठा लिया। इस दौरान स्पीकर नंद किशोर यादव विपक्षी विधायकों को ऐसा करने से रोकते रहे, लोकतंत्र के मंदिर की दुहाई देते रहे। लेकिन विपक्ष एसआईआर पर चर्चा को लेकर अड़ा रहा।

**▶ विपक्षी विधायकों को समझाते रह गए स्पीकर**

### विपक्ष ने कहा- वोटर लिस्ट पुनरीक्षण पर बहस हो

मार्शल विधायकों को रोकने की कोशिश करते दिखे। लेकिन विधायक नहीं माने। जिसके बाद सदन की कार्यवाही को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विधानसभा में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर चर्चा कराने की मांग को लेकर दूसरी पाली का कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने फिर से हंगामा शुरू कर दिया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मांग की कि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक बुलाई जाए और वोटर लिस्ट पुनरीक्षण पर बहस हो, जिससे स्पीकर ने सीधे तौर पर इनकार कर दिया।

### विधानसभा में 6 विधेयक पारित हुए

स्पीकर ने कहा कि सदन के फर्स्ट हाफ में में विपक्ष के विधायकों को बोलने की इजाजत दी गई थी लेकिन विधायकों ने नहीं बोला। इसके बाद विपक्ष के विधायक वेल में पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान सदन में मौजूद महिला विधायकों ने रिपोर्टिंग टेबल पर कुर्सी उछाली। विपक्ष के भारी हंगामे के बीच विधानसभा में 6 विधेयक पारित हुए। विधानसभा की कार्यवाही 30 मिनट चलने के बाद बुधवार 11 बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## पेज एक का शेष

### डेढ़ साल की देरी...अमेरिका...

है। सेना के सार्वजनिक सूचना निदेशालय (एडीजीपीआई) ने एक्स पोस्ट में 22 जुलाई की सुबह अपाचे हेलिकॉप्टरों के एरिजोना (अमेरिका) से उत्तर-प्रदेश के हिंडन एयरबेस पर पहुंचने की जानकारी दी। साथ ही इस घटना को एक अहम क्षण बताते हुए कहा कि यह अत्याधुनिक प्लेटफार्म सेना की रणनीतिक और परिचालन क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगे।

**जरूरी जांच के बाद भरेंगे उड़ान :** सूत्रों ने कहा कि भारत को मिले तीनों हेलिकॉप्टरों में देश के अंदर उनके कलपुर्जों को जोड़ा जाएगा। फिर जरूरी जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आर्मी एविएशन कोर द्वारा जोधपुर से इनकी आधिकारिक उड़ान की शुरुआत होगी। हेलिकॉप्टरों को उड़ाने के लिए सेना के एविएशन कोर के पायलटों का प्रशिक्षण 2024 में ही पूरा हो गया है। अब वो अपाचे को उड़ाने के लिए तैयार हैं।

**अपाचे की खूबियां :** अपाचे को आसमान के योद्धा के रूप में जाना जाता है। ये विश्व का एक अत्याधुनिक बहुउद्देशीय हेलिकॉप्टर है। जो हेलफायर मिसाइल, रॉकेट और 30 मिमी. ऑटोमैटिक तोप जैसे बेहद मारक हथियारों से लैस है। उन्नत सेंसर और नेविगेशन सिस्टम की मदद से यह रात के समय में और किसी भी मौसम में आसानी से अपने मिशन को पूरा करने में सक्षम है। इसके अलावा इसकी घातक रणनीतिक क्षमता, युद्धक्षेत्र में त्वरित प्रतिक्रिया, लंबी दूरी तक सैन्य अभियानों के संचालन और नेटवर्क सेंट्रिक युद्ध कौशल जैसी तकनीक दुश्मन के हौसले तोड़ने के लिए काफी है। सेना और वायुसेना के पास अपाचे हेलिकॉप्टरों की ताकत से दोनों सैन्य बलों द्वारा संयुक्त अभियानों में भारतीय सशस्त्र सेनाओं को काफी मदद मिलेगी।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ के...

अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, निर्मला सीतारमण समेत तमाम वरिष्ठ मंत्री भी चुप हैं। संसद के मौजूदा मानसून सत्र में नए उपराष्ट्रपति का चुनाव होने की संभावना कम है। सरकार इस सत्र में चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं करेगी। राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने मंगलवार शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स अकाउंट से इसकी जानकारी साझा की गई। जगदीप धनखड़ का उप राष्ट्रपति पद से त्यागपत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार किया है। इससे उप सभापति के तौर पर हरिवंश की जिम्मेदारी बढ़ गई है। जल्द ही इस संबंध में राजपत्र (गजट) अधिसूचना जारी की जाएगी। धनखड़ के इस्तीफे पर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस्तीफे का कारण वही जानते हैं या फिर सरकार को मालूम होगा। हमें इससे कोई लेना-देना नहीं है। यह सरकार पर निर्भर करता है कि वह उनका इस्तीफा स्वीकार करे या नहीं।

**11 दिन पहले पूर्व राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा था- 2027 में रिटायर हो जाऊंगा :** 10 जुलाई को एक कार्यक्रम में उन्होंने खुद कहा था कि वो अपना कार्यकाल पूरा करेंगे और 2027 में रिटायर होंगे, लेकिन सिर्फ 11 दिन में उनका रुख बदल गया और उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

### ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा...

सहमति जताई। ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में 16 घंटे और राज्यसभा में 9 घंटे का समय चर्चा के लिए तय किया गया है। नये उपराष्ट्रपति का चुनाव भी इसी दरम्यान होना है।

### लोकसभा अध्यक्ष बिरला...

आते हैं। गौरतलब है कि जस्टिस वर्मा पिछले दिनों उस वक्त चर्चा में आये थे जब उनके सरकारी आवास में नकदी में आग लगने की घटना सामने आई थी। इसके बाद वे भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे थे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट से उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया था। महाभियोग से जुड़े प्रस्ताव पर विपक्षी दलों ने भी सक्रियता दिखाई है। राज्यसभा में भी एक समान प्रस्ताव विपक्ष की ओर से दिया गया है। ऐसे में अब उम्मीद की जा रही है कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में इस विषय पर समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्ताव को मुख्य रूप से लोकसभा में ही आगे बढ़ाया जाएगा।

### एयर इंडिया ने...

विमान अहमदाबाद से लंदन के गैटविक के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद एक इमारत से टकरा गया था। हादसे में 260 लोग मारे गए, जिनमें 19 लोग जमीन पर और विमान में सवार 242 यात्री व चालक दल के सदस्य थे।

**जांच रिपोर्ट में हुआ था खुलासा :** यह कदम एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर 15 पृष्ठों की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद उठाया गया, जिसमें खुलासा हुआ था कि इंजन को ईंधन आपूर्ति करने वाले स्विच उड़ान भरने के एक सेकंड के भीतर ही बंद हो गए थे। यही इस दर्दनाक हादसे का प्रमुख कारण था।

### कांग्रेस को झटका, भरने होंगे...

में 199.15 करोड़ रुपये की आय को धारा 13A के तहत छूट के रूप में दावा करते हुए शून्य आय घोषित की थी। इस आय में मुख्य रूप से दान से प्राप्त राशि शामिल थी, जिसके बारे में कांग्रेस का दावा था कि यह कर - मुक्त होनी चाहिए। हालांकि, आयकर विभाग ने सितंबर 2019 में जांच के दौरान पाया कि कांग्रेस ने 14.49 लाख रुपये के नकद दान स्वीकार किए, जो कि प्रति दानकर्ता 2,000 रुपये की वैधानिक सीमा से अधिक थे। इसके अलावा, देर से रिटर्न दाखिल करने के कारण पार्टी धारा 13ए के तहत छूट के लिए पात्र नहीं थी। 6 जुलाई 2021 को जारी आकलन आदेश ने इस छूट को पूरी तरह से खारिज कर दिया, जिससे 199.15 करोड़ रुपये की पूरी राशि पर अब टैक्स जमा करना होगा। इस राशि पर 103 करोड़ रुपये का टैक्स और 32 करोड़ रुपये का ब्याज जोड़ा गया, जिससे कुल मांग 135 करोड़ रुपये हो गई।

### संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की...

तत्व सक्रिय न रहे। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जाए ताकि यदि कोई व्यक्ति परीक्षा से संबंधित किसी प्रकार की अफवाह फैलाने का प्रयास करे तो उसे समय रहते रोका जा सके और भ्रामक सूचनाएं प्रसारित न हों।

**पर्याप्त बसों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएः मुख्यमंत्री :** उन्होंने कहा कि सीईटी परीक्षा के दौरान जहां बसों की पर्याप्त उपलब्धता की जानी है, वहीं आगामी तीज पर्व को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग यह भी सुनिश्चित करे कि आमजन की आवाजाही के लिए भी पर्याप्त बसों की व्यवस्था रहे, जिससे प्रदेशवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि महिला परीक्षार्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों को भी परीक्षा दिवस पर बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

**सीईटी परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी तैयारियां पूर्णः मुख्य सचिव :** बैठक के दौरान मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बताया कि सीईटी परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन हेतु राज्य सरकार द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा के दोनों दिनों में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को अवकाश न दिया जाए और सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपने मोबाइल फोन चालू स्थिति में रखें ताकि आवश्यकतानुसार त्वरित संपर्क किया जा सके।

**लगभग 13 लाख 48 हजार अभ्यर्थी भाग ले रहे :** बैठक मे बताया कि इस बार सीईटी परीक्षा में लगभग 13 लाख 48 हजार अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु प्रदेशभर में कुल 834 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता, उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विनीत गर्ग, स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल, परिवहन विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री टी एल सत्यप्रकाश, सीआईडी प्रमुख श्री सौरभ सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में सभी जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए।

### देश के नागरिकों की...

ऊर्जा जरूरतें पूरी करना प्राथमिकता : पीएम की विदेश यात्रा को लेकर राजधानी में आयोजित किए गए एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए प्रश्न के जवाब में मिस्री ने कहा कि 'ऊर्जा सुरक्षा के संबंध में हमें जो करना होगा, हम वो करेंगे। भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता अपने नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना है। जिसके लिए हम आवश्यक कदम उठाएंगे। उन्होंने दोहराते हुए कहा कि हम पहले भी यह कह चुके हैं कि दोहरे मापदंड नहीं अपनाना महत्वपूर्ण है और व्यापक ऊर्जा बाजार के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय स्थिति के बारे में स्पष्ट दृष्टिकोण होना चाहिए'। यहां बता दें कि विदेश सचिव की यह टिप्पणी बीते दिनों ईयू द्वारा रूस के ऊर्जा क्षेत्र पर लगाई गई दंडात्मक पाबंदियों से जुड़ी हुई है। जिसमें गुजरात स्थित वाडिनार रिफाइनरी भी शामिल है। रूस की ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी रोसनेफ्ट की इस भारतीय रिफाइनरी में बड़ी भागीदारी है। विदेश सचिव से प्रश्न में पूछा गया था कि क्या ईयू की इन पाबंदियों का मुद्दा भारत और ब्रिटेन के राष्ट्राध्यक्षों की बातचीत में शामिल किया जाएगा? इन सबके बीच रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने बीते कुछ वर्षों में रूस से अपनी तेल खरीद में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की है।

**ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दों पर संतुलन से हो बातचीत :** उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा के मामले में कुछ चीजों का स्पष्ट होना जरूरी है। जिसमें ऊर्जा प्रदाता कहां स्थित हैं, वे कहां से आने वाले हैं और किसे किस समय ऊर्जा की आवश्यकता है? जैसी चीजें मुख्य रूप से शामिल हैं। मेरी नजर में इन मामलों को पर्याप्त रूप से नहीं समझा जाता है। भारत समझता है कि यूरोप एक बड़े सुरक्षा के मुद्दे से जूझ रहा है। बाकी दुनिया भी ऐसी समस्या से दो-चार हो रही है। जिसे देखते हुए इन मामलों में बात करते समय संतुलन और दृष्टिकोण को बनाए रखना जरूरी है। दोनों नेताओं की बैठक में खालिस्तानी चरमपंथियों की नकारात्मक गतिविधियों, भारत से भागकर ब्रिटेन में रह रहे आर्थिक भगोड़े अपराधियों के भारत प्रत्यर्पण जैसे मुद्दे शामिल किए सकते हैं।

### ब्रिटेन में किंग चार्ल्स-3...

मोहम्मद मुइज्जू ने पीएम को विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। 26 जुलाई को प्रधानमंत्री मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। दोनों शीर्ष नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक भी होगी। जिसमें आपसी सहयोग के मुद्दों पर व्यापक आधार पर चर्चा की जाएगी।

## मजदूरों के जान को खतरा होने की आशंका जताई थी

# तमिलनाडु में अगवा झारखंड के 6 लोगों को लेकर आई पुलिस

एजेंसी ▶▶ रांची



तमिलनाडु में अगवा हुए झारखंड के सभी छह लोगों को लेकर झारखंड पुलिस ने मंगलवार को बड़ी खबर दी। एक पुलिस अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कथित तौर पर दक्षिणी राज्य में अपहृत हुए जामताड़ा के इन सभी छह मजदूरों को बचा लिया गया है। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने इस बारे में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए सभी लोगों की जानकारी देते हुए उनकी जान को खतरा होने की आशंका जताई थी, जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए सभी के सुरक्षित होने की जानकारी दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बचाए गए मजदूर फिलहाल तमिलनाडु के सलेम पुलिस स्टेशन में हैं और उन्हें झारखंड वापस लाने की व्यवस्था की जा रही है।

जामताड़ा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजकुमार मेहता ने इस बारे में पीटीआई-भाषा से कहा, 'तमिलनाडु पुलिस ने हमसे संपर्क किया। हमारी जानकारी के आधार पर, उन्होंने सभी छह मजदूरों को बचा लिया है। हालांकि, अब तक मिली जानकारी के अनुसार, घटना में कथित रूप से शामिल अपराधी फरार हैं।' पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी छह मजदूर काम करने के लिए तमिलनाडु गए थे। हालांकि अगवा मजदूरों के नाम व अन्य जानकारी पूछने पर उन्होंने कहा कि जामताड़ा पहुंचने के बाद ही उनकी उम्र और अन्य जानकारी का पता चलेगा।

## सड़क किनारे जून में मिला था नवजात

# एक माह रहा भर्ती, आगरा एडॉप्शन सेंटर भेजते हुए नर्सों के निकले आंसू

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़



जिला महिला अस्पताल में एक महीने के नवजात बालक को अस्पताल से रवाना करते समय नर्सें फफक-फफक कर रो पड़ीं। यह नवजात 21 जून को अकराबाद क्षेत्र में सड़क किनारे मिला था, उस समय वह केवल चार दिन का था।

चाइल्ड वेलफेयर समिति ने अकराबाद पुलिस की मदद से बालक को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां एसएनसीयू वार्ड में एक महीने तक सघन चिकित्सा के बाद बालक पूरी तरह स्वस्थ हो गया। इस दौरान उसकी देखभाल करने वाली नर्सों का उससे गहरा लगाव हो गया था। बालक को अब आगरा स्थित एडॉप्शन सेंटर भेजा गया है। बाल कल्याण समिति के गौरव चंदेल ने बताया कि 21 जून को यह बालक सड़क किनारे एक बाइक सवार को रोता हुआ मिला था, जिसके बाद उसने उसे उठाया। बालक फेफड़ों में संक्रमण का शिकार था, लेकिन इलाज के बाद वह पूरी तरह ठीक हो गया। 19 जुलाई को उसे आगरा के एडॉप्शन सेंटर में भेजा गया है।

### अलीगढ़ में जल्द शुरू होगा नवजात

अलीगढ़ में अगले 15 दिनों में अपना नवजात एडॉप्शन सेंटर शुरू हो जाएगा। इसके लिए जिला पंचायत परिसर में एक भवन किराए पर लिया गया है। सेंटर में 6 आया, एक नर्स, एक डॉक्टर और एक मैनेजर सहित स्टाफ की तैनाती की गई है। इसका संचालन चाइल्ड लाइन समिति द्वारा किया जाएगा।

## अयोध्या में हेलिकॉप्टर से कांवड़ियों पर बरसाए फूल

# हर हर महादेव और जय श्री राम के गूंजे जयकारे

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या जिला प्रशासन ने आज कांवड़ियों पर हेलिकाप्टर से पुष्प वर्षा की। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने हेलीकाप्टर से नया घाट लता चौक राम की पैड़ी राम कथा पार्क क्षेत्र में कांवड़ियों के ऊपर फूल बरसाए।

### सरयू तट रामपैडी और रामपथ पर शिवमय हो गई राम की नगरी



पुष्प वर्षा से गदगद शिवभक्त कांवड़ियों ने हर हर महादेव जय श्री राम हर हर बमबम के जयकारे लगाते हुए नागेश्वर नाथ पर जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। सोमवार की भांति मंगलवार को सावन माह कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के कारण सरयू तट रामपैडी और रामपथ पर से राम की नगरी शिवमय हो गई। शिवभक्त रामपैडी में डुबकी लगा सरयू से जलभर पंक्तिबद्ध होकर सुबह तीन बजे से जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक कर रहे।

### रामनगरी की सड़कें कांवड़ियों की भारी भीड़

*सोमवार से शिवभक्त कांवड़ियों का आगमन शुरू हो गया जो मंगलवार को भी अनवरत जारी है। रामनगरी की सड़के कांवड़ियों की भारी भीड़ के नाते भगवामय दिख रही है। नागेश्वर नाथ मे जलाभिषेक करने के बाद शिव भक्त राम मंदिर एवं हनुमानगढ़ी मे दर्शन करने के साथ साथ कनक भवन सहित अन्य मंदिरों मे भी दर्शन पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।*

## चिंतन

# इस्तीफा व्यक्तिगत फैसला विपक्ष न करे राजनीति

उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद से देश में सियासी पारा गर्म है। विपक्ष सरकार पर दबाव बना रहा है कि इस इस्तीफे के पीछे का सच बाहर आना चाहिए। सरकार या भाजपा की तरफ से चुप्पी सस्पेंस को बढ़ा रही है और कयासों को हवा दे रही है। इस्तीफे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिक्रिया भी सामान्य है। हालांकि इस्तीफा व्यक्तिगत फैसला होता है, इस पर विपक्ष को राजनीति नहीं करनी चाहिए। जगदीप धनखड़ ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र के पहले दिन स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से त्यागपत्र दे दिया और कुछ ही देर बाद राष्ट्रपति ने इसे स्वीकार भी कर लिया। धनखड़ के इस्तीफे को भी उनके व्यक्तिगत फैसले के रूप में देखा जाना चाहिए, लेकिन घटनाक्रम इतनी तेजी से घटा कि विपक्ष सवाल उठा रहा है कि आखिर ऐसा क्या हुआ? 12 दिन पहले ही धनखड़ ने जेएनयू के एक कार्यक्रम में अपना कार्यकाल पूरा करने की बात कही थी। अगस्त 2027 तक उनका कार्यकाल था। दो साल पहले ही धनखड़ का स्वास्थ्य का हवाला देते हुए पद छोड़ना चौंकाता है। विपक्ष जो जगदीप धनखड़ की ज्यादातर समय आलोचना किया करते थे और उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव तक लाया था, इस फैसले से हैरत में हैं। माना जा रहा है कि इस त्यागपत्र के कई सियासी मायने हैं। सोमवार को राज्यसभा में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई शुरू करने के लिए आए प्रस्ताव में सभी 63 विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर व सत्ता पक्ष के एक भी सांसद के साइन नहीं होने के बावजूद सभापति के रूप में धनखड़ के नोटिस को स्वीकारने से भाजपा असहज हुई हो। राज्यसभा में ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और केंद्रीय मंत्री व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच खड़संवाद, आसन को अरुचिकर लगा हो व इस्तीफे का कारण हो। एक कयास यह भी है कि आगे बिहार में विधानसभा चुनाव है और अगले साल तमिलनाडु में विस चुनाव है, तो इसे देखते हुए इन दोनों में से किसी एक राज्य के नेता को उपराष्ट्रपति बनाकर भाजपा कोई राजनीतिक संदेश देना चाह रही हो। इसलिए इस्तीफा हुआ हो। हालांकि इसके और भी तरीके हो सकते हैं। धनखड़ का न्यायपालिका से लगातार टकराव भी एक वजह हो सकता है, लेकिन फिर टाइमिंग इस वजह से मैच नहीं कर रही है। धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट्स कमीशन (एनजेएसी) कानून रद किए जाने की निंदा करते हुए न्यायपालिका द्वारा संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन का आरोप लगाया था। यह सही है कि जगदीप धनखड़ बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे और हाल में ही उन्होंने हृदय संबंधी समस्याओं का इलाज करवाया था, तो त्यागपत्र के पीछे वास्तव में उनका स्वास्थ्य कारण ही माना जाना चाहिए। धनखड़ के 3 साल के कार्यकाल में राज्यसभा में विपक्षी दलों के साथ उनकी लगातार तीखी बहस हुईं, लेकिन कई बार विवादास्पद मुद्दों पर उनकी तीखी टिप्पणियों ने सरकार को असहज भी किया। उपराष्ट्रपति के रूप में भारत के प्रति धनखड़ की समर्पित और बहुमूल्य सेवा के लिए हमेशा उनकी सराहना होगी। अपने कार्यकाल में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की। बहरहाल, संविधान के अनुच्छेद 68 के तहत, उनके उत्तराधिकारी का चुनाव छह महीने के भीतर पूरा करना अनिवार्य है। उपराष्ट्रपति भारत का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पद है। वह राज्यसभा का पदेन सभापति भी होता है। इसलिए यह पद लंबे समय तक रिक्त नहीं रखा जा सकता है।



धनखड़ का इस्तीफा
विवेक शुक्ला

# पहले भी विवादों में रहे हैं उपराष्ट्रपति

**जगदीप धनखड़ के मंगलवार को उप राष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने से देश की राजनीति में भूचाल सा आ गया है। उनके इस्तीफे को लेकर तमाम तरह की अटकलबाजी चल रही है। हालांकि उन्होंने इस्तीफे का कारण अपना खराब स्वास्थ्य बताया है। पर इस कारण पर कोई भरोसा नहीं कर रहा। धनखड़ से पहले भी देश के कुछ उपराष्ट्रपति विवादों में रहे हैं। देश में उपराष्ट्रपति को लेकर पहला विवाद बड़ा विवाद वी.वी. गिरि से जुड़ा है। यह बात है 1969 की। यह भारतीय राजनीति का एक बड़ा विवाद था जिसमें देश के उप-राष्ट्रपति सीधे तौर पर शामिल थे। बहरहाल, जगदीप धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे का असर अभी कुछ दिनों तक और चलने वाला है।**

भारत में उपराष्ट्रपति पद पर आसीन शख्सियतें अक्सर विवादों से घिरी रहीं हैं। जगदीप धनखड़ के मंगलवार को उप राष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने से देश की राजनीति में भूचाल सा आ गया है। उनके इस्तीफे को लेकर तमाम तरह की अटकलबाजी चल रही है। हालांकि उन्होंने इस्तीफे का कारण अपना खराब स्वास्थ्य बताया है। पर इस कारण पर कोई भरोसा नहीं कर रहा। धनखड़ से पहले भी देश के कुछ उपराष्ट्रपति विवादों में रहे हैं।

देश में उपराष्ट्रपति को लेकर पहला विवाद बड़ा विवाद वी.वी. गिरि से जुड़ा है। यह बात है 1969 की। यह भारतीय राजनीति का एक बड़ा विवाद था जिसमें देश के उप-राष्ट्रपति सीधे तौर पर शामिल थे। दरअसल 1969 में राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन के निधन के बाद, तत्कालीन उप-राष्ट्रपति वी.वी. गिरि कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। कांग्रेस पार्टी के भीतर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पुराने नेताओं के 'सिंडिकेट' के बीच सत्ता संघर्ष चरम पर था। कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार नीलम संजीव रेड्डी थे, जिन्हें सिंडिकेट का समर्थन प्राप्त था। इंदिरा गांधी ने वी.वी. गिरि को एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कांग्रेस के सांसदों और विधायकों से 'अंतरात्मा की आवाज' पर वोट देने का आह्वान किया। परिणाम यह हुआ कि गिरि एक बहुत ही करीबी मुकाबले में जीत गए। इस घटना ने कांग्रेस पार्टी को दो फाड़ कर दिया और इंदिरा गांधी को पार्टी के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापित किया।

यह एक ऐसा मामला था जहां उप-राष्ट्रपति का पद सीधे तौर पर सत्ता संघर्ष का एक उपकरण बन गया। इसी क्रम में बी.डी. जत्ती और 1977 के संवैधानिक संकट की चर्चा करना भी जरूरी है। राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के 1977 में निधन के बाद, उप-राष्ट्रपति बी.डी. जत्ती कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। देश में आपातकाल के बाद, केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी। सरकार ने नौ कांग्रेस शासित राज्यों की विधानसभाओं को भंग करने की सिफारिश की। कार्यवाहक राष्ट्रपति जत्ती ने इस अध्यादेश पर हस्ताक्षर करने में शुरू में हिचकिचाहट दिखाई। उनकी हिचकिचाहट के कारण कुछ दिनों तक संवैधानिक संकट पैदा हो गया था, क्योंकि यह सवाल उठा कि क्या कार्यवाहक राष्ट्रपति कैबिनेट की सलाह को मानने के लिए बाध्य है। हालांकि कुछ दिनों के बाद उन्होंने हस्ताक्षर कर दिए, लेकिन इस घटना ने कार्यवाहक राष्ट्रपति की शक्तियों पर एक बड़ी बहस छेड़ दी। आप कह सकते हैं कि दो बार उपराष्ट्रपति रहे हामिद अंसारी का कार्यकाल काफी हद तक गैर-विवादास्पद रहा, लेकिन उनके कार्यकाल के अंत में दिए गए बयानों ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। एक साक्षात्कार में, उन्होंने कहा कि देश के मुसलमानों में 'असुरक्षा और बेचैनी की भावना' है। इस बयान की सत्ताधारी दल और उसके समर्थकों ने तीखी आलोचना की।

उन पर एक संवैधानिक पद पर रहते हुए एक राजनीतिक और विभाजनकारी बयान देने का आरोप लगाया गया। इससे पहले भी, गणतंत्र दिवस परेड के दौरान राष्ट्रगान के समय ध्वज को सलामी न देने पर उनकी आलोचना हुई थी। बाद में यह स्पष्ट किया गया कि प्रोटोकॉल के अनुसार, केवल राष्ट्रपति ही सलामी देते हैं और अन्य सभी गणमान्य व्यक्ति केवल सावधान की



मुद्रा में खड़े होते हैं। हालांकि, स्पष्टीकरण के बावजूद यह मुद्दा सोशल मीडिया पर एक विवाद बना रहा। जब तक हामिद अंसारी उपराष्ट्रपति आवास में रहे तब तक वहां पर अनेक लेखकों की किताबों के विमोचन होते रहे। उन्हें लेखकों और विद्वानों से मिलना पसंद था। उन्होंने खुद भी कई किताबें लिखी थीं। वेंकैया नायडू ने 2018 में, राज्य सभा के सभापति के रूप में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। तब विपक्ष ने आरोप लगाया था कि नायडू ने यह निर्णय जल्दबाजी में और सरकार के दबाव में लिया। उनका तर्क था कि प्रस्ताव में पर्याप्त संख्या में सांसदों के हस्ताक्षर थे और इसे स्वीकार कर जांच समिति को भेजा जाना चाहिए था। पर नायडू ने अपने फैसले को यह कहते हुए सही ठहराया कि प्रस्ताव में लगाए गए आरोप 'अस्पष्ट' थे और 'सिद्ध कदाचार' की श्रेणी में नहीं आते थे।

इस फैसले ने न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच संबंधों पर एक तीव्र बहस को जन्म दिया और सभापति की विवेकाधीन शक्तियों को चर्चा के केंद्र में ला दिया। वे बेहद ओजस्वी वक्ता हैं। बहुत खुलकर अपनी बात रखते हैं। उनकी छवि एक 'आंदोलनकारी' की रही। छात्र जीवन में उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की विचारधारा से प्रभावित होकर आपातकालीन संघर्ष में हिस्सा लिया। वे आपातकाल के विरोध में सड़कों पर उतर आए और उन्हें जेल भी जाना पड़ा। वे बेहतरीन मेजबान भी थे। सबसे खूब प्रेम से मिलते-जुलते थे। उपराष्ट्रपति के रूप में भी उनका कार्यकाल शानदार रहा था। वे अपनी बात कहने से कभी पीछे नहीं हटते। वे कभी-कभी किसी सेमिनार में भाग लेते हुए श्रोताओं को कस भी देते हैं जिनकी जुबान चलती रहती थी। अगर इन कुछ उदाहरणों को छोड़ दें तो उप राष्ट्रपति के रूप में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. जाकिर हुसैन, गोपाल स्वरूप पाठक, आर.वेंकटरमण, शंकर दयाल शर्मा, डॉ. के.आर.नारायणन, कृष्ण कांत, भैरोसिंह शेखावत के कार्यकाल शांति से निकले। अगर देश के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की बात करें तो उनकी पहल पर ही राजधानी को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) मिला था। डॉ. राधाकृष्णन ने 1958 में देश के तब के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से इच्छा जताई थी कि राजधानी में कोई इस तरह की जगह बन जाए जिधर पढ़ने-लिखने की दुनिया से जुड़े लोग मिल-बैठ करते रहें। उनकी सलाह नेहरू जी को पसंद आ गई।

उन्होंने बिना देर किए शहरी विकास मंत्रालय को निर्देश दिए कि वह एक प्लाट अलाट करे। तब लोधी गार्डन से सटे 4.76 एकड़ का प्लॉट आईआईसी के लिए अलॉट किया गया। इसका प्लाट मिलने के बाद डॉ. राधाकृष्णन ने आईआईसी को खड़ा करने के लिए वित्त मंत्री डॉ. सी.डी. देशमुख, प्रो. एच.एन. कुंजरू, प्रो. हुमायूं कबीर ( जॉर्ज फर्नांडिस के ससुर), दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के डायरेक्टर डॉ. वीके आरवी राव वगैरह को जोड़ा। कृष्णकांत का उपराष्ट्रपति पद पर रहते हुए 27 जुलाई, 2002 को निधन हो गया था। भैंरो सिंह शेखावत के दौर में उपराष्ट्रपति आवास के गेट आम-खास सब के लिए खुले रहते थे। भैरोंसिंह शेखावत 19 अगस्त 2002 से 21 जुलाई 2007 तक देश के उपराष्ट्रपति रहे। शेखावत जी खुद यारबाश और किस्सागो इंसान थे। उनके पास मिलने वालों की भीड़ कभी कम नहीं होती थी। गर्मागर्म चाय पिलाकर वे अतिथियों से विस्तार से वार्तालाप करते थे। गंभीर राजनीति हो या तनाव के लम्हे, शेखावत हास्य के क्षण खोज लेते थे। बहरहाल, जगदीप धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे का असर अभी कुछ दिनों तक और चलने वाला है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

जयंती पर विशेष
सुरेन्द्र शर्मा




# स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे चन्द्रशेखर 'आज़ाद'

भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों में चन्द्रशेखर आजाद का नाम सदा अग्रणी रहेगा। उनका जन्म 23 जुलाई, 1906 को ग्राम भाबरा (जिला झाबुआ, वर्तमान में जिला आलीराजपुर, मध्य प्रदेश) में हुआ था। उनके पूर्वज गांव बदरका (जिला उन्नाव, उत्तर प्रदेश) के निवासी थे; पर अकाल के कारण इनके पिता सीताराम तिवारी भाबरा में आकर बस गये थे। बचपन से ही चन्द्रशेखर का मन अंग्रेजों के अत्याचार देखकर सुलगता रहता था। किशोरावस्था में वे भागकर अपनी बुआ के पास बनारस आ गये और संस्कृत विद्यापीठ में पढ़ने लगे। बनारस में ही वे पहली बार विदेशी सामान बेचने वाली एक दुकान के सामने धरना देते हुए पकड़े गये। थाने में हुई पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आजाद, पिता का नाम स्वतन्त्रता और घर का पता जेलखाना बताया। इस पर बौखलाकर थानेदार ने इन्हें 15 बेंतों की सजा दी। हर बेंत पर ये 'भारत माता की जय' बोलते थे। तब से ही इनका नाम 'आजाद' प्रचलित हो गया। आगे चलकर आजाद ने सशस्त्र क्रान्ति के माध्यम से देश को आजाद कराने वाले युवकों का एक दल बना लिया। भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु, बिस्मिल, अशफाक, मन्मथनाथ गुप्त, शचीन्द्रनाथ सान्याल, जयदेव आदि उनके सहयोगी थे। आजाद तथा उनके सहयोगियों ने नौ अगस्त, 1925 को लखनऊ से सहारनपुर जाने वाली रेल को काकोरी स्टेशन के पास रोककर सरकारी खजाना लूट लिया। यह अंग्रेज शासन को खुली चुनौती थी, अतः सरकार ने क्रान्तिकारियों को पकड़ने में पूरी ताकत झोंक दी। पर आजाद को पकड़ना इतना आसान नहीं था। वे वेश बदलकर क्रान्तिकारियों के संगठन में लगे रहे। 17 दिसम्बर, 1928 को इनकी प्रेरणा से ही भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु आदि ने लाहौर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के ठीक सामने सांडर्स को यमलोक पहुंचा दिया। अब तो पुलिस बौखला गयी; पर क्रान्तिवीर अपने काम में लगे रहे। कुछ समय बाद क्रान्तिकारियों ने लाहौर विधानभवन में बम फेंका। यद्यपि उसका उद्देश्य किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं था। बम फेंककर भगतसिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने आत्मसमर्पण कर दिया। उनके वीरतापूर्ण वक्तव्यों से जनता में क्रान्तिकारियों के प्रति फैलाये जा रहे भ्रम दूर हुए। दूसरी ओर अनेक क्रान्तिकारी पकड़े भी गये। उनमें से कुछ पुलिस के अत्याचार न सह पाये और मुखबिरी कर बैठे। इससे क्रान्तिकारी आन्दोलन कमजोर पड़ गया। केन्द्रीय असेंबली में बम चन्द्रशेखर आज़ाद के ही सफल नेतृत्व में भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल, 1929 को दिल्ली की केन्द्रीय असेंबली में बम विस्फोट किया। यह विस्फोट अंग्रेज़ सरकार द्वारा बनाए गए काले क़ानूनों के विरोध में किया गया था।

आज़ाद को 28 मई 1930 को भगवती चरण वोहरा की बम-परीक्षण में हुई शहादत से भी गहरा आघात लगा था। इसके कारण भगत सिंह को जेल से छुड़ाने की योजना भी खटाई में पड़ गयी थी। भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु की फांसी रुकवाने के लिए आज़ाद ने दुर्गा भाभी को गांधीजी के पास भेजा, जहां से उन्हें कोरा जवाब दे दिया गया था। वह 27 फरवरी, 1931 का दिन था। पुलिस को किसी मुखबिर से समाचार मिला कि आज प्रयाग के अल्फ्रेड पार्क में चन्द्रशेखर आजाद किसी से मिलने वाले हैं। पुलिस ने समय गंवाये बिना पार्क को घेर लिया। आजाद एक पेड़ के नीचे बैठकर अपने साथी की प्रतीक्षा कर रहे थे। जैसे ही उनकी निगाह पुलिस पर पड़ी, वे पिस्तौल निकालकर पेड़ के पीछे छिप गये। कुछ ही देर में दोनों ओर से गोली चलने लगी। इधर चन्द्रशेखर आजाद अकेले थे और उधर कई जवान। जब आजाद की पिस्तौल में एक गोली रह गयी, तो उन्होंने देश की मिट्टी अपने माथे से लगायी और उस अन्तिम गोली को अपनी कनपटी में मार लिया। उनका संकल्प था कि वे आजाद ही जन्मे हैं और मरते दम तक आजाद ही रहेंगे। उन्होंने इस प्रकार अपना संकल्प निभाया और जीते जी पुलिस के हाथ नहीं आए। आजाद के बलिदान की खबर जनता को लगी सारा, प्रयागराज अलफ्रेड पार्क में उमड़ पड़ा। जिस वृक्ष के नीचे आजाद शहीद हुए थे, लोग उस वृक्ष की पूजा करने लगे। वृक्ष के तने के इर्द-गिर्द झण्डियां बांध दी गयीं। लोग उस स्थान की माटी को कपड़ों में शीशियों में भरकर ले जाने लगे। समूचे शहर में आजाद के बलिदान की खबर से जबरदस्त तनाव हो गया। लोग सडकों पर आ गये।अगले दिन आजाद की अस्थियां चुनकर युवकों का एक जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में इतनी ज्यादा भीड़ थी कि प्रयागराज की मुख्य सडकों पर जाम लग गया। ऐसा लग रहा था जैसे प्रयागराज की जनता के रूप में सारा हिन्दुस्तान अपने इस सपूत को अंतिम विदाई देने उमड़ पड़ा हो।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

## छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है। अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### यातायात नियमों के पालन नहीं करने से बढ़ी सड़क दुर्घटनाएं

देश में हरराेज सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं है। इन दुर्घटनाओं में अक्सर चालक की मौत हो जाती है। तेज गति से वाहन चलाने से अनियंत्रित होकर गाड़िया डिवाइडर या सामने वाली गाड़ियों से भिड़ जाती है। जिसमें चालक सहित गाड़ी में बैठने वालो की मौत हो जाती है। यातायात नियमों का पालन नही किया जा रहा है। नशे में वाहन चलाने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह चोंकाने वाली बात है कि पढ़ा लिखा शिक्षित वर्ग भी इससे अछूता नही है। नेशनल हाइवे पर तेज गति वाहन चालक अनियंत्रित होकर गाड़िया सड़क के बाहर निकल जाती है या सामने वाले से भिड़ जाती है। उससे घटना स्थल पर मौत हो जाती है। यह दृश्य रोज देखने मिलता है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### लोकतंत्र के प्राण



संसद लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है। विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा ही लोकतंत्र के प्राण हैं। लेकिन विपक्ष ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन नहीं किया और साथ ही देश के करोड़ों किसानों का भी अनादर किया।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### 'ओडीएफ प्लस' आदर्श ग्राम



देश के लगभग 80 प्रतिशत गांवों ने 'ओडीएफ प्लस' आदर्श ग्राम का दर्जा हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता और स्वच्छ गांवों के निर्माण में जमीनी स्तर के शासन की परिवर्तनकारी शक्ति को दर्शाती है।
**-सीआर पाटिल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री**

### छात्रों को लैपटॉप



दिल्ली सरकार ने छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 1,200 छात्र-छात्राओं को सरकार नि:शुल्क लैपटॉप प्रदान करेगी।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### फिल्म ही असली सुपरस्टार



अब समय आ गया है कि बॉलीवुड सितारे अपनी पीआर टीमों के माध्यम से खुद को नंबर 1 या नंबर 2 कहना बंद करें... अब हम स्वीकार करें कि केवल फिल्म ही असली सुपरस्टार है... बॉक्स ऑफिस पर गदर बनाएं क्योंकि यही मायने रखता है।
**-अमीषा पटेल, अभिनेत्री**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### गीता गोपीनाथ हार्वर्ड विश्व-विद्यालय में पुन: देंगी सेवाएं



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में प्रथम उप प्रबंध निदेशक भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर के रूप में पुन: सेवाएं देंगी। आईएमएफ के इतिहास में पहली मुख्य महिला अर्थशास्त्री गोपीनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आईएमएफ में लगभग सात अद्भुत वर्षों के बाद मैंने अपनी शैक्षणिक जड़ों की ओर लौटने का फैसला किया है।' गोपीनाथ एक सितंबर को हार्वर्ड के अर्थशास्त्र विभाग में अर्थशास्त्र की प्रथम 'ग्रेगरी और एनिया कॉफी प्रोफेसर' के रूप में फिर से सेवाएं देंगी। उन्होंने कहा कि वह आईएमएफ में बिताए गए समय के लिए 'वाकई आभारी'' हैं। वह आईएमएफ में पहले मुख्य अर्थशास्त्री थीं और फिर उन्होंने प्रथम उप प्रबंध निदेशक के रूप में सेवाएं दीं। उन्होंने कहा कि अभूतपूर्व चुनौतियों के दौर में आईएमएफ के लिए काम करना जीवन में एक बार मिलने वाला मौका है। उन्होंने कहा, 'अब मैं अकादमिक जगत में अपनी जड़ों की ओर लौट रही हूं, जहां मैं वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्त और समष्टि अर्थशास्त्र में अनुसंधान को आगे बढ़ाने तथा अर्थशास्त्रियों की अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करने के लिए तत्पर हूं।'

## ऑफ बीट

### गोआना की त्वचा के नीचे अस्थि प्लेट का पता चला



मॉनिटर लिजर्ड, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया में गोआना भी कहा जाता है, इस महाद्वीप के सबसे अनोखी सरीसृपों में से एक हैं। इनका वंश न केवल उस सामूहिक विलुप्ति से बच गया जिसने डायनासोर को समाप्त किया, बल्कि उससे पृथ्वी पर सबसे बड़ी जीवित छिपकली आईं। लिनियन सोसाइटी की जूलॉजिकल जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में उनकी त्वचा के नीचे की जांच की गई है। त्वचा जीवित रहने के लिए एक आवश्यक अंग है। कुछ जानवरों में, इसमें त्वचा के ऊतकों के बीच धंसी हुई अस्थि प्लेट की एक परत होती है। मगरमच्छों या आर्मडिलो में कवच जैसी प्लेट के बारे में सोचें : ये ऑस्टियोडर्म हैं। इनका आकार सूक्ष्म से लेकर विशाल तक होता है, जिसमें स्टेगोसॉरस की पीठ की प्लेट सबसे प्रभावशाली उदाहरण हैं। हम अभी इन रहस्यमयी संरचनाओं को समझना शुरू ही कर पाए हैं। ऑस्टियोडर्म, यानी त्वचा के नीचे स्थित हड्डी जैसी प्लेट, उन प्राणियों की वंशावलियों में पाई जाती हैं जो लगभग 38 करोड़ वर्ष पहले एक-दूसरे से विभाजित हो गई थीं। इसका मतलब यह है कि ये हड्डीनुमा प्लेट स्वतंत्र रूप से विकसित हुई होंगी- ठीक वैसे ही जैसे सक्रिय उड़ना पक्षियों, प्टेरोसॉर और चमगादड़ों में अलग-अलग रूप में विकसित हुआ था।

मराठी भाषा विवाद के बीच राज्यपाल की चेतावनी

# मुझे हिंदी नहीं आती तो क्या आप मुझे मारेंगे और मैं सीख जाऊंगा

## राधाकृष्णन ने कहा-अगर आप आकर मुझे पीटेंगे, तो क्या मैं तुरंत मराठी में बात करने लगूंगा? यह नामुमकिन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में जारी मराठी बनाम हिंदी भाषा विवाद के बीच राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि भाषा विवाद की वजह से हिंसा की घटनाएं राज्य में निवेश पर बुरा असर डाल सकती हैं।

उन्होंने आगाह किया कि अगर ऐसा हुआ तो इससे महाराष्ट्र को दीर्घकालिक रूप से नुकसान होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी की मातृभाषा का सम्मान किया जाना चाहिए। इससे राधाकृष्णन ने कहा कि अगर आप आकर मुझे पीटेंगे, तो क्या मैं तुरंत मराठी में बात करने लगूंगा? यह नामुमकिन है।

**हिंसा की घटनाएं राज्य में निवेश पर असर डालेंगी**

**महाराष्ट्र को दीर्घकालिक नुकसान होगा**



### 'जब मैं तमिलनाडु में सांसद था तो...', वाकया सुनाकर दी नसीहत

अपनी बात को और अधिक स्पष्ट करने के लिए गवर्नर राधाकृष्णन ने तमिलनाडु में सांसद रहने के दौरान हुई एक घटना भी साझा की, जहां उन्होंने कुछ इसी तरह का भाषा विवाद और मारपीट की घटना देखी थी। उन्होंने कहा कि जब मैं तमिलनाडु में सांसद था, तो एक दिन हाईवे पर मैंने कुछ लोगों को किसी को पीटते हुए देखा। मैंने तुरंत अपने ड्राइवर से गाड़ी रोकने को कहा और खुद गाड़ी से उतर गया। मुझे देखकर, जो लोग पीट रहे थे, वे भाग गए और जो लोग पिट रहे थे, वे वहीं खड़े रहे। मैंने उनसे पूछा कि समस्या क्या है, तो वे हिंदी में बता रहे थे और मैं सिर्फ मार-मार समझ पा रहा था। मैंने होटल मालिक को बुलाया और उससे पूछा, तो उसने मुझे बताया कि वे तमिल नहीं जानते, वे लोग उन्हें पीटने की कोशिश कर रहे थे और उनसे सिर्फ तमिल में बात करने को कह रहे थे। इससे आगे राधाकृष्णन ने कहा कि अगर आप आकर मुझे पीटेंगे, तो क्या मैं तुरंत मराठी में बात करने लगूंगा? यह नामुमकिन है। मैंने उन लोगों से माफी मांगी।

### नफरत फैलाएंगे, तो कौन सा निवेशक आएगा?

इस घटना को साझा करने की वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की नफरत की घटनाओं को देखकर निवेशक राज्य में निवेश करने नहीं आएंगे, जिससे लंबे समय में महाराष्ट्र को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि मैं यह क्यों कह रहा हूं? अगर हम इस तरह की नफरत फैलाएँगे, तो कौन सा निवेशक आएगा? कोई निवेशक नहीं आएगा, कोई उद्योग नहीं आएगा। लंबे समय के लिए हम महाराष्ट्र को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### हिंदी न बोल पाने का जताया दुःख

उन्होंने हिंदी न बोल पाने और न ही समझ पाने का दर्द भी साझा किया और कहा कि यह उनके लिए एक बाधा है। उन्होंने कहा कि मैं हिंदी नहीं समझ पाता, और यही मेरे लिए एक बाधा है... इसलिए हमें ज़्यादा से ज़्यादा भाषाएं सीखनी चाहिए, और हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए, इसमें कोई समझौता नहीं होना चाहिए। महाराष्ट्र के गवर्नर की यह टिप्पणी राज्य में गैर-मराठी भाषियों के खिलाफ हाल की हिंसा की घटनाओं के बीच आई है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने कई हिन्दी भाषियों के साथ मराठी नहीं बोलने पर मारपीट की है। इसकी वजह से राज्य में सियासी पारा चढ़ा हुआ है।

मराठी बोलो नहीं तो बिहार भेजेंगे

### इनकार पर मनसे ने महिला से हाथ जोड़कर मंगवाई माफी

महाराष्ट्र में इन दिनों भाषा को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। उत्तर भारतीय लोगों को महाराष्ट्र में रहकर मराठी बोलने पर मजबूर किया जा रहा है। अब नया मामला मुंबई के घाटकोपर से सामने आया है, जहां एक उत्तर भारतीय महिला से मनसे के कुछ कार्यकर्ताओं ने मराठी न बोलने को लेकर माफी मंगवाई। उन्होंने महिला को मजबूर किया. वहां मौजूद मराठी महिला उससे कहती हैं कि दो बार जय महाराष्ट्र बोल, नहीं तो बिहार भेज देंगे तेरे को। इस दौरान का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उत्तर भारतीय महिला बेबस नजर आ रही है और मराठी महिलाओं के कहने पर माफी मांगती दिख रही है. करीब एक मिनट तक सभी महिलाएं उसे घेरकर खड़ी हुई हैं।



## खबर संक्षेप

### रोशन अस्पताल से डिस्चार्ज, जानकारी दी

**मुंबई।** सुपरस्टार ऋतिक रोशन के पिता और दिग्गज फिल्म निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन को लेकर पिछले दिनों चौंकाने वाली खबर आई थी। राकेश रोशन को पिछले दिनों अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी गर्दन की एंजियोप्लास्टी की गई थी। अब राकेश को छुट्टी मिल गई है। उन्होंने तस्वीर शेयर करते हुए सेहत की जानकारी दी।



### चौधरी बने अमूल ब्रांड की संस्था के चेयरमैन

**आणंद।** सहकारी नेता अशोक चौधरी 'अमूल' ब्रांड का संचालन करने वाली सहकारी संस्था 'गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ' के निर्विरोध चेयरमैन चुने गए। यह महासंघ गुजरात और देश के कई अन्य राज्यों में दूध और डेयरी उत्पादों का विपणन करता है। कलेक्टर और चुनाव अधिकारी प्रवीण चौधरी ने यह जानकारी दी।



### शरद ने की फडणवीस की तारीफ, आप थकते नहीं

**महाराष्ट्र।** सियासी भूचाल के बीच अब एनसीपी के मुखिया शरद पवार ने देवेंद्र फडणवीस की खुलकर तारीफ की है। पवार ने कहा देवेंद्र इतनी मेहनत करतें है पर थकते क्यों नहीं है? देवेंद्र के काम की गति बहुत तेज है। उनकी मेहनत को देखकर मेरे मन में सवाल उत्पन्न होता है कि आखिर वेथकते क्यों नहीं है? महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस का आज जन्मदिन था।



### कांवड़ियों संग रहने वाले 5 बहुरूपिए गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** कांवड़ शिविरों के पास चोरी की फिराक में घूम रहे 5मुस्लिम युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये नाम बदलकर व शिवभक्त बनकर शिविर में कांवड़ियों के साथ रह रहे थे। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया था। हिंदू युवा वाहिनी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रहलाद पाहूजा ने मुकदमा दर्ज कराया है, जिससे गिरफ्तारी हुई।



### 270 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण, मुआवजा दिया

**औरंगाबाद।** वाराणसी से कोलकाता तक बनने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण में जमीन मुआवजा की दर को लेकर चल रहे विवाद के बीच किसानों ने मुआवजा राशि ले ली है। एक्सप्रेस-वे के लिए नबीनगर, कुटुंबा और देव अंचल में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। तीनों अंचल से करीब 800 रैयतों ने जमीन का मुआवजा लिया है।



एसआईआर (सर) के मुद्दे पर सदन में प्रदर्शन को लेकर भाजपा हमलावर

# विपक्ष कर रहा गुंडागर्दी, भारत कोई धर्मशाला नहीं, उसे जांच-पड़ताल से ऐतराज क्यों हो रहा?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को बिहार मतदाता सूची संशोधन के विरोध में विपक्षी दलों की कड़ी आलोचना की और उन पर गुंडागर्दी का सहारा लेने का आरोप लगाया ताकि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों समेत विदेशी लोगों को चुनाव में वोट देने का अधिकार मिल सके। बता दें कि बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी और तख्तियां लहराकर लोकसभा की कार्यवाही स्थगित करने पर मजबूर कर दिया। संसद भवन परिसर में विपक्ष के तमाम सांसदों ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे को लेकर जोरदार तरीके से प्रदर्शन किया है।

भाजपा ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष इस प्रक्रिया का विरोध इसीलिए कर रहा है क्योंकि वह बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को भी वोटिंग अधिकार दिलवाना चाहता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। संविधान के अनुसार केवल भारतीय नागरिक ही वोट डाल सकते हैं। फिर जांच से आपत्ति क्यों?' उन्होंने दावा किया कि बिहार के अररिया, किशनगंज और पूर्णिया जिलों में जनसंख्या से ज़्यादा आधार कार्ड बने हैं। क्या ये नहीं जांचा जाना चाहिए कि कोई व्यक्ति एक से ज्यादा बूथ पर वोटर तो नहीं?




**इंडी गठबंधन बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं पर मेहरबान क्यों?**

### विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बना रहा: गिरिराज

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी विपक्ष पर साधा निशाना और कहा कि विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बना रहा है ताकि संस्थाएं उनके इशारे पर चलें। यह संविधान की खुली अवहेलना है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की मंशा है कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को भी भारत में वोटिंग का अधिकार मिले। संपूर्ण विपक्ष अवाद घुसपैठियों पर मेहरबान क्यों है?



## एसआईआर के खिलाफ विपक्ष ने की नारेबाजी, पोस्टर लहराए



इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव समेत कई बड़े चेहरे इस प्रदर्शन में शामिल रहे। विपक्षी सांसद संसद के मकर द्वार की सीढ़ियों पर जमा हुए और एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ नारे लगाए। उनका आरोप था कि यह चुनावों में हेराफेरी के समान है। उन्होंने 'एसआईआरः भारतीय अधिकारों की चोरी' और 'एसआईआरः भारतीय गणराज्य को नुकसान पहुंचाना' लिखे हुए पेपर भी पकड़ रखे थे।

### एक साथ चर्चा संभव नहीं, विपक्ष करोड़ों की टैक्स मनी बर्बाद कर रहा

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के रवैये की निंदा की। उन्होंने कहा कि एक ओर वे बहस की मांग कर रहे हैं और दूसरी ओर खुद ही बहस नहीं होने दे रहे हैं। यह दोहरा मापदंड है। उन्होंने कहा कि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में तय हुआ था कि पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा होगी। वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष खुद ही संसद का समय बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीएसी में ये चर्चा हुई थी कि सबसे पहले ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी और उसका टाइम भी फिक्स किया गया है। ये निंदनीय है। विपक्ष हंगामा करके देश का करोड़ों रुपए रोजाना बर्बाद कर रहा है।



### सामाजिक न्याय मंत्री ने सदन में रखे दो प्रस्ताव

सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने लोकसभा में दो प्रस्ताव रखे। जिसमें पहला प्रस्ताव, भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) के लिए दो सांसदों के चुनाव का था, जो दिव्यांगजनों से जुड़ी सेवाओं और प्रशिक्षण को नियंत्रित करता है। दूसरा प्रस्ताव विकलांगता पर केंद्रीय सलाहकार बोर्ड के लिए था, जो दिव्यांग कानून पर सरकार को सलाह देता है।

### एनएफएसए में जोड़े जा सकेंगे 79 लाख लाभार्थी

राज्यसभा में केंद्र सरकार ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के तहत अभी 79 लाख और लाभार्थी जोड़े जा सकते हैं। फिलहाल 80.56 करोड़ लोगों को राशन मिल रहा है, जबकि लक्ष्य 81.35 करोड़ है। राज्य सरकारें इस सूची को लगातार अपडेट कर रही हैं।

### इसलिए संसद की कार्यवाही बाधित हुई: कांग्रेस

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार बिहार में एसआईआर पर चर्चा के लिए तैयार नहीं हुई जिससे कार्यवाही बाधित हुई। जयराम रमेश ने कहा कि सरकार ने अब तक स्पष्ट जवाब नहीं दिया है कि पहलगाम एवं ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा तथा राज्यसभा में चर्चा कब शुरू होगी।



सहकारिता मंत्री शाह ने कहा

### दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना की दी मंजूरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना को मंजूरी दे दी है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। योजना की पायलट परियोजना के अंतर्गत 11 राज्यों की 11 पैक्स में गोदामों का निर्माण पूरा हो चुका है। इसके अलावा, परियोजना के अंतर्गत गोदाम निर्माण के लिए 500 से अधिक पैक्स की पहचान की गई है और दिसंबर 2026 तक निर्माण पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। परियोजना के अंतर्गत 31 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से कुल 73,492 पैक्स को मंजूरी दी गई है। वहीं, 59,920 पैक्स को ईआरपी सॉफ्टवेयर पर शामिल किया गया है। पैक्स कम्प्यूटरीकरण परियोजना के अंतर्गत, कर्नाटक राज्य से 5,628 पैक्स को मंजूरी दी गई है। यह जानकारी सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी है।

#### 5 वर्ष में सभी गांवों को कवर करेंगे

केंद्र सरकार ने नई बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य पालन सहकारी समितियों की स्थापना की योजना को मंजूरी दे दी है, जिसका लक्ष्य पांच वर्षों की अवधि में देश की सभी पंचायतों और गांवों को कवर करना है। इस पहल को नाबार्ड, एनडीडीबी, एनएफडीबी और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों का समर्थन प्राप्त है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के अनुसार, 15 फरवरी 2023 को योजना के अनुमोदन के बाद से 30 जून 2025 तक देश भर में कुल 22,933 नई बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां पंजीकृत की गई हैं, जिनमें 5,937 एम-पैक्स शामिल हैं। पैक्स को मजबूत करने के लिए, सरकार द्वारा 2925.39 करोड़ के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ कार्यात्मक पैक्स के कम्प्यूटरीकरण के लिए परियोजना को मंजूरी दी गई है।

## आयोग की वेबसाइट में गड़बड़ी की सजा सीईटी के अभ्यर्थियों को क्यों?: सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि काफी इंजतार के बाद 26-27 जुलाई को सीईटी की परीक्षा होने जा रही है पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट में गड़बडी के चलते 50 हजार (जैसा दावा किया जा रहा है) अभ्यर्थी एक्नालेजमेंट फार्म हस्ताक्षर करने के बावजूद अपलोड नहीं कर पाए। अभ्यर्थियो ने इसकी शिकायत भी की पर कोई सुनवाई नहीं हुई और अब इन अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रवेश कार्ड तक नहीं मिल पाए। नियमों का हवाला देते हुए इनकी कोई भी बात सुनने से साफ इंकार दिया। उन्होंने कहा कि अब इन अभ्यर्थियों ने अदालत जाने का मन बना लिया है। अदालत के हस्तक्षेप से परीक्षा बाधित न हो ऐसे में सरकार और आयोग को इनके साथ न्याय करना चाहिए।

मीडिया को जारी बयान में सैलजा ने कहा कि काफी लंबे इंजतार के बाद आखिर सीईटी की परीक्षा 26-27 जुलाई को प्रदेश में बनाए गए 1684 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने जा रही है, इस परीक्षा के कुल 13,48,697 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जिसमें सीईटी के लिए आवेदन किए जा रहे थे तब भी आयोग की वेबसाइट में गड़बडी हो रही थी, हर जिला से इस प्रकार की शिकायतें आ रही थी और मीडिया इसको लेकर आवाज भी उठा रहा था। जब परीक्षा नजदीक है तो ऐसे में 50 हजार प्रवेश कार्ड से वंचित रहे गए। अभ्यर्थी ने प्रवेश कार्ड की मांग को लेकर आयोग और सीएम आवास के समक्ष प्रदर्शन भी किया पर नियमों का हवाला देकर उनकी कोई भी बात सुनने से इंकार कर दिया।

सैलजा ने कहा कि अभ्यर्थियों की शिकायत है कि आयोग की वेबसाइट में तकनीकी खराबी के चलते वे एक्नालेजमेंट फार्म हस्ताक्षर करने के बाद अपलोड नहीं कर पाए। वेबसाइट में गड़बड़ी और एक्नालेजमेंट फार्म अपलोड ने होने पर उन्होंने आयोग में अधिकारियों को अवगत करवाया पर किसी ने उनकी कोई बात नहीं सुनी। प्रवेश कार्ड की मांग को लेकर सैकडों अभ्यर्थियों ने आयोग और सीएम आवास के समक्ष प्रदर्शन कर अपनी बात अधिकारियों के समक्ष रखते हुए न्याय की गुहार की पर अधिकारियों ने नियमों का हवाला देते हुए कुछ भी सुनने से साफ इंकार कर दिया। कुमारी सैलजा का कहना है कि आयोग की वेबसाइट में गड़बड़ी की सजा सीईटी के हजारों अभ्यर्थियों को क्यों दी जा रही है?

## दो साल पहले रायपुर में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की आधारशिला रखी निर्माण आज तक नहीं, नड्डा से बृजमोहन की अपील जल्द हो स्थापना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के रायपुर में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) की शाखा के लिए भवन निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं होने के अहम मसले को लेकर रायपुर के भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से मिलकर इस दिशा में त्वरित कदम उठाने का निवेदन किया है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस सिलसिले में जेपी नड्डा को लिखे अपने पत्र में कहा है कि 06 जून 2023 को एनसीडीसी रायपुर शाखा की आधारशिला केंद्रीय मंत्री द्वारा रखी गई थी, किंतु दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल के अनुसार छत्तीसगढ़, विशेषकर इसके दक्षिणी क्षेत्र, मलेरिया जैसे रोगों से अत्यधिक प्रभावित हैं। ऐसे में रायपुर में एनसीडीसी का पूर्ण विकसित केंद्र जन स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है।



उन्होंने यह भी बताया कि जगदलपुर में एनसीडीसी की एक शाखा मलेरिया अनुसंधान फील्ड स्टेशन के रूप में वर्ष 1979 में प्रारंभ की गई थी,जिसे अब आधुनिक और विस्तृत अनुसंधान एवं रोग नियंत्रण केंद्र में परिवर्तित किए जाने की महती आवश्यकता है। रायपुर सांसद ने आग्रह किया कि रायपुर में प्रस्तावित एनसीडीसी भवन का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए ताकि राज्य में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और अनुसंधान कार्य को मजबूती मिल सके। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने इस दिशा में जल्द से जल्द कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दलीप उर्फ ढीला** पुत्र सुरेश निवासी मकान नं. सी–152, होली चौक के पास, तिगरी रोड, संगम विहार, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 381/2017 धारा 380/454/34 और 220/2018 धारा 380/454/411/34 भा.द.स., थाना पटेल नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दलीप उर्फ ढीला** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दलीप उर्फ ढीला** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 381/2017 धारा 380/454/34 और 220/2018 धारा 380/454/411/34 भा.द.स., थाना पटेल नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **दलीप उर्फ ढीला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **23.08.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री आकृति महेंद्रू,
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (पश्चिम),
कमरा नं. 145,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/9705/CD/2025

कांवड़ यात्रा : सुप्रीम कोर्ट ने उत्तरप्रदेश सरकार के आदेश को बरकरार

# सभी होटलों को लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन दिखाना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भोजनालयों के लिए क्यूआर कोड मामले पर सुप्रीम कोर्ट से उत्तर प्रदेश सरकार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने क्यूआर कोड संबंधी आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा मार्ग के सभी होटल मालिकों को लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने क्यू कोड अनिवार्य करने के मुद्दे पर कोई निर्देश नहीं दिया। अदालत ने कहा कि अभी क्यूआर कोड के मुद्दे पर विचार नहीं किया गया है और मुख्य याचिका पर सुनवाई के दौरान इस पर विचार किया जा सकता है। मुख्य याचिका अभी अदालत में लंबित है।



### उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश को दी थी चुनौती



सर्वोच्च न्यायालय उत्तर प्रदेश सरकार के उस निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें सरकार ने कांवड़ मार्ग पर सभी खाने-पीने की दुकानों और भोजनालयों पर क्यूआर कोड स्टीकर प्रदर्शित करने और साथ ही दुकानों के बाहर बैनर लगाकर दुकान मालिक के नाम और पहचान को प्रदर्शित करने को कहा था।

#### इन्होंने दायर की थी याचिका

इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तराखंड सरकार से जवाब मांगा था। सरकार के आदेश के खिलाफ याचिकाएं शिक्षाविद अपूर्वानंद झा, एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और अन्य ने दायर की थी।

### याचिकाकर्ताओं ने 'निजता का अधिकार' का बताया था उल्लंघन

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने के लिए कहना भेदभाव है और साथ ही यह कांवड़ियों के लिए संकेत है कि उन्हें किस दुकान को नजरअंदाज करना है? दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने के लिए कहना भेदभाव है और साथ ही यह कांवड़ियों के लिए संकेत है कि उन्हें किस दुकान को नजरअंदाज करना है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उन्हें डर है कि सरकार के इस फैसले से सांप्रदायिक तनाव बढ़ेगा और इससे भीड़ हिंसा की आशंका भी बढ़ जाएगी, खासकर अल्पसंख्यक समुदाय के दुकानदारों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं हो सकती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का आदेश निजता के अधिकार का उल्लंघन है। बीते साल सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की सरकारों के ऐसे ही निर्देश पर रोक लगा दी थी।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित** पुत्र सुभाष निवासी झुग्गी नं. 318, सी.डी. पार्क, जहांगीर पुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 531/24 धारा 109(1)/61(2)/3(5), भारतीय न्याय संहिता, जहांगीर पुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रोहित** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 531/24 धारा 109(1)/61(2)/3(5), भारतीय न्याय संहिता, जहांगीर पुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **22.08.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री ज्योति नैन,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07 (उत्तर–पश्चिम)
न्यायालय संख्या 06, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली.

DP/9657/NW/2025

## खबर संक्षेप



### इलेक्ट्रॉनिक्स ईकोसिस्टम के एक नए अध्याय की शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स मैनुफैक्चरिंग सेक्टर में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाते हुए मेसे मुंशेन इंडिया ने घोषणा की है कि इसके फ्लैगशिप ट्रेड फेयर, इलेक्ट्रॉनिका इंडिया और प्रोडक्ट्रोनिका इंडिया का आयोजन अप्रैल, 2026 से हर साल दिल्ली-एनसीआर और बैंगलुरू में किया जाएगा। यह घोषणा ग्रेटर नोएडा में एक हाई-प्रोफाईल औद्योगिक मीटिंग के दौरान की गई, जिसमें सैमसंग, सिरमा एसजीएस, सहस्त्र ग्रुप, कैपिटल मीटर्स, वीवीडीएन आदि मुख्य इलेक्ट्रॉनिक्स मैनुफैक्चरिंग कंपनियों तथा ईएलसीआईएनए, आईसीईए, क्लिक, ईएलसीआईए, फिक्की, आईपीसी, एपिक और मेसे मुंशेन इंडिया जैसी वरिष्ठ औद्योगिक इकाईयों के सीनियर लीडर्स ने हिस्सा लिया।यह घोषणा ऐसे समय की गई है, जब उद्योग का विस्तार ही नहीं, बल्कि विकास भी हो रहा है। प्रोडक्ट सायकल ज्यादा तेज है,

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# साइबर खतरे, बाजार में उतार-चढ़ाव निवेशकों के लिए चुनौतियां

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने मंगलवार को कहा कि पूंजी बाजारों में निवेश करने वालों की बढ़ती संख्या के साथ बाजार में उतार-चढ़ाव और वित्तीय परिवेश में विश्वास की कमी इस बढ़ते निवेशक रुझान के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश कर सकती हैं। देश में पूंजी बाजारों में निवेश करने वालों की संख्या बढ़कर वर्तमान में 13 करोड़ हो गयी है जो मार्च, 2020 में 4.2 करोड़ थी। अभी इसमें और वृद्धि की काफी गुंजाइश है। नारायण ने घरेलू निवेशकों की संख्या में वृद्धि को स्वीकार करते हुए इस गति को बनाए रखने के लिए चुनौतियों के समाधान की जरूरत बतायी।

## सेबी अधिकारी ने कहा, निवेश करने वालों की संख्या 13 करोड़ हुई

### पोर्टफोलियो व्यक्तिगत जोखिम के अनुरूप बनाएं

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य ने कहा कि इसके साथ ही, निवेशकों को बाजार की अस्थिरता के बारे में पूरी तरह से जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव तय है और निवेशक अपने पोर्टफोलियो को व्यक्तिगत जोखिम क्षमता के अनुरूप बनाएं।




### निवेशकों का भरोसा बनाए रखने की जरूरत

नारायण ने कहा, ''हमें अस्थिरता और जोखिम के अर्थ को बेहतर ढंग से समझना और आत्मसात करना होगा। यह ठीक उसी तरह होना चाहिए जैसे हमने प्रतिफल को बेहतर ढंग से समझना है।'' उन्होंने वित्तीय नियोजन पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्तीय परिवेश में निवेशकों का भरोसा बनाए रखने की जरूरत बतायी।

### साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना जरूरी

*अधिकारी ने कहा कि साइबर और डिजिटल धोखाधड़ी जैसे जोखिम गंभीर चिंता का विषय हैं। गड़बड़ी करने वाले अक्सर परिष्कृत और संगठित होते हैं और भोले-भाले निवेशकों को अपना शिकार बनाते हैं। इससे साइबर सुरक्षा ऐसा क्षेत्र बन जाता है, जिस पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है।*

### निवेश परिसंपत्ति में विविधीकरण जरूरी

*संचालन के स्तर पर विफलता या बाजार में गड़बड़ी की किसी भी घटना से भरोसे को चुनौती मिल सकती है। नारायण ने कहा कि इस संबंध में बाजार को मजबूत बनाए रखने में सेबी और अन्य पक्षों के साथ-साथ शेयर बाजारों और डिपॉजिटरी जैसे नियामकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।*

एसबीआई रिसर्च ने कहा, छोटे कारोबारी नकदी अर्थव्यवस्था में लौट सकते हैं

# संवेदनशीलता, संतुलित रुख के साथ हो जीएसटी का क्रियान्वयनः एसबीआई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जीएसटी को संवेदनशीलता और संतुलित रुख के साथ लागू किया जाना चाहिए, क्योंकि यूपीआई लेनदेन मामले में आक्रामक जांच छोटे कारोबारियों को नकदी-आधारित अर्थव्यवस्था में वापस धकेल सकती है।

- सरकार यूपीआई लेनदेन मामले में आक्रामक जांच कर रही

एसबीआई रिसर्च ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह कहा। कर्नाटक में छोटे व्यापारियों द्वारा जीएसटी नोटिस के कारण नकद लेनदेन को प्राथमिकता देने की खबरों के बीच यह रिपोर्ट आयी है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में जीएसटी में उभरती चुनौतियों के प्रति आगाह करते हुए कहा गया है कि अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था ने अधिक जवाबदेही और राजस्व सृजन की नींव रखी है।

**वर्तमान में 1.52 करोड़ जीएसटी पंजीकरण :** लेकिन इसकी दीर्घकालीन सफलता छोटे व्यापारियों को दंडित करने के बजाय उनके सशक्तीकरण को सुनिश्चित करने पर निर्भर करेगी। वर्तमान में, 1.52 करोड़ से अधिक सक्रिय माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण हैं।




### कर्नाटक के कई छोटे व्यापारियों को मिला नोटिस

रिपोर्ट में कर्नाटक में हाल के मामले का हवाला दिया गया है, जहां बेंगलुरु के कई छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) लेनदेन जैसे डिजिटल पहुंच के आधार पर काफी ज्यादा कर नोटिस मिले। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक यूपीआई-जीएसटी विवाद के बीच, राज्य के छोटे व्यापारी 23 जुलाई से तीन दिन के विरोध प्रदर्शन की योजना बना रहे हैं।

### बड़े राज्यों में करदाताओं की हिस्सेदारी कम है

तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक जैसे कुछ बड़े और समृद्ध राज्यों में सक्रिय जीएसटी करदाताओं की हिस्सेदारी, कुल जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) में राज्य की हिस्सेदारी की तुलना में कम है। वहीं, उत्तर प्रदेश, बिहार और गुजरात जैसे राज्यों का कुल जीएसटी करदाताओं में हिस्सा, समग्र जीएसडीपी में राज्य के हिस्से से अधिक है।

### आक्रामक जांच छोटे कारोबारियों को परेशान कर रही

रिपोर्ट में कहा गया, ''हालांकि, आर्थिक गतिविधियों की अधिक सटीक तस्वीर पेश करने और कर चोरी को कम करने का इरादा सराहनीय है, लेकिन इसे लागू करने संवेदनशीलता के साथ संतुलित होना चाहिए।''एसबीआई रिसर्च ने कहा, ''जोखिम यह है कि अत्यधिक आक्रामक जांच छोटे कारोबारियों को असंगठित नकदी-आधारित अर्थव्यवस्था में वापस धकेल सकती है।

### आयकरदाताओं में महिलाओं की 15 प्रतिशत हिस्सेदारी

इसमें कहा गया है, ''यह आंकड़ा, कुल आयकरदाताओं में महिलाओं की 15 प्रतिशत हिस्सेदारी और कुल जमा में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ, महिला सशक्तीकरण को दर्शाता है...।'' एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ राज्यों में जीएसटी में काफी संभावनाएं हैं।

### शीर्ष पांच राज्यों का 50 प्रतिशत योगदान

रिपोर्ट में कई प्रमुख बातों का जिक्र है। इनमें महिलाओं की बढ़ती भागीदारी (पांच में से एक महिला करदाता है), शीर्ष पांच राज्यों का कुल जीएसटी करदाताओं में लगभग 50 प्रतिशत योगदान और जीएसटी लागू होने से महंगाई को कम करने में मदद मिलने की बात शामिल हैं।

## सोना फिर एक लाख रुपए के पार चांदी में 3,000 का उछाल

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट की मजबूत लिवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को फिर से लांघ गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत चार सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई, जबकि पिछला बंद भाव 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले, 19 जून को सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1,000 रुपये बढ़कर 99,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले कारोबार में यह 98,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की तरह, मंगलवार को चांदी की कीमतें भी 3,000 रुपये बढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। सोमवार को चांदी 1,11,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना 0.28 प्रतिशत घटकर 3,387.42 डॉलर प्रति औंस रह गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''कॉमेक्स में सोने का कारोबार 3,395 डॉलर से 3,383 डॉलर के बीच एक सीमित और अस्थिर दायरे में हुआ, जो व्यापार सौदों या प्रमुख वैश्विक घटनाक्रमों से नए संकेतकों की कमी को दर्शाता है।''

## शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी मंगलवार को लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। फौरन सामान पहुंचाने वाली कंपनियों और निजी बैंकों के शेयरों में आई तेजी का असर तेल एवं गैस और आईटी कंपनियों के शेयरों में हुए नुकसान के कारण जाता रहा। बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 13.53 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 82,186.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 337.83 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 29.80 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,060.90 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि एक अगस्त की समयसीमा से पहले अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर स्पष्टता की कमी और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की मुनाफावसूली से बाजार धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जामैटो) में सबसे ज्यादा 10.56 प्रतिशत की तेजी आई। जोमैटो और ब्लिंकिट ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी इटर्नल ने सोमवार को जून तिमाही में अपना एकीकृत शुद्ध लाभ 25 करोड़ रुपये रहने की सूचना दी। उसके बाद से कंपनी के शेयरों में तेजी है। इसके अलावा, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने नवाचार और स्थायित्वपूर्ण वृद्धि के लक्ष्य के साथ मनाया अपना 118वां स्थापना दिवस

**मुंबई।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने अपने 118वें स्थापना दिवस पर विश्वास, नवाचार और स्थायित्वपूर्ण वृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। बैंक के 118वें स्थापना वर्ष की थीम ''भरोसे का सशक्त आधारः नवाचार' रखी गई है जो वर्षों से ग्राहकों के भरोसे को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए भविष्य की बैंकिंग को आकार देने की बैंक की सोच को दर्शाता है। बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफ़एस) के सचिव श्री एम. नागराजू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैंक ने ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करते हुए बैंकिंग की पहुंच को बढ़ाने और स्थायित्वपूर्ण वृद्धि को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से डिजिटल और तकनीक, संवहनीय बैंकिंग और ग्रीन फायनांस के क्षेत्र में कई नवोन्मेषी उत्पादों और पहलों की घोषणा की। कुछ प्रमुख पहलों में एमएसएमई, व्यापारियों और कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए एक नया, संवर्धित मोबाइल बैंकिंग ऐप; बॉब वर्ल्ड बिज़नेस ऐप लॉन्च, एआई और 3डी होलोग्राफिक तकनीक पर आधारित एक अत्याधुनिक वर्चुअल फ्रंट ऑफिस की शुरुआत, जो ग्राहकों को एक अभिनव सेवा अनुभव प्रदान करेगा; बॉब इ पे ऐप में वैश्विक यूपीआई सुविधाओं को एंटीग्रेट करते हुए बॉब इ पे इंटरनेशनल की शुरुआत, दृष्टिबाधित ग्राहकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार बॉब इनसाइट ब्रेल डेबिट कार्ड, और इनके साथ ही पर्यावरण के अनुकूल परियोजनाओं को सपोर्ट प्रदान करने के लिए ग्रीन फ़ाइनेंस योजनाओं जैसी पहलें शामिल हैं।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा आज मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कार्फ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में संरक्षा, सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन, मानसून के दौरान उठाये जाने वाले आवश्यक सावधानियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। एसेट मेंटेनेंस, कॉशन ऑर्डर एव स्पीड रिस्ट्रिक्शन आदि पर विषयों पर भी बैठक में विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधकों के साथ चर्चा की गयी। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में चल रहे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य एव विभिन्न निर्माण परियोजनाओ की प्रगति की मॉनिटरिंग के साथ-साथ उसमें तेजी लाने पर भी महाप्रबंधक ने बल दिया।

## पेटीएम ने पहली बार 122.5 करोड़ का मुनाफा कमाया

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन भुगतान मंच पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 122.5 करोड़ रुपये का अपना पहला एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया है। कंपनी को एक साल पहले की समान तिमाही में 840 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को अप्रैल-जून, 2025 की तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना दी। इस तिमाही में कंपनी का एकीकृत परिचालन राजस्व लगभग 28 प्रतिशत बढ़कर 1,917.5 करोड़ रुपये हो गया।

**PUBLIC NOTICE**
**IN THE COURT OF HON'BLE DISTRICT AND SESSION JUDGE- 02, AMRAVATI 444602 [MAHARASHTRA STATE]**
**Regular Civil Appeal No. 89/2018**
**F.F. 22-07-2025**
**Appellant :** Kalpanath Singh and others // Versus //
**Respondent :** Mahatam Singh and others
**Banam**
Usha Singh A. Thakur, R/o. C/o. Sandeep Properties, 2nd 60 fit Road. Border, Block D, Molar Band Extensin. Badarpur, New Delhi. Pin 110 04,4
**APPEAL UNDER SECTION 96 OF CIVIL PROCEDURE CODE**
That the above named Appellant Kalpanath Singh and others has filed an appeal before the District & Sessions Judge -02, Amravati.
Therefore. the notice issued by way of Paper Publication on **Respondent Usha Singh A. Thakur,** that you may be appear/present personally or through your Counsel before the District and Sessions Judge-02 Amravati [Maharashtra] on 22 07-2025 at 11.00 a.m. and if you will be unable to present/appear before the Hon'ble Court on fixed date, then the appeal will be heard and determined in your absence. Given under my hand and seal of the Court this on 16th Aug. 2022
BY ORDER
Amravati Date:15/07/2025
Asstt. Supdt. (Judl. Branch District & Session Court) Amravati

**MOTOR ACCIDENT CLAIMS TRIBUNAL AT HINGOLI (MAHARASHTRA)**
**(Before Shri. P. G. Deshmukh Ad-hoc District Judge-1 & Member M.A.C.T. Hingoli)**
**M.A.C.P.No.141/2014** **Exh.No.**
**Sheshrao Rakhonde V/s B. S. Motors & ors**
**Claim :**
**Petition U/sec. 166 & 140 of M.V Act for grant of compensation.**
**To,**
**1) M/s. B. S. Motors, Address- H.No B-296, Sector- 6, Housing Board, Dharuhera, Gurgaon-122106 (Hariyana State)**
Whereas, the Petitioner **Shesherao S/o Govindrao Rakhonde,** Aged 55 yrs., Occu. Business, R/o. Digras (Karhale), Tq.& Dist. Hingoli has filed petition of MACP NO. 141/2014 presence by notice to you, you have failed to appear before this court in person or through your advocate.
You are hereby required to attend this court in person or through your Advocate on **25/07/2025 at 11.00 A.M.** Failing to which the matter will be disposed of in your absence ex-parte.
Given under my hand and seal of this court today the 11/04/2025.
**Jr. Clerk Dist. Court, Hingoli** Seal **Supdt. District Court, Hingoli**

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या, 14 अगस्त को दिल्ली से स्वर्णिम भारत यात्रा के लिए पर्यटक ट्रेन रवाना होगी

**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी की नवीनतम पेशकश स्वर्णिम भारत यात्राः भारत गौरव डीलक्स एसी पर्यटक ट्रेन द्वारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों का प्रचार-प्रसार करेगी। यह यात्रा 14 अगस्त, 2025 को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से शुरू होगी। प्रस्तावित ट्रेन यात्राआधुनिक सुविधाओं से युक्त भारत गौरव डीलक्स एसी पर्यटक ट्रेन में संचालित की जाएगी। इस ट्रेन यात्रा का पहला गंतव्य अहमदाबाद है, जो महात्मा गांधी और स्वतंत्रता आंदोलन से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ शहर है। यहाँ पर्यटक साबरमती आश्रम जाएँगे, जो राष्ट्रवादी गतिविधियों और दांडी मार्च का केंद्र रहा है। 15वीं शताब्दी की भारतीय बावड़ी वास्तुकला का एक अद्भुत उदाहरण, अडालज और नव विकसित साबरमती रिवरफ्रंट पर शाम की सैर, कुछ ऐसी जगहें हैं जिन्हें यहाँ शामिल किया जाएगा। इसके बाद मोढेरा और पाटन की एक दिवसीय यात्रा होगी। जहाँ पहला सूर्य मंदिर कोणार्क से भी पुराना है, वहीं दूसरे में पर्यटक रानी की वाव या रानी की बावड़ी का आनंद ले सकते हैं, जो यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है। इस यात्रा का अगला गंतव्य गुजरात में नर्मदा नदी के किनारे स्थित केवड़िया है, जो सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा, स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी के स्थान के लिए जाना जाता है। प्रतिमा और हर शाम आयोजित होने वाले लाइट एंड साउंड शो के अलावा, पर्यटक सरदार सरोवर बांध भी देख सकते हैं। अगला गंतव्य पुणे भी भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक अभिन्न अंग रहा है। शहर में स्थित आगा खान पैलेस एक वास्तुशिल्प चमत्कार के साथ-साथ स्वतंत्रता आंदोलन का एक प्रमाण भी है, जहाँ महात्मा गांधी, कस्तूरबा गांधी और सरोजिनी नायडू को 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बंदी बनाकर रखा गया था।

## SINH सैलून – जहां खूबसूरती को मिलता है नया अंदाज़


**नई दिल्ली।** SINH सिर्फ एक सैलून नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव है जहां हर बार कुछ खास और अलग हटकर मिलता है। यहां स्टाइल और खूबसूरती को पसंद करने वाले लोगों के लिए बेहतरीन सेवाएं और निजी अनुभव दिया जाता है। SINH का लक्ष्यद है कि सैलून को सिर्फ सेवा की जगह नहीं, बल्कि एक शानदार और सुकून भरे अनुभव में बदल दिया जाए - जिसमें हर मेहमान को एक पेशेवर अंदाज और अनुभव मिले। स्टाइल और सुंदरता का नया नाम – SINH सैलून की दुनिया में एक नई ऊँचाई को छूने का लक्ष्ये है। खासकर उन लोगों के लिए, जो हर चीज़ में हमेशा कुछ खास और परफेक्शन ढूंढ़ते हैं। यहां हर सेवा एक प्रोफेशनल अंदाज में इस तरह दी जाती है कि हर मेहमान को महसूस हो –यह सिर्फ सैलून नहीं, यह मेरा स्टाइल स्पेस है। हमारा मिशन है – उन लोगों तक बेहतरीन अनुभव और असली समाधान पहुंचाना जो हमेशा सबसे अच्छा चाहते हैं।द हरमिट रूम – जहां पूरी प्राइवेसी में होता है सुंदरता और सुकून का अनुभवयह घर से दूर, एक खास और निजी ठिकाना है। उन लोगों के लिए जो शांत, खास और लग्ज़री अनुभव चाहते हैं, उनके लिए SINH लेकर आया है –द हरमिट रूम। यह एक प्राइवेट रिट्रीट जैसा स्पेस है, जहां मेहमानों को प्राइवेसी के साथ ही बिल्कुरलआरामदायक माहौल और बेहतरीन सुविधाएं मिलती हैं। यहां हर चीज़ बहुत ही सोच-समझकर डिज़ाइन की गई है -अल्कलाइन वॉटर, नारियल पानी, स्वादिष्ट भोजन विकल्प, नेटफ्लिक्स और सन शावर जैसे अनुभव इसे खास बनाते हैं। **हम यहां मौजूद हैं**: गोल्फ कोर्स रोड, गुरुग्राम – **F**9/10, ब्लॉक **F**, **DLF** फेज़ 1, सेक्टर 26**A**, हरियाणा 12200 2खान मार्केट, नई दिल्ली – शॉप नंबर 15, पहली और दूसरी मंज़िल, खान मार्केट, दिल्ली 110003स्वरूप नगर, कानपुर – 113, खलासी लाइन, स्वरूप नगर, उत्तर प्रदेश 208002 चाहे आप खुद को थोड़ा संवारना चाहें या पूरी तरह से निखारना – **SINH** में हर बार आपका स्वागत कुछ खास के साथ होता है।

**उत्तर रेलवे**
**TENDER NOTICE**
**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 55-2025-26-डब्ल्यू-4 |
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | सीनियर डीईएन/IV के अनुभाग में पी.वे. सामग्री के नेतृत्व करना। **कार्य की समान प्रकृति** : कोई भी इंजीनियरिंग कार्य या परिवहन कार्य। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत रुपये | रुपये 1,48,32,463 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) रुपये 2,24,200 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | 09 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 13.08.2025 को 15:00 बजे तक तथा 13.08.2025 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

**No. 128-W/280/OET/2025-26/W-IV/NIT-55 Date 21.07.2025**
2211/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 5936




**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास–3
4.पानी से सराबोर–5
8.अंधकार–3
9.आक्रमण–3
10.दम, सुट्टा–2
12.समय, वक्त–2
13.कहानी लेखक–5
16.अपराधी, गुंडा–4
17.आलोकित होना–4
18.उद्देश्य, मंजिल–2
19.छाती, सिलना–2
20.जागरण–4
23.सफल, उत्तीर्ण–4
25.पत्नी का नाना–2,3
28.मार्ग, रास्ता–2
29.जरा, थोड़ा–2
31.वैमनस्य–3
33.पाजेब–3
35.जरुरतमंद–3,2
36.गदर, क्रांति–3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह–3
2.वोट,राय–2
3.हथियार, गोला–बारूद–4
4.सनसनी, रोमांच–4
5.एक विदेशी शराब–2
6.आफत, मुसीबत–2
7.उपपत्नी–3
11.बलिदानी–3
12.कार्य करने वाला–3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना–2,3
14.पानी, जल–2
15.निर्माण करने वाला–5
21.प्रकार–3
22.उम्मीद, आशा–2
24.भिखारी–3
26.ख्यात,प्रसिद्ध–4
27.मदिरापान–4
28.मदद,आराम–3
30.इससे कच्ची शराब बनती है–3
31.उस समय–2
32.नागालैंड की एक जाति–2
34.अधर, होठ–2

### शब्द पहेली- 5935 का हल


| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झौ | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | रा | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |



# टेस्ट क्रिकेट में इन बल्लेबाजों ने पहली बार में ही ठोक डाले तिहरे और दोहरे शतक

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाना किसी भी बल्लेबाज के लिए बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जाता है। यही कारण है कि अब तक विश्व क्रिकेट में गिनती के ही बल्लेबाजों ने ये मुकाम हासिल किया है। हालांकि, इनमें से कुछ ऐसे प्रतिभाशाली बल्लेबाज भी हुए हैं, जिन्होंने अपनी पहली ही शतकीय पारी को तिहरे शतक में तब्दील किया है। वहीं भारतीय खिलाड़ियों में दिलीप सरदेसाई, विनोद कांबली और मयंक अग्रवाल दोहरे शतक ठोक चुके हैं।



### गैरी सोबर्स
**(365* रन बनाम पाकिस्तान, 1958)**

वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर गैरी सोबर्स ने 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में अपना पहला शतक लगाया था। किंग्स्टन में खेले गए उस मैच में सोबर्स ने अपनी पहली पारी में नाबाद 365 रन बनाए थे और उनकी बदौलत कैरेबियाई टीम ने अपनी पहली पारी 790/3 के विशाल स्कोर पर घोषित की थी। आखिर में वेस्टइंडीज ने वो टेस्ट पारी और 174 रन से जीता था। सोबर्स ने अपने टेस्ट करियर में कुल 26 शतक लगाए थे।



### करुण नायर
**(303* रन बनाम इंग्लैंड, 2016)**

भारतीय टीम के करुण नायर ने 2016 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में अपने पहले ही शतक को तिहरे शतक में तब्दील किया था। उन्होंने 381 गेंदों में नाबाद 303 रन बनाए थे। अपनी इस जोरदार पारी में उन्होंने 32 चौके और 4 छक्के लगाए थे। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी को 759/7 के स्कोर पर घोषित किया था। आखिरकार भारत ने वो मैच पारी और 75 रन से जीता था।

### बॉब सिंपसन (311 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया, 1964)

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बॉब सिंपसन ने 1964 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले गए टेस्ट में अपना पहला शतक लगाया और अपनी पारी को तिहरे शतक में तब्दील किया था। ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मुकाबले में पारी की शुरुआत करते हुए उन्होंने 743 गेंदों का सामना करते हुए 311 रन बनाए थे। उनकी बदौलत इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी 656/8 के स्कोर पर घोषित की थी। हालांकि, ये मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

### इन भारतीय बल्लेबाजों ने लगाए दोहरे शतक



भारत की ओर से दिलीप सरदेसाई (बनाम न्यूजीलैंड, 1965), विनोद कांबली (बनाम इंग्लैंड, 1993), और मयंक अग्रवाल (बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2019) ही ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने अपने पहले शतक को दोहरे शतक में तब्दील किया था।

## खबर संक्षेप



### झेंग सर्जरी के कारण अमेरिकी ओपन से हटीं

**न्यूयॉर्क।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने कोहनी की चोट के कारण वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट अमेरिकी ओपन से नाम वापस ले लिया है। अमेरिकी ओपन में उनकी जगह फ्रांस की लेओलिया जीनजीन को मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है। चीन की 22 वर्षीय खिलाड़ी झेंग ने दो दिन पहले घोषणा की थी कि उनकी दाहिनी कोहनी में दर्द के कारण उन्हें लग रहा था कि उन्हें ठीक होने में महीनों लगेंगे, इसलिए यह सुनिश्चित हो गया था कि वह 24 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में भाग नहीं ले पाएगी। बता दें कि झेंग की कोहनी की आर्थोस्कोपिक सर्जरी हुई है।

### एसीसी उपाध्यक्ष पद के लिए पाक बेचैन, भारत ने किया बैठक का बायकॉट




**मैनचेस्टर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अपनी जिद पर अड़े रहना भारी पड़ सकता है। उसने बीसीसीआई के खिलाफ जाने का फैसला किया है और उसकी बार-बार की जा रही एक अपील को मान नहीं रहा। ऐसे में अब बीसीसीआई को दूसरे देशों का साथ भी मिल रहा है। श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ जाने का फैसला किया है। बांग्लादेश का दौरा एक साल के लिए स्थगित होने के बाद ढाका में एशियाई क्रिकेट परिषद की इस सप्ताह वार्षिक आम सभा (एजीएम) होनी थी लेकिन बीसीसीआई ने उस बैठक में नहीं शामिल होने का फैसला किया। अब भारत को इस मुद्दे पर श्रीलंका का भी साथ मिला है। बता दें कि इस बैठक में एसीसी उपाध्यक्ष पद का चयन भी होना है। वहीं अफगानिस्तान से भी बीसीसीआई की बात चल रही है। सूत्रों ने बताया कि बीसीसीआई की ओर से बार बार ढाका में एशियाई क्रिकेट परिषद की बैठक नहीं करने को कहा गया है, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस पर अड़े हुए हैं और कई तरह की शर्तें रख रहे हैं।

### हम्पी-दिव्या ने सेफा की पहली बाजी ड्रॉ खेली

**बातुमी (जॉर्जिया)।** ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने मंगलवार को यहां फिडे महिला विश्व कप सेमीफाइनल की पहली बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए चीन की टिंगजी लेई को आसान ड्रॉ पर रोक दिया जबकि दिव्या देशमुख ने मजबूत डिफेंस की बदौलत पूर्व महिला विश्व चैंपियन झोंगयी टैन के साथ अंक बांटे। दो भारतीय और दो चीन की खिलाड़ियों के अंतिम चार में पहुंचने के साथ महिला शतरंज में एशियाई खिलाड़ियों का दबदबा बरकरार रहा। दोनों भारतीयों ने काले मोहरों से ड्रॉ करके शानदार शुरुआत की है और दूसरी बाजी में दोनों सफेद मोहरों से खेलेंगी। अगर इस 6,91,250 अमेरिकी डॉलर इनामी प्रतियोगिता की अगली बाजियां भी ड्रॉ रहती हैं तो विजेता का फैसला करने के लिए कम समय के मुकाबले खेले जाएंगे।

**चौथा टेस्ट आज से,** एक भी टेस्ट इस मैदान में नहीं जीत सकी है भारतीय टीम

# अग्निपरीक्षा : ओल्ड ट्रैफर्ड में गिल ब्रिगेड उतरेगी जीत का इतिहास रचने, इंग्लैंड सीरीज जीतने लगाएगी दमखम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट आज 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली मेहमान टीम हर हाल में इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में बराबरी करने का प्रयास करेगी वहीं ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में टेस्ट जीतकर इतिहास रचेगी। वहीं इंग्लैंड की टीम इस मैच को जीतकर सीरीज पर कब्जा जमाने की पुरजोर कोशिश करेगी। भारत के लिए यही टेस्ट मैच अहम है क्योंकि इसी मैच में सीरीज का फैसला होना है। वर्तमान में भारतीय टीम 2-1 से पीछे चल रही है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम का प्रभावशाली प्रदर्शन रहा है और ऐसे में टीम आत्मविश्वास से लबरेज होगी लेकिन टीम को कैसे भी करके यह मुकाबला जीतना है ताकि बराबरी हो सके और अंतिम टेस्ट मैच रोचक हो।




### मैच में पड़ सकता है बारिश का खलल

मैनचेस्टर टेस्ट में बारिश का खलल देखने को मिल सकता है। मैच के पहले और 5वें दिन बारिश की सबसे ज्यादा संभावना है। इन 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस के रहने के उम्मीद है। इस बीच 26 जुलाई को भी बारिश की संभावना है।

### भारत के खिलाफ इंग्लैंड ने जीते हैं ज्यादा मैच

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 1932 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच अब तक 139 मुकाबले खेले गए हैं। 36 मुकाबलों में भारतीय टीम को जीत और 53 में हार मिली है। 50 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। इंग्लैंड की धरती पर दोनों टीमों ने 70 मैच खेले गए हैं। 10 मैच में भारतीय टीम को जीत मिली है और 38 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। 22 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

### भारत ने नहीं जीता इस मैदान में एक भी टेस्ट

भारत ने इस मैदान पर अब तक 1 भी टेस्ट नहीं जीता है और शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इस बार जीत के साथ नया इतिहास लिखने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने यहां अब तक 84 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान टीम को 33 मैच में जीत मिली है। इंग्लैंड को सिर्फ 15 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। उसने यहां 36 मुकाबले ड्रॉ खेले हैं। भारत ने इस मैदान पर 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 4 मैच में उसे हार मिली है। इसके अलावा 5 मैच ड्रा रहे हैं। भारत का इस मैदान पर सर्वोच्च स्कोर 432 रन रहा है।

### तेज गेंदबाजों के लिए मददगार है पिच

ऐतिहासिक रूप से ओल्ड ट्रैफर्ड की पिच पर खतरनाक उछाल देखने को मिलता रहा है। यह पिच पारंपरिक रूप से तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती थी। हालांकि, पिछले कुछ समय में यहां की पिच पर बल्लेबाजों के लिए आसानी हुई है। हाउस्टेट के मुताबिक, यहां पहली पारी का औसत स्कोर 324 रन है। इस मैदान पर हासिल किया गया सर्वोच्च लक्ष्य 294 रन है, जो इंग्लैंड ने 2008 में न्यूजीलैंड के खिलाफ किया था।

**प्रथम श्रेणी क्रिकेट**

# अंशुल सहित इन तेज गेंदबाजों ने चटकाए एक पारी में पूरे 10 विकेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज का चयन पहली बार भारत की सीनियर टीम में हुआ है। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक पारी में सभी 10 विकेट चटका चुके हैं। अब तक टेस्ट क्रिकेट में चुनिंदा गेंदबाजों ने एक पारी में सभी 10 विकेट लेने का कारनामा किया है। इस बीच उन भारतीय तेज गेंदबाजों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किसी पारी में सभी 10 विकेट लिए हैं।



### प्रेमंगसू चटर्जी

बंगाल के प्रेमंगसू चटर्जी यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज थे। उन्होंने रणजी ट्रॉफी 1956-57 में असम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। चटर्जी ने 19 ओवरों में 20 रन देकर 10 विकेट लिए थे, जिससे बंगाल के पहली पारी के 505/10 के स्कोर के जवाब में असम की टीम सिर्फ 54 रन पर ढेर हुई थी। हालांकि, वह दूसरी पारी में कोई विकेट नहीं ले सके और बंगाल ने पारी के अंतर से मैच जीता था।

### प्रदीप सुंदरम

राजस्थान के पूर्व खिलाड़ी प्रदीप सुंदरम भी इस सूची में शामिल हैं। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 1985 में जोधपुर में विदर्भ के खिलाफ रणजी मैच की पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया था। सुंदरम ने 22 ओवरों में 78 रन देकर 10 विकेट लिए थे।

### देबाशीष मोहंती

ओडिशा की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले देबाशीष मोहंती भी ये कारनामा कर चुके हैं। दाएं हाथ के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने वेस्ट जोन की ओर से खेलते हुए 2001 में दलीप ट्रॉफी में साउथ जोन की पहली पारी में 46 रन देते हुए सभी 10 विकेट लिए थे।

### अंशुल कंबोज

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने रणजी ट्रॉफी 2024-25 में केरल क्रिकेट टीम के खिलाफ उनकी पहली पारी में सभी विकेट लिए थे। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 30.1 ओवर में 49 रन देते हुए ये सफलताएं हासिल की थी।

**चाइना ओपन**

# प्रणय पांच मैच प्वाइंट बचाकर अगले दौर में, लक्ष्य सेन बाहर



एजेंसी ▶▶| चांग्झू

भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने पांच मैच प्वाइंट बचाए और एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां जापान के कोकी वतनबे को हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन फिर से पहली बाधा पार नहीं कर पाए। विश्व के 35वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने 18वें नंबर के वतनबे के खिलाफ 8-21, 21-16, 23-21 से जीत हासिल की। लक्ष्य का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अच्छी शुरुआत के बावजूद चीन के पांचवें वरीय ली शि फेंग से 21-14, 22-24, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### कॅरियर के इस पड़ाव पर जीत जरूरी थी : प्रणय

प्रणय ने मैच के बाद कहा, ''मेरे करियर के इस पड़ाव पर, हर जीत मायने रखती है। मैं टूर पर वापस आकर खुश हूं। खेल का स्तर वास्तव में काफी बेहतर हो गया है और आपको शुरू से ही कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। अब हर राउंड जीतना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा, ''पुरुष एकल में औसत आयु अचानक 22-23 वर्ष हो गई है। बहुत सारे नए चेहरे हैं और आप वास्तव में नहीं जानते कि उनका खेल कैसा है। अब अनुभव बहुत ज्यादा मायने नहीं रखता है।

### दूसरे गेम के बाद बनाई बढ़त

भारतीय खिलाड़ी की पहले गेम में जापान के खिलाड़ी के सामने एक नहीं चली लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने अच्छी वापसी करके मैच को बराबरी पर ला दिया। तीसरा और निर्णायक गेम काफी रोमांचक रहा। प्रणय आखिरी गेम में 2-11 से पीछे थे, लेकिन फिर उन्होंने लगातार पांच अंक लेकर अंतर कम कर दिया। फिर भी 15-20 के स्कोर पर जापान के खिलाड़ी के पास पांच मैच प्वाइंट थे। भारतीय खिलाड़ी ने इन सभी मैच प्वाइंट को बचाकर 21-20 की मामूली बढ़त हासिल कर ली और आखिर में यादगार जीत दर्ज की।

### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय पहले ही दौर में चीनी ताइपे की लिन हि्सयांग ती से 23-21, 11-21, 10-21 से हारकर बाहर हो गईं। ए सूर्या और ए प्रमुथेश तथा रोहन कपूर और रुथविका गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ियां भी अपने शुरुआती दौर के मैच हार गईं।

# एरिगैसी-गुजराती होंगे चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में मुख्य आकर्षण

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और अनीश गिरी छह अगस्त से यहां शुरू हो रहे चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के मुख्य आकर्षण होंगे। भारत के सबसे प्रतिष्ठित क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट में मास्टर्स और चैलेंजर्स श्रेणियों के 20 खिलाड़ी भाग लेंगे।

इस प्रतियोगिता की इनामी राशि एक करोड रुपए है। मास्टर्स श्रेणी में एरिगैसी, गुजराती और गिरी के अलावा जॉर्डन वान फॉरेस्ट, लियांग अवॉन्डर, विंसेंट कीमर, रे रॉबसन, व्लादिमीर फेडोसेव और प्रणव वी शामिल होंगे।



### चैलेंजर्स श्रेणी में ये खिलाड़ी होंगे शामिल

चैलेंजर्स श्रेणी में कार्तिकियन मुरली, लियोन मेंडोंका, वैशाली आर, हरिका द्रोणावल्ली, अभिमन्यु पुराणिक, आर्यन चोपड़ा, अधिबान बस्करन, इनियान पी, दीप्तायन घोष और प्रणेश एम शामिल होंगे। मास्टर्स चैंपियन को 25 लाख रुपये मिलेंगे, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को क्रमशः 15 लाख रुपये और 10 लाख रुपये मिलेंगे। चैलेंजर्स के विजेता को सात लाख रुपये और अगले साल मास्टर्स में जगह मिलेगी।

# वैष्णवी सेफा में, विश्व विश्वविद्यालय खेलों में टेनिस का पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय

भाषा ▶▶| बर्लिन

भारत ने टेनिस में पदक पक्का कर लिया है जब वैष्णवी अडकर ने मंगलवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय खेलों के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई जबकि विभिन्न खेलों में देश के अधिकांश खिलाड़ी छाप छोड़ने में नाकाम रहे। बीस वर्षीय वैष्णवी ने महिला एकल क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्थानीय दावेदार सिना हरमन को 6-1, 6-4 से हराया। बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में उनका सामना स्लोवाकिया की एस्टर मेरी से होगा। वैष्णवी विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पदक जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय बनेंगी। इससे पहले 1979 में मेक्सिको सिटी में नंदल बल ने पुरुष एकल में रजत पदक जीता था। नियमों के अनुसार विश्व विश्वविद्यालय खेलों की टेनिस प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक दिए जाते हैं। वैष्णवी का पदक मंगलवार को भारत के लिए एकमात्र सकारात्मक पहलू रहा जिसे एक और पदक रहित दिन का सामना किया। भारत ने बैडमिंटन मिश्रित टीम स्पर्धा के जरिए अब तक केवल एक पदक जीता है जबकि खेलों का आधा सफर तय हो चुका है। तैराकी में श्रीहरि नटराज पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 23.06 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट जीतने के बावजूद सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गए। वह कुल मिलाकर 28वें स्थान पर रहे। नितिक नथेला (पुरुषों की 200 मीटर बैकस्ट्रोक), नीना वेंकटेश और लतिशा मंदाना (महिलाओं की 50 मीटर फ्रीस्टाइल), दिव्यंका प्रधान और नागा वासुपल्ली (महिलाओं की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक) भी सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। श्रीहरि, अनीश, शिवांक और शोआन की पुरुषों की चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीम हीट में सातवें स्थान पर रहने के बाद फाइनल में पहुंचने में असफल रही। तीरंदाजी में एशियाई खेलों की टीम स्वर्ण पदक विजेता परनीत कौर ने भारतीय चुनौती का नेतृत्व किया और महिला कंपाउंड रैंकिंग दौर में 701 अंकों के साथ दक्षिण कोरिया की येरिन पार्क को एक अंक से पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

**विभिन्न देशों की शीर्ष टीमें लेती हैं हिस्सा**

# चैंपियंस लीग में सीएसके सहित इन टीमों ने जीते हैं खिताब

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

अगले साल सितंबर से पुरुषों की टी-20 चैंपियंस लीग फिर से शुरू होगी। यह टूर्नामेंट लगभग 1 दशक बाद वापसी के लिए तैयार है। बता दें कि आखिरी बार 2014 में यह लीग खेली गई थी, जिसमें विभिन्न देशों की शीर्ष टीमें हिस्सा लेती हैं। भारत की चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इसका खिताब जीत चुकी हैं। इस बीच चैंपियंस टी-20 लीग के उन संस्करणों के बारे में जानते हैं, जिनमें भारतीय टीमें विजेता बनीं थीं।



### चेन्नई सुपरकिंग्स (2010)

चेन्नई सुपर किंग्स ने चैंपियंस लीग के दूसरे संस्करण का खिताब अपने नाम किया था। जोहान्सबर्ग में खेले गए फाइनल में **CSK** ने दक्षिण अफ्रीका की वारियर्स टीम को 8 विकेट से हराया था। खिताबी मुकाबले में वारियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के बाद 128/7 का स्कोर बनाया था। जवाब में **CSK** ने मुरली विजय की 58 रन की पारी की मदद से 6 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल किया था।




### मुंबई इंडियंस (2011)

चैंपियंस लीग के तीसरे संस्करण का खिताब **MI** ने जीता था। दिलचस्प रूप से 2011 में फाइनल मैच 2 भारतीय टीमों के बीच खेला गया था। फाइनल में एमआई ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 31 रन से हराया था। चेन्नई में हुए उस मैच में एमआई ने पहले खेलते हुए जेम्स फ्रेंकलिन के 41 रन की मदद से 139 रन बनाए थे। जवाब में आरसीबी की टीम 108 रन पर सिमट गई थी।

### मुंबई इंडियंस (2013)

सन 2013 में एक बार फिर एमआई ने इस खिताब को जीतने में सफलता हासिल की थी। चैंपियंस लीग के इतिहास में एमआई की टीम 1 से अधिक खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी थी। दिल्ली में खेले गए फाइनल में एमआई ने राजस्थान रॉयल्स को 33 रन से हराया था। अरुण जेटली स्टेडियम में हुए मुकाबले में एमआई ने 202/6 का स्कोर बनाया था। जवाब में आरआर की पारी 169 रन पर सिमट गई थी।

### चेन्नई सुपरकिंग्स (2014)

सन 2014 में खेले गए संस्करण में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में सीएसके की टीम विजेता बनी थी। फाइनल में सीएसके ने केकेआर को 8 विकेट से हराया था। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए मैच में आरसीबी ने 180/6 का स्कोर बनाया था। जवाब में सीएसके की टीम ने सुरेश रैना के शतक की मदद से 18.3 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था। रैना ने 62 गेंदों में नाबाद 109 रन बनाए थे।




62 साल की सेवा के बाद सितंबर में होगी मिग-21 की विदाई

# 19 सितंबर 2025 को चंडीगढ़ एयरबेस पर आयोजित किया जाएगा एक विशेष समारोह, सबसे लंबी सेवा दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



तारीख और दिन तय हो चुका है...जब भारतीय वायुसेना अपने पुराने और ऐतिहासिक मिग-21 लड़ाकू विमान की तीसरी 'नंबर 23 स्क्वाड्रन (पैंथर्स)' को अंतिम विदाई देगी। इस बाबत 19 सितंबर 2025 को राजधानी दिल्ली से सटे बल के चंडीगढ़ एयरबेस पर एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा।

रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। वायुसेना ने मौजूदा साल के अंत तक उसके जंगी बेड़े में शामिल मिग-21 विमानों की चार स्क्वाड्रन (कुल करीब 72 लड़ाकू विमान शामिल) को सेवानिवृत्त करने का निर्णय लिया था। पूर्व में इसकी दो स्क्वाड्रन (नंबर-4 उरियल्स और नंबर 51 स्वार्ड ऑर्म्स) वायुसेना की सेवा से बाहर की जा चुकी हैं। 23 स्क्वाड्रन वर्तमान में सूरतगढ़ में तैनात है। इसके अलावा मिग-21 की एक अन्य स्क्वाड्रन नंबर 3 कोब्रास राजस्थान के नाल एयरबेस पर तैनात है। मौजूदा साल में मिग-21 लड़ाकू विमानों की चारों स्क्वाड्रन के सेवा से बाहर होने के बाद वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की कुल स्क्वाड्रन की संख्या 29 रह जाएगी। जो 1965 के युद्ध से भी कम है। जानकारों की राय में चीन और पाकिस्तान की सीमा से दो मोर्चों पर मिल युद्ध की चुनौती के बीच वायुसेना को कुल करीब 42 स्क्वाड्रन होनी चाहिए।

### भारत का पहला सुपरसोनिक जेट

भारत ने मिग-21 लड़ाकू विमान को चीन के साथ 1962 में हुई लड़ाई के ठीक अगले साल 1963 में तत्कालीन सोवियत संघ (वर्तमान में रूस) से खरीदकर वायुसेना में शामिल किया था। जिसके बाद करीब छह दशक से लंबे अपने सेवाकाल में यह लड़ाकू विमान 1965, 1971 और 1999 के युद्ध और 2019 की बालाकोट एयरस्ट्राइक और 2025 की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में प्रमुखता से शामिल रहा है। साथ ही ये वायुसेना का एकलौता लड़ाकू विमान है, जिसने 62 वर्षों तक सेवा दी है।

जो विमानन क्षेत्र का एक अविश्वसनीय रिकॉर्ड बन गया है। बालाकोट एयर स्ट्राइक में तत्कालीन विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान ने इसी मिग-21 विमान से पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराया था। वहीं, 1967 से इस विमान का भारत में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा लाइसेंस के आधार पर उत्पादन जारी था। मिग-21 बायसन के रूप में इसका उन्नत संस्करण भी तैयार किया गया था। भारत ने 650 मिग-21 विमानों का प्रयोग किया है। जिसमें 600 का उत्पादन एचएएल ने किया है।

### बढ़ती दुर्घटनाओं के कारण बना 'उड़ता ताबूत'

शुरुआती दौर में मिग-21 की ट्रैक रिकॉर्ड शानदार रहा। लेकिन बीते कुछ दशकों में एक के बाद एक हुए हादसों की वजह से इसे उड़ता ताबूत यानी फ्लाइंग कॉफिन तक कहा जाने लगा। 62 वर्षों के दौरान करीब 400 मिग-21 विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए, 200 से ज्यादा पायलट और 50 नागरिक मारे गए। 2010 के बाद भी मिग-21 लड़ाकू विमानों की 10 दुर्घटनाएं सामने आई थीं। बताते चलें कि वायुसेना की योजना मिग-21 लड़ाकू विमानों को स्वदेशी तेजस मार्क1ए विमान से बदलने की थी।

लेकिन एचएएल द्वारा तेजस विमानों की डिलीवरी में हो रही देरी की वजह से बल को लंबे वक्त तक मिग-21 का प्रयोग करना पड़ा। बीते समय में यह जानकारी सामने आई थी कि अमेरिका से तेजस के इंजनों की आपूर्ति में कुछ गति देखने को मिली है। जिससे ये उम्मीद की जा सकती है कि जल्द ही एचएएल द्वारा वायुसेना को विमानों की आपूर्ति की शुरुआत की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### श्रीलंका ने 4 भारतीय मछुआरों को पकड़ा



**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने मन्नार के निकट द्वीपीय देश के जलक्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ रहे चार भारतीय मछुआरों को पकड़ लिया और उनकी नौका जब्त कर ली। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, उत्तर मध्य नौसेना कमान ने सोमवार को मछली पकड़ने वाली कई भारतीय नौकाओं को श्रीलंकाई जलक्षेत्र में घुसपैठ करते देखा। उन्हें खदेड़ने के लिए गश्ती जहाजों को तैनात किया गया। इस दौरान एक भारतीय नौका को रोका गया और चार मछुआरों को हिरासत में ले लिया गया।

### ईरान के राष्ट्रपति 26 को पाकिस्तान की यात्रा करेंगे



**इस्लामाबाद।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन हालिया क्षेत्रीय संघर्षों की पृष्ठभूमि में द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए शनिवार को पाकिस्तान की यात्रा करेंगे। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को अपने ईरानी समकक्ष एस्कंदर मोमेनी के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान इस आगामी यात्रा पर चर्चा की। 'रेडियो पाकिस्तान' के अनुसार, मोमेनी ने नकवी को फोन कर पाकिस्तान में बाढ़ से हुए जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया।

### ट्रंप का 24 घंटे में यूक्रेन-गाजा जंग खत्म कराने का वादा पूरा नहीं



**वॉशिंगटन।** 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को अपने कार्यकाल के 6 महीने पूरे कर लिए। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने वादा किया था कि वे गाजा और यूक्रेन युद्ध को '24 घंटे में खत्म' करा देंगे। लेकिन अब तक न तो रूस-यूक्रेन युद्ध थमा है और न ही गाजा पट्टी में इजराइल-हमास संघर्ष। यूक्रेन में अब भी लड़ाई जारी है, जबकि गाजा में अभी तक 58 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद पहले छह महीनों में ट्रम्प का मुख्य फोकस वैश्विक व्यापार नीति पर रहा। उन्होंने चीन पर 60 प्रतिशत टैरिफ, वियतनाम पर 25प्रतिशत, और यूरोपीय कारों पर 40 प्रतिशत टैक्स लगाया।

आखिरकार रंग लाई ब्रिटेन के इंजीनियरों की 37 दिनों की कड़ी मेहनत

# केरल से हुई एफ-35-बी लड़ाकू विमान की सुरक्षित ब्रिटेन वापसी

तकनीकी खामी के चलते 14 जून को तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर की गई थी आपातकालीन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बीते 37 दिनों से खड़ा एफ-35-बी स्टेल्थ लड़ाकू विमान मरम्मत और जरूरी सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद आखिरकार मंगलवार सुबह ब्रिटेन रवाना हो गया है। पूर्व में अरब सागर में एक युद्धाभ्यास के दौरान भरी गई उड़ान के बीच आई तकनीकी खामी की वजह से 14 जून से यह विमान केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़ा था। भारत में ब्रिटेन के उच्चायोग के प्रवक्ता ने एक बयान में यह जानकारी दी।

जिसमें बताया कि ब्रिटेन की नौसेना के एफ-35-बी लड़ाकू विमान ने तिरुवनंतपुरम से ऑस्ट्रेलिया के डार्विन के लिए उड़ान भरी। विमान में आई गड़बड़ी को दूर करने के लिए ब्रिटेन से इंजीनियरों की टीम ने 6 जुलाई से केरल में डेरा डाला हुआ था। उनके द्वारा की जा रही व्यापक मरम्मत और सुरक्षा जांच का काम पूरा होने के बाद ही विमान को पुनः सक्रिय सेवा में लौटने के कहा गया है। जिसके साथ ही उसकी ब्रिटेन रवानगी की गई। विमान ब्रिटेन के विमानवाहक युद्धपोत एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स का हिस्सा है। अरब सागर में एक नियमित युद्धाभ्यास के दौरान इसके हाइड्रॉलिक सिस्टम और ऑक्सीलरी पावर यूनिट में आई तकनीक गड़बड़ी की वजह से इसे केरल में लैंड करना पड़ा था। जिसके बाद जटिल मौसम की वजह से यह युद्धपोत तक नहीं पहुंच सका। विमान को केरल में लैंड करने में वायुसेना के एकीकृत एयर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम (आईएसीसीएस) ने मदद की थी।

### पीएम की ब्रिटेन यात्रा से पहले लौटा एफ-35

यहां बता दें कि एफ-35-बी की घर वापसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा से ठीक एक दिन पहले हुई है। पीएम 23 से 26 जुलाई को ब्रिटेन और मालदीव जैसे दुनिया के दो देशों की यात्रा पर रवाना होंगे। जहां ब्रिटेन में उनकी यात्रा का एक सबसे आकर्षक पहलू भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर से जुड़ा हुआ है।

### भारत का जताया आभार

उच्चायोग के बयान के मुताबिक, विमान की मरम्मत और संबंधित जांच की प्रक्रिया के दौरान किए गए सहयोग के लिए ब्रिटेन ने भारत के प्राधिकारियों के सहयोग के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया है। साथ ही भारत के साथ लगातार अपनी रक्षा भागीदारी को मजबूत बनाने पर जोर दिया है। वहीं, सूत्रों ने बताया कि उड़ान से पहले विमान को हैंगर से बाहर एयरपोर्ट-बे की तरफ लाया गया था। तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर मरम्मत कार्य पूरा होने तक यह विमान हैंगर में खड़ा रहा। एफ-35-बी की मरम्मत में शामिल रहा 14 सदस्यीय इंजीनियरों का दल विशेष ग्लोबमास्टर विमान से बुधवार को ब्रिटेन रवाना होगा।

### लैंडिंग चार्ज, किराए का किया भुगतान

तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे के सूत्रों ने कहा कि ब्रिटेन ने विमान के लैंडिंग चार्ज, प्रतिदिन का किराया और पार्किंग फीस के रूप में करीब 5 से 6 लाख का भुगतान किया गया है। लेकिन यह भुगतान एयर इंडिया को किया गया है। उसके बारे में कोई पुख्ता सूचना नहीं है। एफ-35-बी दुनिया का एक बेहद आधुनिक लड़ाकू विमान है। जिसकी अनुमानित कीमत 110 मिलियन डॉलर है। इसके लंबे वक्त तक केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़े रहने की वजह से घरेलू और वैश्विक सोशल मीडिया मंचों पर कई मीम्स भी बने थे। जिससे ब्रिटेन की नौसेना की काफी किरकिरी भी हुई थी।

मंत्री जितिन ने लोस में दी जानकारी

# भारत, अमेरिका में व्यापार समझौते के लिए 5वें दौर की वार्ता हो गई पूरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ लिखित जवाब में दी जानकारी

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत मार्च 2025 में शुरू की गई थी और अब तक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। यह जानकारी मंगलवार को संसद को दी गई। इसी प्रकार, प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच अब तक बारह दौर की वार्ता हो चुकी है। अंतिम दौर 7-11 जुलाई को ब्रुसेल्स में आयोजित किया गया था। वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा, भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर वार्ता मार्च 2025 में शुरू की गई थी।

### अंतिम वार्ता वॉशिंगटन में हुई

*वार्ता के पांच दौर हो चुके हैं, जिनमें से अंतिम वार्ता 14-18 जुलाई, 2025 को वाशिंगटन में हुई थी। एक अलग प्रश्न का उत्तर देते हुए, मंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में बौद्धिक संपदा (आईपी) फाइलिंग 2020-21 में 4,77,533 से 44 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 6,89,991 हो गई है। सबसे अधिक वृद्धि भौगोलिक संकेत (जीआई) में 380 प्रतिशत की वृद्धि के साथ देखी गई, इसके बाद डिजाइन (266 प्रतिशत), पेटेंट (180 प्रतिशत), कॉपीराइट (83 प्रतिशत), ट्रेडमार्क (28 प्रतिशत) और सेमीकंडक्टर इंटीग्रेटेड सर्किट लेआउट-डिजाइन (एसआईसीएलडी) में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हस्तशिल्प, कृषि और खाद्य जैसे क्षेत्रों में अब तक 697 जीआई पंजीकरण जारी किए जा चुके हैं*

### 26 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ को हटाने की मांग

सरकार 26 प्रतिशत की अतिरिक्त टैरिफ को हटाने की मांग कर रही है। इसके अलावा, स्टील और एल्यूमीनियम पर 50 प्रतिशत और ऑटो सेक्टर पर 25 प्रतिशत टैरिफ को कम करने की भी कोशिश कर रही है। कुछ किसान संगठनों ने सरकार से अनुरोध किया है कि व्यापार समझौते में कृषि से जुड़े मुद्दों को शामिल न किया जाए। भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में श्रम-आधारित क्षेत्रों जैसे कपड़ा, रत्न और आभूषण, चमड़ा, कपड़े, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले के लिए टैरिफ में छूट की मांग भी कर रहा है।

रूसी फ्यूल पर भारत की दो टूक

# हम वही करेंगे जो हमें करना चाहिए




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिटेन का दौरा करने वाले हैं। इससे पहले यूरोपीय यूनियन की ओर से रूस के तेल पर लगाए गए प्रतिबंधों पर भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है। भारत ने कहा है कि हम वही करेंगे, जो हमें करना है। दरअसल, मंगलवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत पर बढ़ रहे पश्चिमी दबाव के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब दिए। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि भारत की ऊर्जा जरूरतें सबसे पहले आती हैं। उन्होंने कहा, जहां तक ऊर्जा का सवाल है तो हम इस बात पर बहुत स्पष्ट हैं कि भारत के लोगों को ऊर्जा देना भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस संबंध में जो करने की जरूरत होगी, वही करेंगे।

### संतुलन बनाना बेहद जरूरी

हम समझते हैं कि यूरोप एक महत्वपूर्ण और गंभीर समस्या से जूझ रहा है, लेकिन बाकी दुनिया भी इससे जूझ रही है। वह उन मुद्दों से भी जूझ रही है जो बाकी दुनिया के लिए अस्तित्वगत हैं और मुझे लगता है कि इन मुद्दों पर बात करते समय संतुलन और दृष्टिकोण बनाए रखना जरूरी है।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा- अवैध गतिविधियां बर्दाश्त नहीं

# ब्रिटेन में पीओके के फर्जी दस्तावेजों से वीजा हासिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) क्षेत्र के प्रवासी ब्रिटेन में वीजा हासिल करने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ब्रिटेन की मीडिया जांच में यह दावा किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये लोग ब्रिटेन में प्रवेश करके देश में शरण के लिए आवेदन कर रहे हैं।

एक गुप्त जांच से पता चला कि यह प्रवासी गलत जानकारी से भरे वीजा आवेदनों के लिए 50,000 पाउंड तक का भुगतान कर रहे हैं। एक आवेदन जो ब्रिटेन के होम ऑफिस को भेजा गया था और अखबार ने हासिल किया।

ब्रिटेन में शरण के लिए आवेदन कर रहे | 50,000 पाउंड में मिल रहे फर्जी वीजा




### सख्ती से आवेदनों में आई 40% की कमी

*प्रवक्ता ने कहा कि पिछले साल वीजा आवेदनों में 40 प्रतिशत की कमी आई है। हमने लगभग 30,000 ऐसे लोगों को हटाया है जिनका यहां रहने का कोई अधिकार नहीं था और अवैध काम के लिए छापेमारी में गिरफ्तारियां 51 प्रतिशत बढ़ गई हैं। हम उन पंजीकृत सलाहकारों और संगठनों को तुरंत निलंबित करने के लिए नए अधिकार भी दे रहे हैं जिन पर व्यवस्था का सबसे ज्यादा दुरुपयोग करने का संदेह है। ब्रिटेन के कानून के तहत, विदेशों में फर्जी वीजा उपलब्ध कराने वाले किसी भी व्यक्ति की रिपोर्ट एक्शन फ्रॉड को की जा सकती है और राष्ट्रीय धोखाधड़ी खुफिया ब्यूरो द्वारा खुफिया जानकारी का विश्लेषण किया जाता है।*

### पाकिस्तानी करते हैं सबसे अधिक वीजा आवेदन

ब्रिटेन में शरण मांगने वाले लोगों की सूची में पाकिस्तानियों की संख्या सबसे अधिक है। इसके बाद अफगानिस्तान, ईरान और बांग्लादेश का स्थान है। हालांकि, अवैध रूप से छोटी नावों के जरिए ब्रिटेन पहुंचने वालों शीर्ष देशों में शामिल नहीं हैं। इमिग्रेशन वकील हरजप भंगल के हवाले से कहा गया कि उन्हें छोटी नावों से आने की जरूरत नहीं है क्योंकि वे वीजा पर आते हैं। वे वीजा पर आने वाले सबसे बड़े समूहों में से एक हैं और वापस नहीं जाते।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109